

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

TITLE CODE :UPHIN49919

# दैनिक समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 01 अंक: 278 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 16 जुलाई 2022 vatankiawaz@gmail.com पेज: 12 मूल्य 05 रुपया


## पाल धर्मशाला में कोविड टीकाकरण शिविर का आयोजन

(हरेश उपाध्याय) दिल्ली:-आज उत्तर पूर्वी दिल्ली के दयालपुर विस्तार ए-बी ब्लॉक विकास समिति (पंजी०) के तत्वावधान में पाल धर्मशाला में कोविड टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। प्रातः 10 बजे से सांय 4 बजे तक चले टीकाकरण शिविर में बारह वर्ष से ऊपर के सभी आयु वर्ग के लोगों का टीकाकरण किया गया। विकास समिति के महामंत्री इंद्रजीत पाली ने बताया कि इस टीकाकरण अभियान में 90 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया।नेहरू विहार डिस्पेंसरी के डॉ. अवनीश मावी के नेतृत्व में वेक्सीनेटर मंजू, उमेश, मुस्कान व अरुण ने टीकाकरण कर कार्यक्रम को सफल बनाया। दयालपुर विस्तार ए-बी ब्लॉक विकास समिति (पंजी०) के अध्यक्ष अरुण शर्मा, महामन्त्री इन्द्रजीत पाली, रति राम, महेश पाली व गंगा प्रसाद आदि गणमान्य लोग भी सहयोगी के रूप में उपस्थित रहें।अंत में, टीकाकरण टीम का धन्यवाद अदा किया गया और जलपान कराकर शिविर का समापन कराया गया।



## सुल्तानगंज के नमामि गंगे घाट पर हंसराज रघुवंशी ने भजनों की प्रस्तुति से बांधा समा।

भागलपुर समाज जागरण भागलपुर प्रमंडलीय व्यूरो राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी

### *मेरा भोला है भंडारी करे नंदी की सवारी गीतों पर श्रोता खूब थिरकते दिखे*

एंकरः विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले का उद्घटान हुआ और उद्घाटन बाद पर्यटन विभाग की ओर से भव्य कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। जिसमें मेरा भोला है भंडारी समेत कई बेहतरीन गानों पर अपनी प्रस्तुति देने वाले



हिमाचल के गायक हंसराज रघुवंशी ने देर रात तक समा बांध दिया। उनके गीतों का आनंद उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, राजस्व मंत्री रामसूरत राय समेत कई विधायकों व अधिकारियों ने लिया। एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुति से सुलतानगंज अजगैबीनाथ धाम मानो दो साल बाद फिर से चमक उठा हो। बात दें कि पर्यटन विभाग की ओर से सुलतानगंज में हर रोज सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कराया जाएगा। वहीं हर सोमवार की रात राष्ट्रीय स्तर के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

## ब्रह्मा कुमारीज संस्था बरेली द्वारा खुशलोक हॉस्पिटल में आज एक सम्मान समारोह कार्यक्रम किया आयोजित

समाज जागरण संवाददाता समाज जागरण ब्रह्मा कुमारीज संस्था बरेली द्वारा खुश्लोक अस्पताल हॉस्पिटल में आज एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें हॉस्पिटल से जुड़े तमाम डॉक्टर्स व समस्त स्टाफ को कोविड-19 में उनके द्वारा मरीजों के प्रति अथक प्रयासों का सराहनीय










योगदान को सराहा गया । संस्था की नीता बहन ने बताया कि ब्रह्मकुमारी संस्था 1936 में प्रारंभ हुई थी आज संस्था के 140 देशों में लगभग 5000 सेवा केंद्र द्वारा लाखों लोग जुड़े हैं संस्था की सहयोगी संस्था राजभोग एजुकेशन एवं रिसर्च फाउंडेशन के मेडिकल विभाग द्वारा देखा देशभर में ऐसे सम्मान कार्यक्रम आजादी के 75 वर्ष में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे हैं, जिन कार्यक्रमों के द्वारा कोविड-19 में डॉक्टर्स ब तन्वी टीम ने दिन रात मेहनत कर अपने जान की अपने परिवार के जान की परवाह ना करते हुए अनगिनत मरीजों की देखभाल कर उनकी जान बचाई । ऐसे डॉक्टर्स एवं उनकी टीम की भूमिका को शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता उन्हें इन कार्यक्रम के द्वारा सम्मानित किया जा रहा है । खुश्लोक हॉस्पिटल के डॉ विनोद पार्क रानी जी ने बताया कि बरेली में कोविड-19 के लिए सर्वप्रथम उन्हें अस्पताल उनके अस्पताल को ही चुना गया था उसमें अपनी टीम को उसके लिए पहले से ही तैयार कर लिया था स्टाफ बा मरीजों को के अंदर भय को समाप्त करने के लिए डॉक्टर ने स्वयं आगे रहकर मरीजों की देखभाल की जिससे उनकी टीम ने अच्छा सपोर्ट लिया और सफल रहे।

आजादी के 75 वर्ष में खुशियों का अस्पताल में के सभी डॉक्टर्स व समस्त स्टाफ को मिलाकर 75 लोगों को माउंट आबू अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय से आए में डलवा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए इस अवसर पर खुश लोक अस्पताल के डॉक्टर विनोद पार्क रानी डॉक्टर मुक्ता पार्क रानी डॉक्टर शशांक गुप्ता डॉक्टर प्रियंका डॉक्टर रजत अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा ब्रह्मकुमारी संस्था से आए भाई-बहन उपस्थित रहे जिन्होंने जिसमें विशेष रुप से नेहा बहन लवी बहन डॉक्टर रामकुमार रवि गुप्ता मोहित वर्मा अनूप भाई अशोक का सहयोग रहा कार्यक्रम का सफल संचालन रजनी बहन के द्वारा किया गया ।

# अदालत में रुबैया सईद ने कबूला, यासीन मलिक ने ही किया था अपहरण

***आज रुबैया सईद 1989 के अपने अपहरण से जुड़े मामले में शुक्रवार को सीबीआई की विशेष अदालत के सामने पेश हुईं. अपहरणकताओं ने उन्हें पांच आतंकवादियों की रिहाई के बदले आजाद किया था.***





जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी रुबैया सईद 1989 के अपने अपहरण से जुड़े मामले में शुक वार को सीबीआई की विशेष अदालत के सामने पेश हुईं. इस दौरान उन्होंने जेकेएलएफ प्रमुख यासीन मलिक और तीन अन्य की पहचान अपने अपहरणकताओं के रूप में की.

### 90 के दशक में चर्चित था यह मामला

यह पहली बार था, जब रुबैया को मामले में अदालत में पेश होने के लिए कहा गया था. अपहरणकताओं ने उन्हें पांच आतंकवादियों की रिहाई के बदले आजाद किया था. केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने तमिलनाडु में रहने वाली रुबैया को अभियोजन पक्ष के गवाह के रूप में सूचीबद्ध किया है. 1990 के दशक में इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई थी.

### आतंकी है यासीन मलिक

प्रतिबंधित संगठन जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) का प्रमुख यासीन मलिक इस मामले में एक आरोपी है. उसे हाल ही में आतंकवाद के वित्त पोषण से जुड़े एक मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी.

31 साल पुराने रूबिया सई के अपहरण के इस मामले में देश में हड़कंप मच गया था. इसके बदले में 5 आतंकियों को छोड़ना पड़ा था. उस वक्त सरकार को काफी आलोचना झेलनी पड़ी थी रूबिया के पिता मुफ्ती मोहम्मद सईद वीपी सिंह सरकार में गृहमंत्री थे.

## *जहानाबाद जिला जज ने दबिंग फाउंडेशन एकेडमी के बच्चों को यौन उत्पीड़न, बच्चों की तस्करी एवं बच्चों के साथ मित्रवत व्यवहार का पाठ पढ़ाया।*

दैनिक समाज जागरण जहानाबाद से (बरुण कुमार)

जहानाबाद जिला विधिक सेवा प्राधिकार भवन, में विशेष विधिक जागरूकता कार्यक्रमआयोजित किया गया। जिसका विषय यौनशोषण, मानव तस्करी , चाइल्ड फ्रेंडली लीगल सर्विसेज एबम बच्चों के सुरक्षा के लिए कानून के विषय पर चर्चा की गई। जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जहानाबाद डॉक्टर राकेश कुमार सिंह के अध्यक्षता में आयोजित की गई।जिसमे अनंदिता सिंह एडीजी 2 , राकेश कुमार रजक प्रभारी सी जी एम , सिम्मी कुजूर एस डी जी एम सह प्रभारी न्यायाधीश, आलोक कुमार चतुवेर्दी न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी,अजय कुमार न्यायिक दंडाधिकारी, द विंग्स फाउंडेशन अकादमी के डायरेक्टर सह एयर फोर्स के रिटायर्ड अधिकारी संतोष कुमार, जय प्रकाश वर्मा , हामिद हुसैन , मनोज कुमार दास एबम न्यायिक कर्मचारी उपस्थित थे। विधिक विशेषज्ञ न्यायिक दंडाधिकारी दंडाधिकारी आलोक कुमार चतुवेर्दी के द्वारा उपरोक्त विषय पर उपस्थित छात्र एवं छात्राओं को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। वहीं जिला जज डॉक्टर राकेश कुमार ने बच्चों को मूल मंत्र दिया और बताया बच्चे आप राष्ट्र निमार्ता हैं। आपको संविधान की जानकारी होनी चाहिए और आपको कोई भी काम ऐसा नहीं करना चाहिए जिससे आपके माता-पिता या किसी व्यक्ति को दुख हो। क्योंकि कीचड़ में पैर डालने से खुद अपना पैर गंदा होता है इसलिए आप लोग कानून के बारे में जाने ।यदि कोई व्यक्ति आपको किसी प्रकार की से कठिनाई पहुंचाता है। चाहे स्कूल में आने वाली





समस्या हो चाहे शिक्षा संबंधित मे कोई समस्या आ रही हो तो आप प्रार्थना पत्र देकर हमें सूचित कर सकते हैं । बच्चों को संरक्षित करने के लिए हमारे नेशनल टीम ने जो स्कीम बनाई है। जैसे यौन शोषण और बच्चों की तस्करी तथा बच्चों के साथ कैसे मैत्रीपूर्ण व्यवहार किया जाए इस बारे में उन्होंने बच्चों को बताया । आपको अपना दृढ़शक्ति को मजबूत करना है। आप को आत्मनिर्भर बनना है उन्हें उन्होंने देश के बहुत सारे विभूतियों का उदाहरण देकर जैसे एपीजे अब्दुल कलाम के बारे में जैसे काफी सारे धरोहर के बारे में बच्चों को उदाहरण देकर समझाया । प्रेरणादायक भाषण के द्वारा जैसे बच्चों को निराशा से दूर रहने के लिए उन्होंने बोला कि नर हो न निराश करो, मन को कुछ काम करो। जग में रहकर कुछ नाम करो। जब कभी आप अपने आपको निराशा महसूस करना तो बस पढ़ने में लग जाना। आपकी सारी निराशा दूर हो जाएगी ।मां बाप की जो उम्मीदें होती है उसको पूरा करना है। मां बाप बहुत मुश्किल से बच्चों की पढ़ाई कराते हैं। उनसे बहुत उम्मीद रहती है वही उन्होंने शिक्षा और दीक्षा की बात की। जैसा कि उन्होंने कहा कि ब्राजील के हिटलर थे उनमें शिक्षा तो थी लेकिन उनमें दीक्षा नहीं थी। उन्होंने शिक्षा और दीक्षा की बात जो पहले गुरुकुल और गुरु शिष्य की जो परंपरा थी उसी परम्परा को निर्वाह करने करने की बात बच्चों के सामने रखी । बच्चों की मिलने वाली सुविधा जैसे कमजोर वर्ग के बच्चों को आरटीआई की तरफ से 6 वर्ष से 14 वर्ष तक फ्री शिक्षा एबम 51 अ में दिए गए उनके अधिकार के बारे में भी बताया । उन्होंने बच्चों को मौलिक अधिकार के साथ-साथ कर्तव्य का भी पाठ पढ़ाया और बताया कि जितना जरूरी अधिकार हैं। उतना ही कर्तव्य भी होनी चाहिए और जब तक आप अपने कर्तव्य को पूरा नहीं करेंगे। तब तक एक सशक्त राष्ट्र की निर्माण नहीं कर सकते हैं ।बच्चे काफी उत्साहित दिखे ।उन्होंने बच्चों को बताया कि बच्चे आप देश के धरोहर हैं और यह देश आपका है। अभी हाल फिलहाल कोरोना के समय में हम लोग ऑक्सीजन की कमी से जूझे हैं और इस कमी को पूरा करना है। आप सभी को आगे आना होगा और वृक्षारोपण जैसे शुभ कार्य जो अपने के साथ-साथ दूसरे का भी भला हो। ये पुनीत कार्य आप सभी को करना चाहिए। बच्चे काफी उत्साहित दिखे उन्होंने सारे बच्चों को आशीर्वाद दिया तथा बच्चों ने एक कोर्ट कैंपस में वृक्षारोपण किया ।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही है सीओं रितु महेश्वरी: श्याम किशोर गुप्ता

**नोएडा समाज जागरण**

वर्तमान में नोएडा के सीओ महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही है। रेहड़ी पटरी संचालक वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री श्याम किशोर गुप्ता नें कहा है कि जिस प्रकार से भारत के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महिलाओं को सशक्त, स्वाबलंवी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न कदम उठाए है उसी प्रकार से नोएडा प्राधिकरण के वर्तमान सीओ रितु महेश्वरी नें महिलाओं को रोजगार करने के लिए एक निश्चित जगह देकर आत्मनिर्भर बना रही है जो कि एक सराहनीय पहल है। पिछले 5 सालों में महिलाओं के लिए विभिन्न योजनाओं को कार्यान्वित किया गया है जिसमें पिंक वेंडिंग जोन, पिंक टायलेट प्रमुख है।

इसके साथ ही रेहड़ी पटरी वालों के लिए भी वेंडिंग जोन की व्यवस्था की गई है और जहाँ नही है वहाँ पर भी करने की व्यवस्था चल रही है, हमें उम्मीद है कि जल्द से जल्द प्राधिकरण के टीम सीओं मैम के नेतृत्व में कार्य करते हुए सभी वेंडर के लिए वेंडिग जोन और उसमें पानी, टायलेट और लाइट की व्यवस्था करेगी। किसी भी शहर के लिए रेहड़ी पटरी वालों की भागीदारी बहुत बड़ी होती है बिना उसके शहर अधूरा है। उसको प्राथमिकता देना एक अच्छी पहल है।




आज हमारी पूरी टीम नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी कनिष्ठ ऑफिसर सुपरवाइजर और कर्मचारी साथ में मिलकर और रेहड़ी पटरी संचालक वेलफेयर एसोसिएशन प्रदेश अध्यक्ष श्याम किशोर गुप्ता एवं प्रदेश महासचिव अर्पणा शर्मा जो टाउन वेंडिंग कमेटी के सदस्य भी हैं वर्क सर्किल 9 सेक्टर 124 125 126 127 135 का पूर्ण रूप से सर्वे किया गया। जिसके पास में उच्च न्यायालय के आदेश थे उनका भी सर्वे किया गया। उनमें से कुछ लोगों के फॉर्म नहीं जमा थे जिसको मौके पर फॉर्म भरा कर उनका सत्यापन किया गया। मैं सभी नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों को धन्यवाद देता हूं अपनी एसोसिएशन रेहड़ी पटरी संचालक वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश तरफ से सुबह 10:00 बजे से लेकर शाम को 7:30 बजे तक सर्वे किया गया।

## *विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति के पुनः जिला अध्यक्ष बने महेश कुमार प्रजापति*

रिपोर्ट - समाज जागरण ब्यूरो श्रीकांत श्रीवास्तव बांदा - विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति के प्रांतीय अध्यक्ष चौधरी योगेंद्र सिंह के द्वारा महेश कुमार प्रजापति को गौ रक्षा समिति बांदा का पुनः जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया उनके मनोनीत होने पर स्थानीय केन रोड कोटरा स्थित भाजपा समर्थक मंच जिला कार्यालय में आज दिन शुक्रवार को शाम 4:00 बजे समर्थकों ने स्वागत व अभिनंदन कार्यक्रम हुआ मौजूद गौ रक्षा समिति वरिष्ठ कार्यकर्ता भरत बाबू गुप्ता ने स्वागत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महेश कुमार प्रजापति ने सजातीय बंधुओं व जनता के प्रति इतनी अधिक सेवाएं की हैं व संगठन के प्रति ईमानदारी तथा अनुशासन पर प्रांतीय अध्यक्ष को पूर्ण भरोसा होने के कारण प्रांतीय कार्यकारिणी को प्रजापति को पुनः गौ रक्षा समिति बांदा का जिला अध्यक्ष घोषित किया गया इस अवसर पर उपस्थित संगठन के सभी पदाधिकारी एवं समर्थकों ने प्रजापति को हार्दिक बधाई दी इनको पुणे जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर मित्रों को अपितु सर्वसाधारण को भी अत्याधिक हर्ष हुआ है साथ ही लोगों ने विश्वास जताया, कार्यक्रम के दौरान भाजपा समर्थक मंच के जिलाध्यक्ष आलोक निगम, राजेंद्र कुमार मिश्रा देवीदास गिरी महाराज नीरज निगम राघवेंद्र द्विवेदी राकेश त्रिपाठी राम गोपाल साहू विकास गुप्ता दद्दा कुलदीप यादव रामकेश प्रजापति रजनीश प्रजापति राहुल राजपूत राजकुमार गुप्ता आलोक प्रजापति शिवमंगल प्रजापति सुकीर्ति गुप्ता किरण सेठी आदि कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे

## सांसद खेल महोत्सव में करावल नगर हीरोज ने सीलमपुर रेंजर्स को हराया

(हरेश उपाध्याय )दिल्ली:-सांसद खेल महोत्सव के दसवें दिन आज डिस्ट्रिक्ट



पार्क नंद नगरी के खेल मैदान पर सुबह के मैच में करावल नगर हीरोज एवं सीलमपुर रेंजर्स तथा शाम के मैच में मुस्तफाबाद चैलेंजर्स एवं बुराड़ी बुल्स के बीच खिताबी भिड़ंत हुई। खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए आयोजक सांसद मनोज तिवारी के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद डॉक्टर हर्षवर्धन तथा डीडीसीए के सचिव सिद्धार्थ वर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक गोयल देवराहा गायक वीर दहिया विधायक अभय वर्मा अनिल बाजपेई, करावल नगर के विधायक मोहन सिंह बिष्ट खेल के मैदान पर पहुंचे। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष आनंद त्रिवेदी आशीष तिवारी मीनाक्षी शिवम मनोज त्यागी बीरेंद्र खंडेलवाल समिति के पदाधिकारी तेज प्रकाश अश्वनी शर्मा चौधरी सुग्रीव सिंह गंगा राम माहौर संजीव उपाध्याय मुकेश सिंहल रामनिवास आर डी शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहें।इस अवसर पर मौजूद खिलाड़ियों एवं क्षेत्रीय निवासियों को संबोधित करते हुए सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि आज के मैच के बाद चुनी हुई 4 टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी।यह कल होने वाले सेमीफाइनल में तय होगा और फाइनल मैच अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में होगा।आज के मैच में करावल नगर हीरोज की टीम ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया।बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 10विकेट खोकर 150 रन बनाए एवं सीलमपुर रेंजर्स की टीम के सामने 151रनों का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करते हुए सीलमपुर की पूरी टीम 17.4ओवर में 133रन पर आउट हो गई और यह मैं करावल नगर हीरोज की टीम ने 17 रनों से जीत लिया। अमन चौधरी को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया और इसी के साथ करावल नगर हीरोज की टीम प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंच गई। शाम के मैच में बुराड़ी बुल्स की टीम ने टॉस जीता और और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 18ओवरों में 6विकेट खोकर154रन बनाए और मुस्तफाबाद चैलेंजर्स के सामने 155रन का लक्ष्य रखा। मुस्तफाबाद चैलेंजर्स की पूरी टीम 152ओवरों में 9विकेट पर 123 रन बनाए और अंधेरा होने के कारण अनिर्णीत रहा वाकी मैच कल होगा।

## नोएडा एडीसीपी को दी जन्मदिन की बधाई

जीवन अर्पण सामाजिक सेवा संस्था के सदस्यों द्वारा आज दिनांक 15/07/22(शुक्रवार) नोएडा डीसीपी श्री रणविजय सिंह को उनके कार्यालय सै.14 नोएडा पर जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी गयी इस दौरान संस्था के सदस्यों द्वारा उन्हें मिठाई खिलाकर एवं शॉल उड़ाकर उनके उज्जवल भविष्य की दुआ मांगकर उनका आशीर्वाद लिया! वही संस्थापक दीपांशु शर्मा ने बताया कि नोएडा एडीसीपी स्वच्छ छवि एवं सरल स्वभाव के ऑफिसर है जो हमेशा सच्चाई के साथ रहते हुए लोगो की मदद करते हैं उनकी स्वच्छ छवि से ही शहर के अंदर उनकी अलग पहचान है! इस मौके पर अनमोल सहगल, तुषार गुप्ता,मनीष राणा,हैप्पी पंडित,राज ठाकुर आदि मौजूद रहे!



## कार्यालय से नदारद रहते हैं अधिकारी - कर्मचारी, कैसे बुझेगी प्यास

नूंह जुबैर खान जिले के पुनहाना स्थित जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यालय से अक्सर अधिकारी व कर्मचारी नदारद रहते हैं। कार्यकारी अभियंता कार्यालय से न केवल संदीप कुमार स्वयं गायब रहते हैं बल्कि अन्य कर्मचारी भी उनकी गैरमौजूदगी में कार्यालय में नहीं ठहरते। पानी की समस्या लेकर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी कार्यालय में जाने वाले लोग अधिकारियों की खाली कुर्सियों को देखकर हताश और निराश होकर वापस लौट आते हैं। यह मामला सिर्फ एक-दो दिन का नहीं है बल्कि पिछले कई महीने से शिकायतें आ रही हैं कि कार्यकारी अभियंता अक्सर कार्यालय से गायब रहते हैं। सरकार हर घर जल पहुंचाने का दावा कर रही है और हर इंसान की प्यास बुझाने के नाम पर करोड़ों रुपए पानी की तरह बहाया जा रहा है, लेकिन अधिकारी व कर्मचारी ही सरकार की योजना को पलीता लगा रहे हैं। खास बात यह है की जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कार्यालय में ही हजारों लीटर पानी बेकार बह रहा है, लेकिन नाक के नीचे बह रहे इस पानी पर अधिकारियों - कर्मचारियों की कोई नजर नहीं है। कर्मचारी व अधिकारी फील्ड का बहाना बनाकर अक्सर इस कार्यालय से नदारद रहते हैं।






22 may 2022:Layout 1 7/16/2022 1:42 AM Page 2



# साधना पथ (भाग 197)



देव मणि शुक्ल

एक बार एक व्यक्ति को रास्ते में यमराज मिल गये वो व्यक्ति उन्हें पहचान नहीं सका। यमराज ने पीने के लिए व्यक्ति से पानी माँगा, बिना एक क्षण गंवाए उसने पानी पिला दिया। पानी पीने के बाद यमराज ने बताया कि वो उसके प्राण लेने आये हैं लेकिन चूँकि तुमने मेरी प्यास बुझाई है इसलिए मैं तुम्हें अपनी किस्मत बदलने का एक मौका देता हूँ। यह कहकर यमराज ने एक डायरी देकर उस आदमी से कहा कि तुम्हारे पास 5 मिनट का समय है। इसमें तुम जो भी लिखोगे वही हो जाएगा लेकिन ध्यान रहे केवल 5 मिनट।

उस व्यक्ति ने डायरी खोलकर देखा तो उसने देखा कि पहले पेज पर लिखा था कि उसके पड़ोसी की लॉटरी निकलने वाली है और वह करोड़पति बनने वाला है। उसने वहां लिख दिया कि उसके पड़ोसी की लॉटरी न निकले।

अगले पेज पर लिखा था कि उसका एक दोस्त चुनाव जीतकर मंत्री बनने वाला है, तो उसने लिख दिया कि उसका दोस्त चुनाव हार जाए।

इस तरह, वह पेज पलटता रहा और अंत में उसे अपना पेज दिखाई दिया। जैसे ही उसने कुछ लिखने के लिए अपना पेन उठाया यमराज ने उस व्यक्ति के हाथ से डायरी ले ली और कहा वत्स तुम्हारा पांच मिनट का समय पूरा हुआ, अब कुछ नहीं हो सकता।

तुमने अपना पूरा समय दूसरों का बुरा करने में व्यतीत कर दिया और अपना जीवन खतरे में डाल दिया। अंततः तुम्हारा अंत निश्चित है। यह सुनकर वह व्यक्ति बहुत पछताया लेकिन सुनहरा मौका उसके हाथ से निकल चुका था।

शिक्षा:-
यदि ईश्वर ने आपको कोई शक्ति प्रदान की है तो कभी किसी का बुरा न सोचें, और न ही बुरा करें। दूसरों का भला करने वाला सदा सुखी रहता है और ईश्वर की कृपा सदा उस पर बनी रहती है..!!

# आरण्यक साहित्य

ब्राह्मण ग्रन्थ के जो भाग अरण्य में पठनीय हैं, उन्हें 'आरण्यक' कहा गया या यों कहें कि वेद का वह भाग, जिसमें यज्ञानुष्ठान-पद्धति, याज्ञिक मन्त्र, पदार्थ एवं फलादि में आध्यात्मिकता का संकेत दिया गया, वे 'आरण्यक' हैं। जो मनुष्य को आध्यात्मिक बोध की ओर झुका कर सांसारिक बंधनों से ऊपर उठते हैं। वानप्रस्थाश्रम में संसार-त्याग के उपरांत अरण्य में अध्ययन होने के कारण भी इन्हें 'आरण्यक' कहा गया। आरयण्कों में दार्शनिक एवं रहस्यात्मक विषयों यथा, आत्मा, मृत्यु, जीवन आदि का वर्णन होता है। इन ग्रंथों को आरयण्क इसलिए कहा जाता है क्योंकि इन ग्रंथों का मनन अरण्य अर्थात वन में किया जाता था। ये ग्रन्थ अरण्यों (जंगलों) में निवास करने वाले सन्यासियों के मार्गदर्शन के लिए लिखे गए थे। आरण्यकों में ऐतरेय आरण्यक, शांखायन्त आरण्यक, बृहदारण्यक, मैत्रायणी उपनिषद् आरण्यक तथा तवलकार आरण्यक (इसे जैमिनीयोपनिषद् ब्राह्मण भी कहते हैं) मुख्य हैं। ऐतरेय तथा शांखायन ऋग्वेद से, बृहदारण्यक शुक्ल यजुर्वेद से, मैत्रायणी उपनिषद् आरण्यक कृष्ण यजुर्वेद से तथा तवलकार आरण्यक सामवेद से सम्बद्ध हैं। अथर्ववेद का कोई आरण्यक उपलब्ध नहीं है। आरण्यक ग्रन्थों में प्राण विद्या मी महिमा का प्रतिपादन विशेष रूप से मिलता है। इनमें कुछ ऐतिहासिक तथ्य भी हैं, जैसे- तैत्तिरीय आरण्यक में कुरू, पंचाल, काशी, विदेह आदि महाजनपदों का उल्लेख है।

**आरण्यकझ्साहित्य की पृष्ठभूमि**

स्थूल के विरुद्ध सूक्ष्म के प्रति आकर्षण स्वभावतः उत्पन्न हो जाता है। श्रौतयागों के सन्दर्भ में भी, जनमानस में, विशेष रूप से प्रबृद्ध वर्ग में, इसी प्रकार का आकर्षण शनैःशनैः उत्तरोत्तर अभिवृद्ध हुआ। यज्ञ के द्रव्यात्मक स्वरूप के बहुविध स्वरूपझ्विस्तार में, जब उसका वास्तविक मर्म ओझल होने लगा, तो यह आवश्यकता गहराई से अनुभव की गई कि श्रौतयागों की आध्यात्मिक व्याख्या की जाए। ब्राह्मण ग्रन्थों के उत्तरार्ध में, इसी दृष्टिकोण को प्रधानता प्राप्त हुई और उसमें वैदिक यागों के अन्तर्तम में निहित गम्भीर अर्थवत्ता, वास्तविक मर्म और आध्यात्मिक रहस्यों के सन्धान के लिए जिस चिन्तन को आकार मिला, उसी का नामकरण आरण्यकझ्साहित्य के रूप में हुआ। आरण्यक ग्रन्थ ब्राह्मण ग्रन्थों एवं उपनिषदों के मध्य की कड़ी है। उपनिषदों में जिन आध्यात्मिक तत्त्वों को हम अत्युच्च शिखर पर आरूढ़ देखते हैं, उनकी पृष्ठभूमि आरण्यकों में ही निहित है। वेदोक्त सामाजिक व्यवस्था में, आश्रमझ्प्रणाली का विशेष महत्त्व है। ब्राह्मणग्रन्थोक्त श्रौतयागों के अनुष्ठान के अधिकारी गृहस्थाश्रमी माने गए हैं। इसके पश्चात वानप्रस्थाश्रम में प्रविष्ट व्यक्तियों के लिए, वैदिक वाङ्मय में, आरण्यकझ्साहित्य विशेष उपादेय समझा गया है। पचास वर्ष से अधिक अवस्था वाले ऐसे व्यक्तियों में जो श्रौतायोगों के स्थूल द्रव्यात्मक स्वरूप से सुपरिचित थे, अब इस स्वरूप के वास्तविक मर्म की जिज्ञासा स्वभावतः अधिक थी। इन्हीं की बौद्धिक जिज्ञासाओं के शमन के लिए आरण्यकझ्साहित्य का प्रणयन हुआ।

**नामकरण और महत्त्व**

'आरण्यक' नाम से स्पष्ट है कि इन ग्रन्थों का घनिष्ठ सम्बन्ध अरण्य अथवा वन से है। अरण्यों के एकान्त वातावरण में, गम्भीर आध्यात्मिक रहस्यों के अनुसन्धान की चेष्टा स्वाभाविक ही नहीं, सुकर भी थी। आरण्यकों में सकाम कर्म के अनुष्ठान तथा उसके फल के प्रति आसक्ति की भावना विद्यमान नहीं दिखलाई देती। इसी कारण इनका आध्यात्मिक महत्त्व ब्राह्मण ग्रन्थों की अपेक्षा अधिक है। उपनिषदों के तत्त्वज्ञान को समझने के लिए भी आरण्यकों का पहले अनुशीलन आवश्यक है। उपनिषदों में बहुसंख्यक ऐसे प्रसंग हैं, जिनके यथार्थ परिज्ञान के लिए उनके उन मूलाधारों को जानना आवश्यक है, जो आरण्यकों में निहित हैं। भाषा की दृष्टि से भी आरण्यक साहित्य महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि इनका प्रणयन वैदिकी और लौकिक संस्कृत की मध्यवर्तनी भाषा में हुआ है। कर्मकाण्ड की दृष्टि से ब्राह्मण एवं आरण्यक परस्पर अत्यधिक सम्बद्ध हैं, इसलिए बौधायन धर्मसूत्र में, आरण्यकों को भी 'ब्राह्मण' आख्या से संयुक्त किया गया हैझ
तैत्तिरीयारण्यकझ्भाष्यभूमिका में सायणाचार्य का कथन है कि अरण्यों अर्थात वनों में पढ़ेझ्पढ़ाये जाने के कारण 'आरण्यक' नामकरण सम्पन्न हुआ– 'अरण्याध्ययनाझ्देतदारण्यकमितीर्यते। अरण्ये तदधीयीतेत्येवं वाक्यं प्रवक्ष्यते।।[2] ब्रह्मचर्य के नियमों का पालन करने वाला ही इन ग्रन्थों के अध्ययन का अधिकारी हैझ्"एतदारण्यकं सर्व नाव्रती श्रोतुमर्हति"।[3] व्युत्पत्ति की दृष्टि से 'आरण्यक' शब्द 'अरण्य' में 'वुझ' (भावार्थक) प्रत्यय के योग से निष्पन्न होता हैझ्इस प्रकार से इसका अर्थ है, 'अरण्य में होने वाला' - 'अरण्ये भवमिति आरण्यम्।' बृहदारण्यक में भी इसी का समर्थन किया गया हैझ्'अरण्येऽनूच्यमानत्वात आरण्यकम्।' उपर्युक्त विवरण से यह स्पष्ट है कि आरण्यकों का अध्ययन सामान्यतः वनों में ही किया जाता था,

# त्रेता तथा द्वापर युग के प्रभु श्री राम तथा श्री कृष्ण पर आधारित कृतियाँ युवाओं की प्रेरणा

विगत दिनों वृंदावन हॉल रायपुर में संक्षिप्त सारगर्भित कार्यक्रम में एक साथ डॉक्टर हेमू यदु द्वारा लिखित तीन किताबों का लोकार्पण कार्यक्रम किया गया। सनातन धर्म के अंतर्गत त्रेता तथा द्वापर युग के महानायको भगवान श्री राम और यशोदा नंदन श्री कृष्ण की कथाओं से ओतप्रोत यशोदा की रामायण, कर्म मेव जयते और प्रभु राम के छत्तीसगढ़ के प्रवास के दौरान राम भवन गमन पथ पर लिखी गई किताब का लोकार्पण पर सारगर्भित आधार वक्तव्य देते हुए सूत्रधार,चिंतक, स्तंभकार, साहित्यकार संजीव ठाकुर ने कहा यह तीनों किताबें वर्तमान में भारत के युवा वर्ग के लिए महती प्रेरणा स्रोत एवं धार्मिक ग्रंथों की बारीक जानकारी से परिपूर्ण अत्यंत उपयोगी साबित होगी ।उन्होंने कहा कि लेखक द्वारा अथक श्रम से लिखी गई शोध परक किताबें अत्यंत धार्मिक, साहित्यिक एवं ऐतिहासिक धरोहर हैं।इन किताबों का लोकार्पण डॉक्टर हर्षवर्धन तिवारी की अध्यक्षता,श्याम बेस अध्यक्ष राम वन गमन पथ शोध संस्थान रायपुर के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व कमिश्नर एस,के तिवारी, डॉक्टर संजीव रंजन कमांडेंट, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ महेंद्र ठाकुर, भाषा विद डॉक्टर चितरंजन कर, डॉक्टर किशोर अग्रवाल, डॉ सुखदेव प्रसाद साहू रहे। कार्यक्रम की शरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर की गई। सूत्रधार आधार वक्तव्य स्तंभकार,चिंतक, लेखक, कवि संजीव ठाकुर द्वारा दिया गया संजीव ठाकुर द्वारा किताबों की समीक्षा भी की गई। किताब के रचयिता



डॉक्टर हेमू यदु ने किताब पर प्रकाश डाला, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्याम बस जी ने श्री राम प्रभु के दक्षिण कौशल यानी छत्तीसगढ़ के प्रवास पर सारगर्भित उद्बोधन देकर कहा कि प्रभु राम के चरण पड़ने से छत्तीसगढ़ की धरती धन्य हो गई। कार्यक्रम के अध्यक्ष हर्षवर्धन तिवारी ने भी ओम शब्द के उच्चारण और उसके वैज्ञानिक पहलू पर गंभीर बातों का उल्लेख किया पूर्व आईएएस एसके तिवारी जी ने भी अपने उद्बोधन में प्रभु राम की महिमा तथा किताब पर प्रकाश डाला। अन्य वक्ताओं द्वारा भी इस गरिमा में कार्यक्रम में अपनी गरिमा में उपस्थिति उद्बोधन में देकर प्रस्तुत की सभी विद्वत सभासदों ने यशोदा की रामायण कर्ममेव जयते और राम वन गमन पर प्रमाण सहित अपनी व्याख्या श्रोताओं के मध्य रखी एवं किताब में उल्लेखित स्थानों एवं ऋषि-मुनियों का विस्तृत वर्णन अपनी भाषा शैली में आलोकित किया। उन्होंने कहा की तीनों किताबें सनातन धर्म साहित्य और सामयिक विचारों से ओतप्रोत होकर युवाओं का मार्गदर्शन करने वाली किताबें हैं। इस अवसर पर पुनीत शर्मा, राजशेखर चौबे, शीलकांत पाठक, श्रीमती अर्चना पाठक, दीपक गुणवंत व्यास, कवि यशवंत यदु, इंद्रदेव यदु, रामेश्वर शर्मा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन दीपक व्यास द्वारा किया गया।



संजीव ठाकुर लेखक चिंतक स्तंभकार रायपुर छत्तीसगढ़

# जगदीशचन्द्र माथुर

जन्मः 16 जुलाई, 1917; मृत्युः 14 मई, 1978) हिन्दी के प्रसिद्ध साहित्यकारों में से एक थे, जिन्होंने आकाशवाणी में काम करते हुए हिन्दी की लोकप्रियता के विकास में महत्वपूर्ण योगदान किया। टेलीविजन उन्हीं के जमाने में वर्ष 1949 में शुरू हुआ था। हिन्दी और भारतीय भाषाओं के तमाम बड़े लेखकों को वे ही रेडियो में लेकर आए थे। सुमित्रानंदन पंत से लेकर रामधारी सिंह 'दिनकर' और बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' जैसे दिग्गज साहित्यकारों के साथ उन्होंने हिंदी के माध्यम से सांस्कृतिक पुनर्जागरण का सूचना संचार तंत्र विकसित और स्थापित किया था।

**जीवन परिचय**

जगदीशचन्द्र माथुर का जन्म 16 जुलाई, 1917 ई. खुर्जा, बुलंदशहर ज़िला, उत्तर प्रदेश में हुआ। प्रारंभिक शिक्षा खुर्जा में हुई। उच्च शिक्षा युइंग क्रिश्चियन कॉलेज, इलाहाबाद और प्रयाग विश्वविद्यालय में हुई। प्रयाग विश्वविद्यालय का शैक्षिक वातावरण औड्ट प्रयाग के साहित्यिक संस्कार रचनाकार के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका हैं। 1939 ई. में प्रयाग विश्वविद्यालय से एम.ए. (अंग्रेजी) करने के बाद 1941 ई. में 'इंडियन सिविल सर्विस' में चुन लिए गए।[2]

**कार्यक्षेत्र**

सरकारी नौकरी में 6 वर्ष बिहार शासन के शिक्षा सचिव के रूप में, 1955 से 1962 ई. तक आकाशवाणी-भारत सरकार के महासंचालक के रूप में, 1963 से 1964 ई. तक उत्तर बिहार (तिरहुत) के कमिश्नर के रूप में कार्य करने के बाद 1963-64 में हार्वर्ड विश्वविद्यालय, अमेरिका में विज़िटिंग फेलो नियुक्त होकर विदेश चले गए। वहाँ से लौटने के बाद विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर काम करते हुए 19 दिसम्बर 1971 ई. से भारत सरकार के हिंदी सलाहकार रहे। इन सरकारी नौकरियों में व्यस्त रहते हुए भी भारतीय इतिहास और संस्कृति को वर्तमान संदर्भ में व्याख्यायित करने का प्रयास चलता ही रहा।[2]

**साहित्यिक परिचय**

अध्ययनकाल से ही उनका लेखन प्रारंभ होता है। 1930 ई. में तीन छोटे नाटकों के माध्यम से वे अपनी सृजनशीलता की धारा के प्रति उन्मुख हुए। प्रयाग में उनके नाटक 'चाँद', 'रुपाभ' पत्रिकाओं में न केवल छपे ही, बल्कि इन्होंने 'वीर अभिमन्यु', आदि नाटकों में भाग लिया। 'भोर का तारा' में संग्रहीत सारी रचनाएँ प्रयाग में ही लिखी गईं। यह नाम प्रतीक रूप में शिल्प और संवेदना दोनों दृष्टियों से जगदीशचन्द्र माथुर के रचनात्मक व्यक्तित्व के 'भोर का तारा' ही है। इसके बाद की रचनाओं में समकालीनता और परंपरा के प्रति गहराई क्रमशः बढ़ती गई है। व्यक्तियों, घटनाओं और देशके विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों से प्राप्त अनुभवों ने सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है।[2]

मुख्य कृतियाँ
भोर का तारा (1946 ई.),
कोणार्क (1950 ई.),
ओ मेरे सपने (1950 ई.)
शारदीया (1959 ई),
दस तस्वीरें (1962 ई.), '
परंपराशील नाट्य (1968 ई.),
पहला राजा (1970 ई.)
जिन्होंने जीना जाना (1972 ई.)

साहित्यिक विशेषताएँ

जगदीशचन्द्र माथुर जी के प्रारंभिक नाटकों में कौतूहल और स्वच्छंद प्रेमाकुलता है। 'भोर का तारा' में कवि शेखर की भावुकता पर्यावरण में घटित करने या रचने का मोह भी प्रारंभ से मिलता है। परंतु समसामयिक को अनुभव के रूप में अनुभूत करके उसकी प्रामाणिकता को संस्कृति के माध्यम से सिद्ध करने का जो आग्रह उनके नाटकों में हैं उसकी रचनात्मक संभावना का प्रमाण 'कोणार्क' में है। परंपरा को माध्यम और संदर्भ के रूप में प्रयोग करने की कला में माथुर सिद्हस्त हैं। परंतु इसका तात्पर्य यह नहीं कि यही उनका सब कुछ है, बल्कि उन्होंने रीढ़ की हड्डी आदि ऐसे नाटक भी लिखे जिनका संबंध समाज के भीतर के बदलते रिश्तों और मानवीय संबंधों से है। 'शारदीया' के सारे नाटकों में समस्या को व्यापक परिप्रेक्ष्य में रखकर देखने का आभास अवश्य है, परंतु समस्या मात्र का परिवृत्त इतना छोटा है कि वह किसी व्यापक सत्य का आधार नहीं बन पाती। वस्तुतः माथुर छायावादी संवेदना के रचनाकार हैं। यह संवेदना 'भोर का तारा' से लेकर 'पहला राजा' तक में कमोबेश मिलती है। यह अवश्य है कि यह छायावादिता नाटक के विधागक संस्कार और यथार्थ के प्रति गहरी संसक्ति के कारण 'कोणार्क' और 'पहला राजा' में काफी संस्कारित हुई है।



**समीक्षा**

'कोणार्क' उत्तम नाटक है। इतिहास, संस्कृति और समकालीनता मिलकर निरवधिकाल की धारणा और मानवीय सत्य की आस्था को परिपुष्ट करते हैं। घटना की तथ्यता और नाटकीयता के बावजूद महाशिल्पी विशु की चिंता और धर्मपद का साहसपूर्ण प्रयोग, व्यवस्था की अधिनायकवादी प्रवृत्ति से लड़ने और जुझने की प्रक्रिया एवं उसकी परिणति का संकेत नाटक को महत्वपूर्ण रचना बना देता है। कल्पना की रचनात्मक सामर्थ्य और संस्कृति का समकालीन अनुभव कोणार्क की सफल नाट्य कृति का कारण है। कोणार्क के अंत और घटनात्मक तीव्रता तथा परिसमाप्ति पर विवाद संभव है, परंतु उसके संप्रेषणात्मक प्रभाव पर प्रश्न चिन्ह संभव नहीं है। 'पहला राजा' नाटक के रचना-विधान और वातावरण को 'माध्यम' और 'संदर्भ' में रूप में प्रयोग करके लेखक ने व्यवस्था और प्रजाहित के आपसी रिश्तों को मानवीय दृष्टि से व्याख्यायित करने का प्रयास किया है। स्पुतनिक, अपोलो आदि के प्रयोग के कारण समकालीनता का अहसास गहराता है। पृथु, उर्वी, कवष आदि का प्रयास और उसका परिणाम सब मिलकर नाटक की समकालीनता को बराबर बनाए रखते हैं। पृथ्वी की उर्वर शक्ति, पानी और फावड़ा-कुदाल आद् को उपयोग रचना के काल को स्थिर करता है। 'परंपराशील नाट्य' महत्वपूर्ण समीक्षा-कृति है। इसमें लोक नाट्य की परंपरा और उसकी सामर्थ्य के विवेचन के अलावा नाटक की मूल दृष्टि को समझाने का प्रयास किया गया है। रामलीला, रासलीला आदि से संबद्ध नाटकों और उनकी उपादेयता के संदर्भ में परंपरा का समकालीन संदर्भ में महत्व और उसके उपयोग की संभावना भी विवेच्य है। 'दस तसवीरें' और 'इन्होंने जीना जाना है' रचनाकार के मानस पर प्रभाव डालने वाले व्यक्तियों की तस्वीरें और जीवनियाँ हैं, जिनका महत्व उनके रेखांकन और प्रभावांकन की दृष्टि से अक्षुण्ण है।[2]

**– जगदीशचंद्र माथुर**

जगदीशचंद्र माथुर को याद करना, सूचना संचार माध्यमों में हुई क्राँति को याद करना है। उनकी स्मृति को लेकर राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, दिल्ली ने एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया। इसकी वजह थी कि जगदीशचंद्र माथुर हिंदी के बहुत महत्वपूर्ण नाटककार थे। यों तो जयशंकर प्रसाद के बाद नाटक लेखन के क्षेत्र में लक्ष्मी नारायण मिश्र एक बड़ा नाम हैं पर इतिहास के परिप्रेक्ष्य में प्रसाद की परंपरा से अलग हटकर प्रयोगशील नाटक लिखने की पहल जगदीशचंद्र माथुर ने अपने अप्रतिम नाटक ह्यकोणार्कह्ण से की। वे एक सिद्धहस्त एकांकीकार भी थे। उनकी प्रयोगशीलता का सफल प्रमाण यही है कि उनके सम्पूर्ण नाटक ह्यकोणार्कह्ण में एक भी नारी पात्र नहीं है लेकिन फिर भी वह बेहद सफलतापूर्वक मंचित होकर दर्शकों का चहेता मंच नाटक बना रहा है। और आज भी वह कई संदर्भों में चर्चा का केंद्र बना रहता है। यह मामूली बात नहीं है क्योंकि ह्यकोणार्कह्ण नाटक की रचना आज से लगभग छह दशक पहले हुई थी।

एआईआर से आकाशवाणी तक

प्रसिद्ध साहित्यकार कमलेश्वर के अनुसार जगदीशचंद्र माथुर एक साथ ही इंडियन सिविल सर्विस के वरिष्ठ प्रशासक, साहित्यकार और संस्कृति पुरुष थे। जमाना नेहरू जी का था। गुलामी से मुक्त होकर देश ने आजादी की साँस ली थी। परिवर्तन और निर्माण का दौर था। अंग्रेजों की दासता की दो सदियों के बाद आजाद देश के भविष्य की सामाजिक-आर्थिक व्यवस्था को लोकतांत्रिक संस्थानों को सांस्कृतिक सवालों को तब जल्द से जल्द तय किया जाना, सुलझाना और उनकी दिशाएँ सुनिश्चित करने का दायित्व सामने था। परिवर्तन और राष्ट्र निर्माण के ऐसे ऐतिहासिक समय में जगदीशचंद्र माथुर, आईसीएस, ऑल इंडिया रेडियो के डायरेक्टर जनरल थे। उन्होंने ही 'एआईआर' का नामकरण आकाशवाणी किया था।

**दूरदर्शन की ताकत**


भारत में टेलीविजन शुरू होने जा रहा था। माथुर साहब ने ही टीवी का नाम दूरदर्शन रखा था। दूरदर्शन का उद्घाटन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने किया था। उद्घाटन के बाद स्टाफ मीटिंग में माथुर साहब ने कहा था, "सरकार किसी भी भाषा से चलाई जाए पर लोकतंत्र हिंदी और भारतीय भाषाओं के बल पर ही चलेगा। "हिंदी ही सेतु का काम करेगी, सूचना और संचार तंत्र के सहारे ही हम अपनी निरक्षर जनता तक पहुँच सकते हैं। भारत के बहुमुखी विकास की क्राँति यहीं से शुरू होगी।" उन्होंने कहा था कि ,"लोक संस्कृति के बिना शास्त्रीय कलाओं की शुचिता और सौंदर्य बाधित होगा। हमें एक क्षेत्र की लोक संस्कृति का अंतरसम्बंध दूसरे क्षेत्र की लोक संस्कृति से स्थापित करना पड़ेगा।" उन्होंने उस समय कहा था, "दूरदर्शन जैसे माध्यम की शक्ति को पहचानिए और जैसा कि पश्चिम के मीडिया पंडित कहते हैं, ह्यमीडिया इज द मैसेजह्ण इस भ्रम को तोड़िए और साबित कीजिए कि ह्यमैन बिहाइंड मीडिया इज द मैसेजह्ण।"[1]

**निधन**

जगदीशचंद्र माथुर का निधन 14 मई, 1978 को हुआ।

# गणेश गीता (गीता भाग 114)

## ब्रह्म की प्राप्ति के उपाय, शंका का समाधान



विश्वनाथ त्रिपाठी

ब्रह्मोवाच
ब्रह्मा जी ने कहा---

ततो राजा वरेण्यः,
स दिव्य चक्षुरवैक्षत`
ईशतुः परमं रूपं,
गजास्यस्य महाद्भुतम्`

ब्रह्मा जी ने कहा कि तब राजा वरेण्य दिव्य दृष्टि प्राप्त करके भगवान गणेश के अद्भुत रूप को देखने में समर्थ हुए`

असंख्य वक्त्रम् ललितं
असंख्यांघ्रिकरं महत
`

अनुलिप्तं सुगंधेन,
दिव्य भूषा म्बर-स्त्रज`

अनेक मुख वाले,असंख्य सूड़ो से सुशोभित,हाथ और सुगंध से लिप्त,दिव्य भूषण ,वसन व माला से सुशोभित ---

असंख्य नयनं
कोटि सूर्यरश्मिधृतायुधं
तद्वर्षमणि त्रयोलोका,
दृष्टास्तेन पृथग्विधा`

असंख्य नेत्रो से




युक्त,कोरोड़ो सूर्य की किरणों के समान प्रकाशित आयुधों से युक्त शरीर में राजा वरेण्य ने उनके (गणेश) शरीर में अलग अलग तीनो लोक देखें
`

वरेण्य उवाचः-

दृष्ट् वैश्वरं परं रूपं,
प्रत्येक स नृपो ब्रवीत`
वीक्षे तव देहेस्मिन्
देवानृषिगणान पितृन`

ईश्वर का परम रूप देख कर राज वरेण्य बोल पड़े हे भगवन् ! मैं आप की इस पावन देह में देवता ऋषिगण और पितरों को देख रहा हू`

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

# संक्षिप्त न्यूज

## दिल्ली पुलिस सेवानिवृत्त राजपत्रित अधिकारी संघ ने वार्षिक बैठक व अभिवादन समारोह किया

(हरेश उपाध्याय) दिल्लीः-दिल्ली पुलिस सेवानिवृत्त राजपत्रित अधिकारी संघ ने न्यू पुलिस लाइन उत्सव सभागार में वार्षिक बैठक व अभिवादन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में भारत के प्रसिद्ध इल्यूजनिस्ट निदेशक, दिल्ली स्कूल ऑफ मैजिक को अतिथि कलाकार के रूप में आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर जादूगर राजकुमार ने कहा कि दिल्ली पुलिस बल के साथ उनका 40 वर्ष का लंबा जुड़ाव रहा है। वह जनजागरूकता के लिए दिल्ली पुलिस सप्ताह के दौरान भी जादू के माध्यम से जनता को सकारात्मक संदेश देने के साथ उनका अपनी जादू कला के जरिये मनोरंजन करते हैं।इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि दिल्ली पुलिस के आयुक्त राकेश अस्थाना ने जादूगर राजकुमार के प्रदर्शन की सराहना की और साथ ही पुराने अधिकारियों को सम्मानित भी किया। शो की मेजबानी एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी जयपाल सिंह ने एसोसिएशन के अध्यक्ष पूर्व सहायक पुलिस आयुक्त दिल्ली और करनैल सिंह आईपीएस (सेवानिवृत्त) के संरक्षण में की।



## आदित्य बिड़ला सन लाइफ इंश्योरेंस ने एबीएसएलआई फिक्स्ड मैच्योरिटी प्लान लॉन्च किया

(हरेश उपाध्याय) दिल्लीः- आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड (एबीसीएल) की जीवन बीमा सहायक कंपनी, आदित्य बिड़ला सन लाइफ इंश्योरेंस (एबीएसएलआई) ने आधुनिक बचत समाधान एबीएसएलआई फिक्स्ड मैच्योरिटी प्लान (यूआईएन 109एन135वी01) लॉन्च किया। यह एक नॉन-लिंक्ड, नॉन-पार्टिसिपेटिंग एंडोमेंट प्रोडक्ट है, जो परिपक्वता पर एकमुश्त राशि के रूप में पूरी तरह से गारंटीकृत लाभ प्रदान करेगा। यह प्लान फिक्स्ड डिपॉजिट से बढ़कर रिटर्न और सुरक्षा को एकीकृत करके पॉलिसीधारकों को छोटी और लंबी अवधि की वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के लिए डिजाइन की गई है। एबीएसएलआई फिक्स्ड मैच्योरिटी प्लान, जीवन सुरक्षा के साथ इंडस्ट्री का सर्वश्रेष्ठ 6.41% तक का रिटर्न प्रदान करता है। ये ब्याज दरें देश के अधिकांश प्रमुख बैंकों द्वारा दी जाने वाली सावधि जमा दरों से अधिक हैं।




अपने नए सरलीकृत बचत समाधान के माध्यम से, एबीएसएलआई अपने पॉलिसीधारकों को उनके सपनों को पूरा करने के लिए परेशानी मुक्त वित्तीय गारंटी प्राप्त करने में मदद करता है।यह प्लान सावधि जमा (फिक्स्ड डिपॉजिट) की तरह एकल भुगतान प्रस्ताव (प्रीमियम भुगतान अवधि) है और पॉलिसीधारकों के लिए उनकी व्यक्तिगत जरूरतों के अनुरूप पॉलिसी अवधियों (5-10 वर्ष) की विस्तृत श्रृंखला के चुनाव का विकल्प उपलब्ध है। साथ ही, 100% से शुरू होकर, सरेंडर बेनिफिट हर साल 1% बढ़ जाएगा।जिससे यह सुनिश्चित हो सकेगा कि पॉलिसीधारकों को पॉलिसी सरेंडर करने की स्थिति में उनके पैसे का नुकसान न हो।अपनी नई पेशकश के माध्यम से, एबीएसएलआई उन निवेशकों की जरूरतों को पूरा करने का इरादा रखता है जो सावधि जमा जैसे सरलीकृत उत्पाद पसंद करते हैं एबीएसएलआई फिक्स्ड मैच्योरिटी प्लान के लॉन्च पर कमलेश राव, प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी,आदित्य बिड़ला सन लाइफ मौजूद रहें।

## हरनंदी नदी करे पुकार, सुन लो योगी सरकार!

(हरेश उपाध्याय) गाजियाबादः- हनुमान मंगलमय परिवार के संस्थापक व अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को द्वारा जिला अधिकारी गाजियाबाद को एक ज्ञापन सौंपा। बीके शर्मा हनुमान ने बताया कि हरनंदी नदी प्रदेश की सबसे प्रदूषित नदी बन गई है। नदी के अंदर जलीय जीवों का रहना भी अब दूबर हो रहा है। हरनंदी नदी की सफाई के लिए ठोस योजना बनाकर कार्य किया जाए।नदी में प्रवाहित किए जा रहे नालों और फैक्टरी के प्रदूषित जल को रोका जाए। नदी की सफाई कराकर उसके घाट को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए।हम हनुमान मंगलमय परिवार व अखिल भारत हिंदू महासभा, उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री को अवगत कराना चाहते हैं कि जल्द से जल्द हरनंदी नदी का सौंदर्यीकरण करा कर, स्वच्छ जल की अविरल धारा को सुचारू रूप से नियमित कराने का कष्ट करे और हरनंदी नदी को बचाने में अपनी सहभागिता प्रदान करें। इस अवसर पर सुभाष त्यागी,कुमार देवासी सोजा, सचिन भारती, सौरभ मित्तल, जितेंद्र जिंदल, नदीम अहमद, मिलन मंडल, भूपेंद्र शर्मा, सपन सिकदर मोहित वर्मा, विनीता पाल, कृष्ण कुमार, अरुण त्रेहन, अंकित गर्ग ,केपी सरकार, राशिद अली मौजूद थें।



## केंद्रीय लोक शिकायत एवं जांच के महामंत्री उत्तर प्रदेश पद पर मनोनीत किया : सुहेल खान

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

धामपुर । अमरोहा उत्तर प्रदेश निवासी सुहेल खान को केंद्रीय लोक शिकायत एवं जांच सस्थान के महामंत्री उत्तर प्रदेश पद पर मनोनीत किया है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने सुहेल खान से कहा है कि केंद्रीय लोक शिकायत एवं जांच संस्थान आपसे अपेक्षा रखता है कि भ्रष्टाचार मुक्त भारत निर्माण के अनुपालन भारत की जनशक्ति को लामबंद करते हुए भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान करते रहेंगे एवं नियुक्ति से 1 माह के भीतर अपने द्वारा किए गए संगठन के कार्य को प्रधान करने का कष्ट करेंगे। सुहेल खान का महामंत्री पद पर नियुक्ति होने पर लखनऊ में शानदार स्वागत किया गया केंद्रीय लोक शिकायत एवं जांच संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सुहेल खान को पद की मुबारकबाद दी। उधर अमरोहा पहुंचने पर सुहेल खान के शुभचिंतकों ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया सुहेल खान ने दैनिक समाज जागरण के धामपुर तहसील प्रभारी फारूक अहमद अंसारी को जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है मैं उस पर मेहनत और लगन से कार्य करूंगा भविष्य में भी कभी भी शिकायत का मौका नहीं दूंगा जनता के लिए मेरे द्वार 24 घंटे खुले हैं पीड़ित व्यक्ति जब चाहे जब मेरे पास आ सकता है में उसकी सेवा के लिए हर समय उपस्थित रहूंगा। सुहेल खान के निवास स्थान पर बधाई देने वालों सिलसिला जारी है।

# दिल्ली के वसंत विहार इलाके में नाबालिग छात्रा को कार में अगवा कर किया गया गैंग रेप

(हरेश उपाध्याय)नई दिल्ली :-वसंत विहार पुलिस ने चलती कार के अंदर एक नाबालिग छात्रा से गैंगरेप की वारदात के सिलसिले में तीन लड़कों को गिरफ्तार किया है। सूत्रों के मुताबिक छात्रा का आरोप है कि तीन लड़के कार में बिठाकर उसे दिल्ली की सड़कों पर लेकर घूमते रहें। फिर गाजियाबाद ले गए। आरोप है कि उसके साथ रेप व अननैचुरल सेक्स किया। विरोध करने पर पीड़िता से मारपीट की गई। वसंत विहार पुलिस ने तुरंत एक्शन लेते हुए आरोपियों के खिलाफ आइपीसी 323/354/342/376ड/377/506/363 और 6/8 पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक 16 साल की छात्रा परिवार के साथ वसंत विहार इलाके में रहती है। वह दसवीं क्लास में पढ़ाई कर रही है। उसने पुलिस को बयान दिया कि वह मोतीबाग स्थित अपनी सहेली के घर गई थी। उसके बाद वह रात को साढ़े आठ बजे वापस घर आ रह थी। बसंत




गांव के मार्केट में दो लड़कों अनीस (बदला हुआ नाम) और नरेश (बदला हुआ नाम) से उसकी मुलाकात हुई। उसके बाद दोनों उसे साथ लेकर घूमने के बहाने से चल दिए। पीड़िता ने पूछा कि कहां जा रहे हो तो लड़कों ने जवाब दिया कि अभी लौट आएंगे। पीड़िता को अपने साथ ले गए। इस बीच नरेश ने अपने जानकार को फोन करके उसे शनि मंदिर के पास बुलाया। कुछ ही देर में वह लड़का अपनी वैगनर कार के साथ आया। फिर नाबालिग छात्रा को तीनों लड़के कार में बिठाकर ले गए। कार चला रहे लड़के की बगल वाली सीट पर नरेश बैठा हुआ था। जब कि अनीस उसके साथ पीछे की सीट पर बैठा था। महिपालपुर में एक जगह कार रोकी। जहां पर नरेश और अनीस कार से उतरकर शराब और एक कोल्ड ड्रिंक खरीदकर आए। आरोप है कि उन लड़कों ने कोल्ड ड्रिंक में चुपके से शराब मिला दी। उसके बाद अनीस ने कार में उसके साथ अश्लील हरकत शुरू कर दी। छात्रा का आरोप है कि कार को वसंत विहार से महिपालपुर होते ही दिल्ली की सड़कों पर घुमाते रहे। इसके बाद रात में ही वे उसे गाजियाबाद ले गए।आरोप है कि जबरन चलती कार में बारी बारी से रेप और अननैचुरल सेक्स किया। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोप तो यहां तक हे कि उनमें से एक ने मोबाइल से वीडियो भी बनाया। इसके बाद अगली सुबह आरोपियों ने पीड़िता को उसके घर के पास छोड़ा। पीड़िता ने घटना की आपबीती परिजनों को बताई। जिसके बाद पुलिस को शिकायत दी। वसंत विहार पुलिस ने घटनास्थल से लेकर पूरे रूट की छानबीन की। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# गुस्सैल पिता ने 3 वर्षीय पुत्री की खुद किया पटककर हत्या, गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायालय

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):- वारिसलीगंज थाना क्षेत्र ठेरा पंचायत की अनुसूचित टोला पवीपुर निवासी ब्रह्मदेव मांझी की पत्नी बुधनी देवी ने अपने ही दामाद कादिरगंज थाना क्षेत्र भोला नगर निवासी राजबल्लम मांझी के विरुद्ध तीन वर्षीय पुत्री को हत्या कर देने की प्राथमिकी स्थानीय थाना में दर्ज करवाई है। दर्ज प्राथमिकी में महिला ने कही की मेरा दामाद सपरिवार पवीपुर आया हुआ था। गुरुवार की शाम लौटने के दौरान रास्ते में सामबे पोखर के समीप पति पत्नी के बीच किसी बात को ले नोक झोंक हुआ। इस क्रम में राजबल्लम ने गुस्से में आकर अपनी तीन वर्ष की पुत्री कोमल कुमारी को जमीन पर पटक पटककर अधमरा कर दिया। इतना से भी मन नहीं भरा तो राक्षसी प्रवृति का बाप ने मासूम की गला दवा कर हत्या कर दिया। घटना के क्रम में वहां भीड़ जमा हो गई जो काफी आक्रोशित होकर हत्यारा पिता को पुलिस को हवाले कर दिया। बाद में बच्ची की नानी बुधनी देवी के फर्द बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर हत्यारा पिता को शुक्रवार को न्यायालय भेज दिया।

***शराब के नशे में धुत था हत्यारा पिताः-***

ठेरा पंचायत की पवीपुर स्थित अपने ससुराल से बल पूर्वक पत्नी चिंता देवी, दो बच्ची काजल कुमारी 5 वर्ष एवं कोमल 3 वर्ष समेत मात्र आठ दिन का नवजात पुत्र को लेकर वारिसलीगंज पैदल आने के दौरान पत्नी एवं सास से झगड़े के कारण राजबल्लम काफी गुस्से में था। साथ ही शराब का नशा में उसे अपना एवं पराया का कोई अता पता नहीं चल रहा था। सो राह चलते कभी पत्नी को मारता कभी तीन वर्ष की मासूम को जमीन पर



पटक देता था। पीड़ित पत्नी चिंता देवी ने बताई की शाम के अंधेरे में राहगीर इसे सिर्फ पति पत्नी का झगड़ा समझ रहे थे। इसलिए कोई हस्तक्षेप नहीं कर रहा था। इसी बीच सपरिवार लड़ते झगड़ते सामबे गांव स्थित भुतही तालाब के पास पहुंच गया। वहां मासूम काजल जमीन पर पटक पटक दरिंदा पिता ने गला दवा दिया। इस बीच मासूम मर चुकी थी। लेकिन नशे में धुत राजबल्लम को पता नहीं था। इसलिए गोद में उठाकर हाथ से मासूम के शव को भी पीट रहा था। एक जगह रोशनी थी फलतः कुछ राहगीर रुक कर तमाशा देख रहे थे। तब भीड़ ने कहा कि बच्ची तो मर चुकी है। इतना सुनते ही काफी भीड़ इकट्ठा हो गई। कुछ लोग हत्यारा बाप की धुलाई भी कर दिया। इस बीच किसी ने पुलिस गश्ती दल को सूचना दिया। पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर सभी परिवार को थाना ले आई।

***-दिन से ही शराब पी रहा था राजबल्लमः-***

गुरुवार के दिन ससुराल के कुछ युवकों संग दिन के 10 बजे से ही शराब पी रहा था। जब सूर्यास्त हुआ तब नशे में धुत घर जाकर परसौत पत्नी को सभी बच्चे के साथ घर कादिरगंज चलने का दवाव बनाने लगा। जिस पर सास बुधनी देवी ने साफ मना करते हुए कही की बहुत अंधेरा हो चुका है कल जाइयेगा। लेकिन नशेड़ी पर इसका कोई असर नहीं हुआ। बल पूर्वक पत्नी एवं बच्चे को लेकर घर से मरते पीटते पैदल चल दिया। और रास्ते घर से महज एक किलोमीटर की दूरी पर जाते जाते मासूम को जान से मार दिया।

***पहली पत्नी से थी दो पुत्रीः-***

राजबल्लम की पहली शादी नवादा के अनुसूचित टोला निवासी दौलती देवी संग हुआ था। जिससे दो बच्ची काजल एवं कोमल पैदा हुई। इस बीच दौलती की मौत हो गई। तब पिछले वर्ष विधवा चिंता से शादी किया। चिंता जब गर्भवती हो गई तब उसे पहली पत्नी से रह दोनों बच्चियों समेत ससुराल पवीपुर में छोड़ कमाई को ले चेन्नई चला गया। इस दौरान जब चिंता का अंतिम महीना चल रहा था। तब 15 दिन पूर्व फोनकर सास ने उसे बुलाया। आठ दिन पहले लड़का पैदा हुआ था।

***मां ने बचाई नवजात की जानः-***

पति के दवाव एवं मारपीट से अजीज होकर पति के साथ चल रही चिंता ने भाग कर अपने आठ दिन के नवजात की जान बचाई। पीडित पत्नी कहती है कि खून का बहुत सवार उसका पति ने राह में चलते कई बार उसके गोद से नवजात को खींचने का कोशिश किया। लेंकिन पुत्री को पीटते देख चिंता नवजात को लेकर भाग कर बच्चे का जान बचाई। अभी प्रसूता अवस्था में रही चिंता कहती है कि अगर हम नहीं भागते तो मेरा नवजात को भी पटक देता।

# महान होते हैं शिक्षा के दानी, समाज इन से प्रेरणा ले- नवीन जैन महापौर

आगरा ( वी एन मिश्र )जाने माने शिक्षाविद् और शिक्षक नेता स्वर्गीय श्री दाऊ दयाल शर्मा के नाम से मार्ग का लोकार्पण महापौर नवीन जैन जी ने किया। महापौर ने दिवंगत स्व. श्री दाऊ दयाल शर्मा को याद करते हुए कहा ऐसे लोग महान होते हैं जो शिक्षा का दान करते हैं,समाज को इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

महापौर ने कहा कि उन्होंने जीवन पर्यंत गरीब, बेसहारा परिवारों की बेटियों को न सिर्फ शिक्षा दी बल्कि उनकी शादियों तक में सहयोग किया। उनके नाम से इस मार्ग का लोकार्पण किया गया है। इसके बाद शिक्षक सम्मान कार्यक्रम में भाग लिया जिसकी शुरूआत स्वर्गीय दाऊ दयाल शर्मा के चित्र पर माल्यार्पण व दीप जलाकर की गई।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ भोज कुमार शर्मा ने महापौर का अभिनंदन किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में हरिनारायण चतुर्वेदी, डॉ.देवी सिंह नरवार,




ओमप्रकाश शर्मा, डॉ .संजय बंसल, डॉ. मो जमीर,डॉ .वाई. पी. सिंह,डॉ .सत्य प्रकाश शर्मा,इंजीनियर राजेश चतुर्वेदी का स्वागत किया। इस अवसर पर स्वर्गवासी दाऊ दयाल शर्मा को याद करते हुए उनके द्वारा शिक्षक हित में किए गए कार्यों की चर्चा की गई । शिक्षकों के हित में वह कई बार जेल गए। स्वर्गीय दाऊ दयाल शर्मा जी को उत्तर प्रदेश शिक्षक रत्न दिए जाने की भी मांग की गई।

मार्ग लोकार्पण के अवसर पर नगर निगम के उपसभापति जगदीश पचौरी, पार्षद अर्पित सारस्वत , महानगर मंत्री नवीन गौतम, युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष शैलू शर्मा, जॉर्ज मसीह, कुलदीप जैन, डॉ.अनिल वशिष्ठ, अरुण गौतम ,दीपक शर्मा, शैलेंद्र कुमार ,ओ.पी.भारती, धर्मवीर शर्मा, शिवकुमार शर्मा ,पंकज शर्मा, किरण कुमार ,रविंद्र कुमार, शशि कुमार, युवराज शर्मा का भी सम्मान किया गया।

इस अवसर पर किशन शर्मा, सुरेश चंद शर्मा, विवेक पाराशर, नरेश गौतम ,भरत सिंह यादव ,प्रदीप कपूर, जोरावर त्यागी ,अरुण शर्मा ,शूजाउद्दीन, मकसूद अली ,एस सैमसंन, आशीष पांडे ,योगेश गुप्ता, धीरज सिंह, रणविजय सिंह , सज्जन पाल सिंह,विष्णु कांत शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# मैसर्स लक्सर इंटरनेशनल प्राईवेट लिमिटेड में कार्यरत श्रमिक वर्ग के मध्य आयोजित किया विधिक साक्षरता शिविर

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा प्राप्त निदेशों के अनुपालन में तथा श्री अवनीश सक्सेना, जनपद न्यायाधीश, गौतमबुद्वनगर के दिशा-निर्देशन में तथा श्रीमती शिवानी त्यागी, सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतबुद्वनगर की अध्यक्षता में आज दिनांक 15.07.2022 को समय 12:30 बजे से मैसर्स लक्सर इंटरनेशनल प्राईवेट लिमिटेड, फेस-2, नोएडा में कार्यरत श्रमिक वर्ग के मध्य विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सचिव श्रीमती शिवानी त्यागी द्वारा बताया गया कि बाल श्रम/बाल-मजदूरी की समस्या और उससे निजात दिलाने हेतु सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाओं का संचालन किया गया है। शिविर में आये हुये श्रमिकों को किसी भी प्रकार की बाल श्रम करने तथा कराने से विरत रहने तथा



रोकने हेतु जागरुक किया गया। शिविर में श्रमिक व कारखानों के संदर्भ में अधिनियमित कानूनों यथा औद्योगिक विवाद अधिनियम, ट्रेड यूनियन अधिनियम, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, समान कार्य हेतु समान वेतन आदि विषयों पर विस्तृत रुप से प्रकाश डाला गया। शिविर में श्रम विभाग की ओर से उपस्थित श्रम पर्वतन अधिकारी श्री अनुज वर्मा द्वारा उ0प्र0 सनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा श्रमिकों के लिये संचालित योजनाओं जैसे श्रवण कुमार श्रमिक परिवार धार्मिक पर्यटन यात्रा योजना, गनेश शकर विद्यार्थी पुरस्कार राशि योजना, राजा हरिशचन्द्र मृतक आश्रित सहायता योजना, डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक शिक्षा सहायता योजना, महादेवी वर्मा श्रमिक पुस्तक क्रय धन योजना, आदि के बारे में विस्तृत जानकरी उपलब्ध कराई गई तथा लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया। शिविर में श्रीमती शिवानी त्यागी, सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्वनगर, श्री अनुज वर्मा, श्रम पर्वतन अधिकारी, गौतमबुद्वनगर श्री मदन सिंह, सीनियर मैनेजर, श्री जॉनसन पी थामस, प्लांट हेड, मैसर्स लक्सर इंटरनेशनल प्राईवेट लिमिटेड एवं अधिक संख्या में पुरुष एवं महिला श्रमिकगण उपस्थित रहे।

# लघु उद्योग भारती ने डिस्टल एजुकेशन के सहयोग से युवा कौशल विकास कार्यक्रम किया आयोजन

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी

नोएडा उद्योगों की समस्याओं में से एक प्रमुख समस्या आवश्यकतानुसार प्रशिक्षित कामगारों की उपलब्धता है। शिक्षण संस्थाओं से सीधे भर्ती किए गए युवाओं को प्रशिक्षित करने की लागत वहन करने के साथ ही शासन की नीतियों के अनुपालन की बाध्यता होती है इसके निदान के लिए सरकार की विभिन्न योजनाएं हैं। लघु उद्योग भारती ने डिस्टल एजुकेशन के सहयोग से आज युवा कौशल विकास दिवस कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट के सभागार में किया, जिसमें जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर सुहास एल0 वाई0 आईएएस मुख्य अतिथि तथा विशेष अतिथि लघु उद्योग भारती के प्रदेश अध्यक्ष मधुसूदन दादू एवं जिला उद्योग केंद्र के उपायुक्त अनिल कुमार आमंत्रित किए गए। सूक्ष्म और लघु उद्योग उद्योगों के हित में बनाई गई योजनाओं की जानकारी गौतम बुद्ध नगर जनपद उद्योग केंद्र के उपायुक्त अनिल कुमार द्वारा दी गई। जिलाधिकारी द्वारा अपने संबोधन में बताया कि कैसे सभी उद्यम गुलदस्ते के फूल की तरह है और गौतम बुद्ध नगर प्रमुख औद्योगिक नगरी के रूप में ना सिर्फ प्रदेश बल्कि विश्व पटल पर भी अपनी पहचान बना रहा है। आने वाले समय में यहां एयरपोर्ट के बनने के कारण और भी अवसर नए उद्योगों के लिए उपलब्ध होंगे इसलिए कौशल युक्त युवाओं की आवश्यकता और भी बढ़ेगी। सरकार की नीतियों का फायदा लेते हुए उद्योगों को चाहिए कि वह युवाओं को अपने यहां अप्रेंटिसशिप पॉलिसी के अंतर्गत प्रशिक्षित करें और प्रशिक्षण के बाद उनको अपने ही यहां समायोजित कर सकें। जिलाधिकारी द्वारा इस विषय में इंडिगो एयरलाइन का भी उदाहरण दिया। इस कार्यक्रम में डिस्टल एजुकेशन एंड टेक्नोलॉजी के मैनेजिंग डायरेक्टर अर्जुन मिश्रा ने भी हिस्सा लिया और विस्तृत जानकारी नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम और फ्लेक्सी स्कीम के बारे में दी। इन योजनाओं के अंतर्गत युवाओं को बिना किसी उच्च शिक्षा के कारखानों में ही प्रशिक्षित किया जा सकता है और उन्हें एक निर्धारित समय के उपरांत आईटीआई सर्टिफिकेट और डिप्लोमा एनसीवीटी की ओर से दिया जा सकता है। विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर गौतम बुद्ध नगर के उद्यमी पीके अग्रवाल जिनका पीपीएस इंटरनेशनल के नाम से रेलवे के पुर्जे बनाने का कार्य है उन्हें तथा सुशील कुमार बरनवाल को उनके स्टार्टअप के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में लघु उद्योग भारती और स्वाबलंबी भारत अभियान के लगभग 100 सदस्यों ने हिस्सा लिया इसमें लघु उद्योग भारती के संभाग अध्यक्ष प्रेम सिंह, मंडल अध्यक्ष पवन सिंघल, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप मेहता, लघु उद्योग भारती जिला अध्यक्ष एलबी सिंह, मीडिया प्रभारी मंजुला मिश्रा, नोएडा इकाई के अध्यक्ष अमित गोयल, महासचिव सत्यवीर सिंह, ग्रेटर नोएडा

# असम करीमगंज जिले के कांग्रेस के पूर्व मंत्री और दक्षिण करीमगंज के वर्तमान विधायक सिद्देक आहमद के चाचेरे भाई हैं, जो मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल हैं।

**आफ्तार उद्दीन को चार करोड़ रुपये की हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया।**

असम करीमगंज संवाददाता, सचिंद्र शर्मा, दैनिक समाज जागरण : असम करीमगंज पुलिस अधीक्षक पद्मनाभ बरुआ के नेतृत्व में एक अभियान में बलेरो वाहन के ईंधन टैंक के बगल में एक गुप्त कक्ष से पांच सौ ग्राम प्रतिबंधित हेरोइन बरामद की गई। एक गुप्त सूत्र के अनुसार पुलिस अधीक्षक पद्मनाभ बरुआ को पता चला कि बाड़ीग्राम-भारत-बांग्लादेश सीमा पर स्थित पेचारपार इलाके में कई दिनों से मादक पदार्थ का धंधा चल रहा है. बाड़ीग्राम पेचारपार क्षेत्र में एक बलेरो वाहन (टछ 04 इ 5065) की तलाशी में आज एक गुप्त कक्ष से एक तेल टैंक के बगल में संदिग्ध मादक पदार्थ और हेरोइन बरामद हुईं। पता चला है कि कार का मालिक दक्षिण करीमगंज निर्वाचन क्षेत्र के दलछड़ा ग्राम पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अब्दुस शुक्कुर के पुत्र आफ्तार उद्दीन, दक्षिण करीमगंज के पूर्व मंत्री सिद्देक आहमद के चचेरे भाई के पुत्र हैं. पुलिस के मुताबिक इन मादक पदार्थ और हेरोइन की बाजार कीमत करीब चार करोड़ रुपये है। पुलिस की तलाश जारी है। जांच में कुछ और रग्बी गेंदबाज सामने आएंगे। खबरों के मुताबिक, मादक पदार्थ और हेरोइन के प्रसार को रोकने के लिए पुलिस पिछले कुछ समय से बाड़ीग्राम, आशिमगंज और पाथारकान्दी में कार्रवाई कर रही है. इसके बाद भी ये काले कारोबारी थमने का नाम नहीं ले रहे हैं।



## असम करीमगंज जिले के कवि तापस पाल को त्रिपुरा के आगरतला में कवि सम्मेलन में आमंत्रित किया गया।

असम संवाददाता दैनिक समाज जागरण : विश्व कविमंच अगरतला शाखा द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में आनीपुर करीमगंज के कवि तापस पाल को आमंत्रित किया गया। यह सम्मेलन आगरतला प्रेस क्लब में रविवार 17 जुलाई शाम 5 बजे होगा। बिस्वा कविमंच के मुखपत्र कविताकुंज और साहित्य पेपार सुमिता इस इवेंट में अपना आधिकारिक डेब्यू करेंगे। प्रख्यात शिक्षाविद् और लेखक नियति रॉय बर्मन मुख्य अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। लेखक, शोधकर्ता, बांग्लादेश, बिथिका चौधरी कवि, निबंधकार, त्रिपुरा। तापस पाल, करीमगंज और मधुमंगल सिन्हा धर्मनगर आमंत्रित कवियों के रूप में उपस्थित रहेंगे। समाचार सुनते ही कवि-पत्रकार तापस पाल के शुभचिंतकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



## आगरा जिले के दो पुलिसकर्मियों पर भ्रष्टाचार का मुकदमा

आगरा। आगरा जिले के दो सिपाहियों पर भ्रष्टाचार का मुकदमा एक शिकायत पर एसएसपी ने दर्ज कराया। आगरा के एसएसपी प्रभाकर चौधरी ने जनपद आगरा में तैनात दो पुलिसकर्मियों के खिलाफ भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज करा दिया है। जिले के पुलिस कप्तान प्रभाकर चौधरी ने आगरा जिले की कमान संभालने से पहले ही संकेत दे दिए थे कि भ्रष्टाचार में लिप्त खाकी वदीर्धारियों पर चाबुक चलेगा। बावजूद इसके लगातार आगरा पुलिस के पुलिसकर्मी अपनी आदत से बाज नहीं आ रहे थे। अशोक कुमार की तहरीर पर एसएसपी आगरा ने थाना खेरागढ़ और थाना कागारौल में दो पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

ये है मामला अब आपको पूरा मामला बताते हैं। एसएसपी आगरा को लिखित तौर पर अशोक कुमार नाम के व्यक्ति ने शिकायत की कि गिट्टी और डस्ट से भरे वाहन को निकलवाने के लिए थाना के खेरागढ़ और थाना कागारौल में तैनात कांस्टेबल महीनेदारी की बात कर रहे हैं। एसएसपी आगरा ने अशोक कुमार की शिकायत की जांच कराई तो आरोप सही पाए गए।

इन पर दर्ज कराया मुकदमा एसएसपी आगरा ने अशोक कुमार की शिकायत पर खेरागढ़ थाने में तैनात कांस्टेबल सत्यपाल और कागारौल थाने में तैनात कांस्टेबल अरुण कुमार के खिलाफ भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज करा दिया है। इससे पूर्व भी एसएसपी आगरा ने भ्रष्ट पुलिस कर्मियों की शिकायत के लिए जनपद आगरा वासियों के लिए एक टोल फ्री नंबर जारी किया है। जिसमें आगरावासी भ्रष्ट पुलिस कर्मियों की शिकायत करेंगे। जिनका नाम और पता गोपनीय रखा जाएगा।

## होटल में फंदे पर लटका मिला युवक का शव, रिश्वत देने के बाद भी नहीं लगी नौकरी

आगरा! सिकंदरा के शास्त्रीपुरम में एक होटल में युवक ने खुदकुशी कर ली। होटल के कमरे में फंदे पर उसका शव लटका मिला। स्वजन का आरोप है कि पुत्र से एक शिक्षक ने नौकरी लगवाने के नाम पर पांच लाख रुपये रिश्वत के लिए थे। ये रकम उसने लोगों से कर्ज लेकर दी थी। मूलरूप से जगनेर के गांव मेवली निवासी 25 वर्षीय दीपक पुत्र वीरम सिंह चालक था। वह शास्त्रीपुरम में किराए पर कमरा लेकर रहता था। गुरुवार की सुबह उसने शास्त्रीपुरम के होटल अनमोल पैलेस में कमरा लिया था। जिसमे खुद को बंद कर लिया। देर रात तक बाहर नहीं आया तो होटल के स्टाफ को शक हुआ। उन्होंने कमरा खुलवाने का प्रयास किया। दरवाजा नहीं खुला तो स्टाफ ने पुलिस को सूचना दी

## 11 सूत्रीय मांगों को लेकर हाइवे जाम कर रहे किसानों से पुलिस की हुई झड़प अधिकारियों ने खेद व्यक्त कर किया समझौता

शुक्रवारे को भारतीय किसान यूनियट टिकैत के तहसील अध्यक्ष अमर सिंह राजपूत एवं वीरेश कुमार नीरज यादव के नेतृत्व में कार्यकताओं ने अपनी मांगों को लेकर पहले तहसील परिसर में प्रदर्शन शुरू कर दिया। तहसील अध्यक्ष ने कहा कि यूनियन ने पूर्व में विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन दिया था। उस समय उप जिलाधिकारी गुन्नौर ने समाधान का आश्वासन दिया, लेकिन अभी तक किसानों की मांगें पूरी नहीं की गई। शुक्रवार दोपहर तक किसानों से वार्ता के लिए तहसील का कोई वरिष्ठ अधिकारी वार्ता के लिए नहीं पहुंचा तो सैकड़ों की तादाद में किसान नाराज हो गए और गुन्नौर हाईवे पर थाने के सामने जाम लगा दिया, इसी दौरान, पुलिस तथा किसान यूनियन के बीच में तीखी नोकझोंक हो गई, जिसमें यूनियन के कार्यकताओं को पुलिस ने बल प्रयोग कर खदेड़ दिया, सूचना पर भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश सचिव बिजेंदर सिंह यादव मौके पर पहुंच गए इसके बाद सैकड़ों किसान हाईवे किनारे फिर से प्रदर्शन करने लगे, किसानों एवं पुलिस के बीच हुई नोकझोंक की सूचना पर अपर जिला अधिकारी कमलेश अवस्थी अपर पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार जायसवाल भी थाना कोतवाली गुन्नौर पहुंच गए, किसान नेता विजेंद्र सिंह एवं उच्चाधिकारियों ने वार्ता कर समझौता कर लिया, विजेंद्र सिंह ने बताया कि हमारी 11 सूत्रीय मांग को वार्ता की जिसमें अपर जिला अधिकारी, एवं अपर पुलिस अधीक्षक ने किसानों की मांग को लेकर निस्तारण कराने का आश्वासन दिया है, विजेंद्र सिंह ने कहा की किसानों ब पुलिस में हुई नोकझोंक को लेकर उच्च अधिकारियों ने खेद व्यक्त किया है, समझौते के बाद किसानों ने धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया। इस मौके पर उप जिला अधिकारी रामकेश धामा, क्षेत्राधिकारी संतोष सिंह, बहजोई क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार, तहसीलदार देवेंद्र मणि त्रिपाठी, रजपुरा इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह, जुनावई स्पेक्टर पवन सिंह, गुन्नौर प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र पाल सिंह पूनिया एवं सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

22 may 2022:Layout 1 7/16/2022 1:42 AM Page 5



# राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल ने वितरित किए टैबलेट

## आईटीआई हरदोई व आईटीआई शाहाबाद के छात्र/छात्राओं को टैबलेट वितरित किये गये

दैनिक समाज जागरण/ अखिलेश सिंह ब्यूरो हरदोई




हरदोई। डिजी शक्ति योजना के अन्तर्गत मंत्री स्वतन्त्र प्रभार नितिन अग्रवाल ने आईटीआई हरदोई में आईटीआई हरदोई व आईटीआई शाहाबाद के छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरण किया। इस अवसर पर उन्होने आईटीआई हरदोई के 252 छात्र/छात्राओं को तथा आईटीआई शाहाबाद के 176 छात्र/छात्राओं को टैबलेट वितरित किये। उन्होने अपने सम्बोधन में कहा कि टैबलेट की सहायता से विद्यार्थियों को अध्ययन में सहूलियत होगी। उनमें तकनीक का इस्तेमाल करने की क्षमता बढ़ेगी और प्रधानमंत्री मोदी का डिजिटल इण्डिया का सपना साकार हो सकेगा। उन्होने आगे कहा कि आज विश्व कौशल दिवस भी है। तकनीक के इस्तेमाल से विद्यार्थियों के कौशल में निखार आयेगा। मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने कहा कि विद्यार्थीगण टैबलेट के प्रयोग से डिजिटल लेन-देन भी कर सकते है। सभी विद्यार्थियों को तकनीक का प्रयोग अपने उज्जवल भविष्य के लिए करना है। सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के दूरगामी परिणाम होंगे। इस अवसर पर भाजपा नेता पीके वर्मा, आईटीआई के प्रधानाचार्य आरएस यादव, प्रियम मिश्रा, मनीष मिश्रा, आदि सहित बड़ी संख्या में कालेज के शिक्षक व विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# संडीला पुलिस हुई हाईटेक, नियम तोड़े तो खैर नहीं

## व्यवस्थाः संडीला की सड़कों पर जाम से निजात दिलाएगी 'संडीला पुलिस

दैनिक समाज जागरण /अखिलेश सिंह /रामेंद्र सैनी




संडीला, हरदोई। कावड़ यात्रा व कांवड़ियों व आम जनमानस को सावन माह में कोई खलल न पड़े इसके लिए पुलिस ने व्यवस्था की है। जाम की समस्या से निपटने के लिए तय हुआ है कि शहर के भीतरी हिस्से में बड़े वाहनों का प्रवेश पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा। केवल व्यवसायिक वाहन रात्रि के समय जा सकेंगे। उनके लिए भी सुबह 9 से रात 9 बजे तक नो एंट्री रहेगी। संडीला कोतवाल डीके सिंह ने बताया कि संडीला शहर जाम की समस्या से जूझ रहा था। सावन मास में कांवड़ यात्रा व आम जनमानस की सुविधा के लिए नई व्यवस्था के तहत बड़े वाहनों का प्रवेश पूर्णतया वर्जित किया गया है। व्यवसायिक वाहन केवल रात्रि में ही जा सकेंगे। कोतवाल डीके सिंह ने बताया कि ई रिक्शा चालक इमलिया बाग जाने के लिए बरौना चुंगी से होकर जाएं। कोतवाल ने लोगों से अपील की कि रेलवे क्रॉसिंग फाटक बंद होने पर वाहन अपने साइड में ही खड़ा करें। उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था परमानेंट कर दी गई है यदि कोई भी नियमों का उल्लंघन करते हुए पाया गया तो सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**संडीला पुलिस की शहरवासियों से अपील**

- वाहन चलाते समय शराब का सेवन न करें
- अभिभावक अव्यस्क बच्चों को वाहन न चलाने दें
- बाइक पर तीन लोग एक साथ न चलें
- बाइक चलाते समय हेलमेट अवश्य लगाएं
- कार चलाते समय सीट बेल्ट लगाएं
- कोहरे के लिहाज से वाहन के आगे पीछे रिफ्लेक्टर अवश्य लगा लें
- यातायात नियम, संकेतों का पालन करें।

# पेड़ पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने में निभाते हैं अहम भूमिकाः सुभीता ढाका



नूंह जुबैर खान नूंह, 15 जुलाई। अतिरिक्त उपायुक्त डॉक्टर सुभीता ढाका ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में पेड़ पौधो की कमी के कारण पर्यावरण पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को हर वर्ष एक पौधा जरूर लगाना चाहिए, ताकि पर्यावरण का संतुलन बना रहे। अतिरिक्त उपायुक्त डॉक्टर सुभीता ढाका शुक्रवार को पुन्हाना नगरपालिका परिसर में पौधारोपण कर रहीं थीं ' उन्होंने कहा कि नगर पालिका प्रांगण में आज जो पौधे लगाए हैं उनकी देखभाल भी की जाए। ढाका ने कहा सबको पर्यावरण के प्रति अपनी भागीदारी निभानी चाहिए और हर खुशी के मौके जैसे जन्मदिन ,सालगिरह इत्यादि पर जरूर पौधे लगाने चाहिए। उन्होने कहा कि प्रति वर्ष पोधा रोपण की मुहीम चलाकर पौधे लगाए जाते हैं जिसके परिणाम स्वरूप ही हरियाली का रूप देखने को मिला है।

# ग्राम पंचायत के 01 प्रधान तथा 28 सदस्य एवं 08 क्षेत्र पंचायत सदस्य अर्थात कुल 37 रिक्त पदों की सूचना जारी




गोण्डा। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पं०) डॉ० उज्ज्वल कुमार ने पंचायत उप निर्वाचन, माह जुलाई 2022 में ग्राम पंचायत के 01 प्रधान तथा 28 सदस्य एवं 08 क्षेत्र पंचायत सदस्य अर्थात कुल 37 रिक्त पदों के उप निर्वाचन को शान्तिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने तथा निर्वाचन सम्बन्धी विभिन्न व्यवस्थाओं को समयान्तर्गत पूर्ण करने हेतु प्रभारी अधिकारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया हैं।

उन्होंने कहा कि कार्मिक एवं प्रशिक्षण व्यवस्था हेतू जिला विकास अधिकारी को प्रभारी अधिकारी तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी एवं जिला प्रशिक्षण अधिकारी जिला ग्राम्य विकास प्रशिक्षण संस्थान झंझरी को सहायक प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया है। जो आवश्यकतानुसार मतदान एवं मतगणना कार्मिकों की नियुक्ति तथा नियुक्त किये गये कार्मिकों को निर्वाचन सम्बन्धी प्रशिक्षण एवं उनके प्रस्थान की व्यवस्था एवं कार्मिक व्यवस्था से सम्बन्धित अन्य कार्य करेंगे।

इसी प्रकार यातायात व्यवस्था हेतु प्रभारी अधिकारी नगर मजिस्ट्रेट को बनाया गया है तथा सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन एवं जिला पूर्ति अधिकारी को सहायक प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिनके द्वारा निर्वाचन में वाहनों का आकलन, सरकारी/प्राइवेट वाहनों का अधिग्रहण कराना एवं ईंधन वितरण कराना तथा अन्य सम्बन्धित कार्य संपन्न किया जाएगा।

उन्होंने निर्देश दिया कि नियुक्त किये गये प्रभारी अधिकारी/सहायक प्रभारी अधिकारी सौंपे गये निर्वाचन कार्यो का समयान्तर्गत निर्वहन करना सुनिश्चित करें तथा निर्धारित किए गये कार्यो की प्रगति से अधोहस्ताक्षरी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) को

## तालाब सौंदर्यीकरण में मजदूरों की जगह मशीन से कराया जा रहा कार्य

# उच्चाधिकारियों से हुई शिकायत,जांच कराकर कार्यवाही की मांग

कर्नलगंज, गोण्डा। स्थानीय ब्लाक के अन्तर्गत ग्राम मोहम्मदपुर गड़वार मे मनरेगा के मजदूरों द्वारा हरिप्रसाद सिंह तालाब के सौंदर्यीकरण के कार्य को कराया जाना था, जिससे मनरेगा मजदूरों को काम मिल सके। लेकिन उक्त काम को ग्राम प्रधान के द्वारा मशीनरी सिस्टम का उपयोग करके तालाब सौंदर्यीकरण का काम कराया गया एवं फर्जी मस्टर रोल लगा के पैसा निकाल लिया गया। उपरोक्त मामले में बड़े पैमाने पर धांधली का आरोप लगाते हुए आयुष प्रताप सिंह द्वारा खंड विकास अधिकारी, मनरेगा लोकपाल व उपायुक्त श्रम एवं रोजगार गोंडा से मिलकर शिकायत करते हुए जांच करवाने की मांग की गई है। कहा गया है कि तालाब सौंदर्यीकरण का काम ट्रैक्टरझ्रढुल्लू से किया गया है जिसका वीडियो भी अधिकारियों को दिखाया गया है, लेकिन उसके बाद भी प्रशासन द्वारा मामले में कोई संज्ञान नहीं लिया गया। जिससे संपूर्ण मामले में स्थानीय जिम्मेदार अधिकारियों, कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध होने के साथ ही संलिप्तता प्रतीत हो रही है ।

# पंखे का प्लेग लगाते समय गर्भवती महिला की करंट लगने से हुई मौत परिवार में मचा कोहराम

**रिपोर्ट - समाज जागरण ब्यूरो श्रीकांत श्रीवास्तव**




बाँदा - जनपद के बबेरु कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पतवन गांव में 28 वर्षीय गर्भवती महिला को पंखे का प्लेग लगाते समय करंट लगने से मौत हो गई हैं। परिजनों ने देखा तो बेसुध हालत में बबेरू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। जहाँ पर डॉक्टरों द्वारा देखते ही मृत घोषित कर दिया।

बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पतवन गांव की रहने वाली गर्भवती महिला पूजा देवी पत्नी संता उम्र 28 वर्ष घर में पंखे का प्लेग विद्युत बोर्ड में लगा रही थी। तभी करंट की चपेट पर आकर झुलस गई, परिजनों के द्वारा बबेरू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां पर डॉक्टरो द्वारा देखते ही मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनकर का परिवार में कोहराम मच गया।

वहीं परिजनों ने बताया कि मृतक पूजा गर्भवती थी इसी माह पर महिला की डिलीवरी होनी थी। लेकिन आज पंखे का प्लेक लगाते समय करेन्ट लगने से मौत हो गई है। अभी पिछले वर्ष शादी हुई थी, जो पहला बच्चा गर्भ में था, इस घटना को देखते हुवे परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

वही डॉ बृजेश कुमार भारतीय के द्वारा बताया गया की पतवन गांव से कुछ लोग पूजा पत्नी संता उम्र 28 वर्ष को लेकर आए थे , परिजनों के अनुसार करंट लगा था। जिसका परीक्षण करने के दौरान वह मृत अवस्था पर थी।

# वृक्षारोपण के तहत लगाए गए पेड़ों को पानी दिलाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए डीएम ने दिया आदेश

दैनिक समाज जागरण/ अखिलेश सिंह हरदोई




हरदोई।जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने समस्त कार्यालयाध्यक्ष, कार्यदायी संस्था, सामाजिक वानिकी तथा खण्ड विकास अधिकारियों से कहा है कि 5 जुलाई को संपंन हुए वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं अन्य विभिन्न अवसरों व तिथियों में सभी विभागों द्वारा जो पौधे रोपित किय गये थे वह वर्षा न होने के कारण सूख रहे है। आप सहमत होगें कि वृक्षों को रोपित करने के साथ ही उनका पनपना भी आवश्य है और तभी वृक्षारोपण का उद्वेश्य पूरा होगा।

उन्होने अधिकारियों आदि से कहा है कि सामान्यतः वर्षा न होने के कारण सूख रहे पौधों में विभिन्न श्रोतों से पानी दिलाना सुनिश्चित करें, ग्राम पंचायतों में रोपित पौधों को पानी देने तथा उन्हें सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी की होगी, इसलिए उक्त निदेर्शों का कड़ाई से पालन किया जाये तथा रोपित पौधों को सूखने से बचायें।

# पाली नगर में सफाई व्यवस्था का हाल बद से बदतर

दैनिक समाज जागरण पाली हरदोई। सरकार नगरों को स्वच्छ बनाने के लिए भले ही लाखों रुपये खर्च कर रही हो पर नगर पंचायत पाली में स्वच्छता अभियान फेल साबित हो रहा है। नगर में साफ-सफाई नहीं होने से कई बस्तियों में जगह-जगह गंदगी फैली है। ईओ से लेकर चेयरमैन तक के पाली



न रहने से स्थिति बेहद खराब हो गई है।

नगर के मोहल्ला सुलह सराय में जगह-जगह बिखरा कूडा स्वच्छता अभियान का मुंह चिढ़ा रहा है। वार्ड में सफाई कर्मी नजर ही नहीं आते हैं। सफाई नहीं होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पंचायत प्रशासन की अनदेखी के कारण गंदगी का अंबार लगा हुआ है। इसका खामियाजा नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। नियमित रूप से सफाई न होने से नाले-नालियां भी जाम होने से गंदा पानी सड़क पर बहता रहता है। गंदगी से परेशान मोहल्लेवासी कई बार नगर पंचायत के जिम्मेदारों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन साफ-सफाई पर किसी ने भी ध्यान नहीं दिया है। नगर में गंदगी पसरी होने के कारण मच्छर पनप रहे हैं और संक्रामक बीमारियां फैलने की आशंका है। सफाई नहीं होने के कारण लोगों को कचरे के ढेरों के ऊपर से होकर निकलना पड़ता है। बरसात के मौसम में स्थिति ज्यादा खराब रहती है। क्योंकि कचरे में पानी भर जाने से दुर्गंध आती रहती है। जबकि बीते कुछ दिन पूर्व अपर जिला मजिस्ट्रेट बंदना त्रिवेदी ने पाली नगर पहुंचकर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया तो स्थिति बद से बदतर मिली। उन्होंने नगर पंचायत के कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाकर सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने की हिदायत दी थी, पर एडीएम के आदेश हवा हवाई साबित हुए और नगर की सफाई व्यवस्था का हाल पूर्ववत ही है। नगर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के गेट सेल पर, डाक घर से भूदर मंदिर को जाने वाले रास्ते पर, सुलह सराय में शुक्ल शिवाला के पास, शंकरलाल बाल विद्या मंदिर के पास, भट्ट शिवाला आदि स्थानों पर गंदगी फैली हुई है। मामले में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला ने कहा है कि नगर में सफाई नियमित रूप से कराई जा रही है।

# गोन्डा ड्रूकरजिया बानो बिना टीम के रूटीन चेकअप करने नगर के मेडिकल स्टोरों पर पहुंची*

गोण्डा।विगत बुधवार को दुःखहरणनाथ मंदिर के समीप हाल ही में खुले वैष्णवी मेडिकल्स पर डी आई रजिया बनो पहुंची चेकिंग के दौरान कोई खामियां नहीं मिली वैष्णवी मेडिकल्स में अभी निर्माण कार्य जारी है इसलिए मेडिकल्स के मालिक ने लाइसेंस फ्रेम करके प्रतिष्ठान में नहीं लगाया है ताकि धूल-मिट्टी से बचाव रहे इसी क्रम में तमाम फाइलों पर केंद्रित होते हुए ड्रूकने नाराजगी जताते हुए कहा कैशमेमो नहीं है रजिस्टर नहीं है हालाकि कुछ देर बाद ड्रूकने दवाइयों का सेंपल लेना शुरू किया जहां डिब्बे से एक स्ट्रिप लेनी चाहिये वहीं ड्रूक मैडम ने एक-एक डिब्बा स्टोर करके अपने कार में ले गई अर्णव भारत के प्रधान सम्पदाक एंव जनमोर्चा के रिपोर्टर द्वारा मैडम से सवाल किया गया इन दवाइयों का क्या किया जायेगा जवाब मिला लैब में भेजा जायेगा सेम्पलिंग के लिए इसी क्रम में लगभग दो हजार रुपये की दवाइयां लैब के नाम पर स्टोर करके अपने सुपुर्द किया ।



# भाविप गायत्री शाखा बरवाला ने लगाया रक्तदान शिविरे

**45 रक्तदाताओं ने किया रक्तदाने**

हिसार (राजेश सलूजा) : समाजसेवी संस्था भारत विकास परिषद,गायत्री शाखा बरवाला द्वारा न्यू कक्कड़ मार्केट मे स्थित श्री श्याम हॉस्पिटल बरवाला में निशुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि के रुप में डायरेक्टर आईसीएस अकैडमी धूप सिंह भांबू ने शिरकत की। इस शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि डायरेक्टर आईसीएस अकैडमी धूप सिंह भांबू ने भारत माता व स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। इस रक्तदान शिविर में नागरिक अस्पताल हिसार की टीम ने रक्त एकत्रित करने सबंधी अपनी सेवाएं दी। इस रक्तदान शिविर के प्रकल्प प्रमुख डॉक्टर नरसी कुमार और मास्टर कृष्ण कुमार रोहलन तथा विनोद कुमार बंसल रहे। प्रकल्प प्रमुख डॉक्टर नरसी कुमार और शिक्षक कृष्ण कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान करने से शरीर में से रक्त कम नहीं होता है। बल्कि रक्त का संचार बना रहता है। उन्होंने कहा कि आपके द्वारा दिए गए रक्त से किसी की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने रक्तदान को महादान की संज्ञा दी और समय-समय पर रक्तदान करने का आह्वान किया। इस शिविर में 45 रक्तदाताओं द्वारा अपनी अपनी स्वेच्छा से रक्तदान किया गया। भारत विकास परिषद शाखा बरवाला द्वारा इन रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया। प्रकल्प प्रमुख डॉक्टर नरसी कुमार, मास्टर कृष्ण कुमार व विनोद कुमार बंसल ने अपना विशेष सहयोग दिया। इस अवसर पर जिला सचिव रामनिवास वर्मा, साधु राम जाखड़, सुनीता जाखड़, शिव कुमार कौशिक, शशि कौशिक, प्रधाने टेकचंद मुदगिल, कोषाध्यक्ष जसवंत सिंह लोहान, सचिव सुरेंद्र कुमार गोयल, विधि शर्मा, दिनेश शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, अनिल शर्मा, पवन सैनी, जिले सिंह जाखड़, डॉ कुलदीप शर्मा, डॉक्टर सुमन शर्मा, मीना जांगड़ा, डॉक्टर वजीर सिंह गिल, डॉक्टर करतार सिंह, मास्टर सुरेश चंद्र ,ज्योति, सुनीता व मधु शर्मा आदि मौजूद रहे।

# विश्व युवा कौशल दिवस मनाया गया

दैनिक समाज जागरण
अखिलेश सिंह हरदोई




हरदोई। नेहरू युवा केन्द्र हरदोई के तत्त्वावधान में विश्व युवा कौशल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक और स्पीअरहैड सदस्यों ने गोष्ठी का आयोजन किया। जिला युवा अधिकारी और जिला परियोजना अधिकारी ने विश्व युवा कौशल दिवस का इतिहास और विभिन्न देशों में इसकी उपयोगिता के विषय मे बताया। राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक अभिषेक कुमार ने कौशल विकास संबंधी प्रदेश की योजनाओं पर प्रकाश डाला। बारी बारी से सभी युवाओ ने अपने विचार साझा किए। स्पीयर हेड मुस्कान कश्यप, जागृति तिवारी, प्रतिभा, अंशु बजपाई, दीक्षा, वाणी मिश्रा आदि ने कौशल दिवस आर अपने अपने विचार साझा करते हुए अपने अंदर के कौशल को बताकर युवाओं को कौशल विकास के लिए प्रेरित किया। अंत मे जिला युवा अधिकारी ने टी०वेट (टीवीईटी) टेक्निकल एंड वोकेशनल एडुकेशन एंड ट्रेनिंग के विषय मे विस्तार से जानकारी दी और युवाओं को पढ़ाई के साथ साथ किसी न किसी क्षेत्र में कौशल प्रशिक्षण लेने के लिए भी प्रेरित किया।

## अतिरिक्त उपायुक्त ढाका ने लाभार्थियों को प्रदान किए सब्सिडी के चेक '

नूंह जुबैर खान नूंह 15 जुलाईः- अतिरिक्त उपायुक्त डॉक्टर सुभीता ढाका ने शुक्रवार को हरियाणा महिला विकास निगम की तरफ से दी गई 2 लाख 86 हजार 250 रुपये की सब्सिडी के चेक 30 महिला लाभार्थियों को प्रदान किए ' उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार जनसेवा को समर्पित होकर अंत्योदय की भावना से अंतिम व्यक्ति के उत्थान में सराहनीय व उल्लेखनीय कदम उठा रही है। प्रदेश में गरीब परिवारों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना लागू की गई है, जिसका मुख्य उद्देश्य अंत्योदय की भावना से जरूरतमंद को आर्थिक रूप से लाभान्वित करना है। इस योजना के तहत उन परिवारों को शामिल किया गया है जिनकी वार्षिक आय एक लाख रुपए से कम हैं और उनकी आय को एक लाख 80 हजार रुपए तक पहुंचाना प्रदेश सरकार का मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि विभागीय स्तर पर प्रदत्त सेवाओं को तत्परता से सरल तरीके से योजना का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया जाए ' ढाका ने अधिकारियों को निर्देश दिए की किसी भी लाभार्थी को लोन के लिए चक्कर न काटने पड़े ' उन्होंने इस अवसर पर महिलाओं से लोन के उपयोग के बारे मे भी जानकारी ली




## नियम 12बी के तहत मतदाता सूचियों में होगा संशोधन :- उपायुक्त

**नूंह जुबैर खान** नूह 15 जुलाई : उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) अजय कुमार ने बताया कि हरियाणा राज्य चुनाव आयोग द्वारा यह स्पष्टद्द किया गया है कि यदि किसी व्यक्ति का नाम विधानसभा मतदाता सूची में दर्ज है और वह व्यक्ति पंचायती राज संस्थाओं की वार्ड अनुसार मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवाना चाहता है तो हरियाणा पंचायती राज नियमावली 1994 के नियम 12 बी के तहत ऐसे व्यक्ति का नाम दर्ज करना होगा। अजय कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायत, पंचायत समिति एवं जिला परिषद की मतदाता सूचियों में नया नाम जोडड्ने, नाम हटाने अथवा नाम में शुद्धिकरण केवल तभी किया जाएगा यदि इसका रिकार्ड विधानसभा मतदाता सूची में नाम दर्ज है। इसलिए नियम 12 बी के तहत प्रावधानों के अनुसार ही मतदाता सूचियों में पात्र व्यक्तियों के नाम में संशोधन किया जाए। किसी भी मतदाता के अधिकार न देना या अधिकार का हनन करना लोकतंत्र के मूलभूत सिद्धांतों के विरूद्ध है। उन्होंने बताया कि पंचायती राज संस्थाओं की मतदाताओं सूचियों का अंतिम प्रकाशन 22 जुलाई को किया जाएगा। यह मतदाता सूचियां गत 1 जनवरी, 2022 को क्वालीफाईंग तिथि मानकर तैयार की गई विधानसभा मतदाता सूचियों के आधार पर तैयार की जा रही हैं।

# राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित पात्र अध्यापक 30 जुलाई तक करें ऑनलाइन आवेदन

नूंह जुबैर खान नूंह 15 जुलाईः-हरियाणा सरकार ने योग्य अध्यापकों से ह्यराज्य शिक्षक पुरस्कार-2022ह्व के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। ऑनलाइन आवेदन करने के लिए लिंक ओपन हो चुका है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 जुलाई 2022 है। सरकारी प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पात्र अध्यापक ह्यराज्य शिक्षक पुरस्कार-2022ह्व के लिए http://14.192.19.188/Stateaward2022 के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि उक्त लिंक पर ह्यराज्य शिक्षक पुरस्कार-2022ह्व से संबंधित सभी दिशा-निर्देश, निर्धारित मापदंड एवं पुरस्कारों की संख्या तथा अन्य जानकारी उपलब्ध है। केवल इस लिंक अथवा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे। किसी भी परिस्थिति में ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। यदि आवेदक शिक्षक को पोर्टल या लिंक पर अपना आवेदन करते समय किसी प्रकार की कोई तकनीकी समस्या आती है तो वह विभाग की ई-मेल आईडी stateteacheraward2021@gmail.comया हेल्पलाइन नंबर 0172-5049801 पर संपर्क कर सकता है।

# महिला ग्राम संगठन का हुआ गठन।

नवाबगंज (गोण्डा) सरकार की मंशा है कि महिलाएं भी उद्यमों की स्थापना करें और स्वावलंबी बने जिसके लिए गांव में ज्यादा से ज्यादा महिला स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जा रहा है। इन समूहों को सरकार वित्तीय सहायता भी प्रदान कर रहा है।सरकार का उद्देश्य है कि एक समूह दूसरे समूह के साथ मिलकर काम करे और एक-दूसरे की उन्नति में भागीदार बने। इसी क्रम में क्षेत्र के फत्तेपुर गांव में महिला स्वयं सहायता समूहों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के एडीओ आईएसबी रमेश कुमार मौजूद रहे। उन्होंने महिलाओं को स्वयं सहायता समूह की बारीकियों और फायदे गिनाए। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं के साथ है और उनके उत्थान के लिए हर संभव प्रयास कर रही है बस महिलाओं के आगे आने की जरूरत है।इस दौरान पांचों स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की मौजूदगी में फुलवारी प्रेरणा महिला ग्राम संगठन का गठन किया गया। जिसमें ग्राम संगठन की अध्यक्ष रीता मौर्या, उपाध्यक्ष सुशीला, उप सचिव संगीता देवी और कोषाध्यक्ष के रूप में कैलाशा का नाम दिया गया जिसे पांचों समूह की महिलाओं ने सर्वसम्मति से पारित किया। बैठक का संचालन सीनियर आईसीआरपी तारादेवी और लीला ने किया। इस मौके दर्जनों महिलाएं मौजूद रहीं।

# प्रेमी ने प्रेमिका की चाकू से गोदकर की हत्या, पुलिस मुठभेड़ हत्यारा प्रेमी गिरफ्तार



रिपोर्ट - समाज जागरण ब्यूरो श्रीकांत श्रीवास्तव बांदा - जनपद बांदा के देहात कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत महोखर में एक महिला की चाकू से गोद कर हत्या की गई, घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह सहित अन्य अधिकारी, हत्या करने के बाद फरार हुए प्रेमी को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान किया गिरफ्तार

प्रेम प्रसंग के चलते प्रेमी ने प्रेमिका को चाकुओं से गोदा खेत में सौच को जाते वक्त दोनो में हुई थी कहा सुनी जिसके बाद दिया था घटना को अंजाम सूचना के बाद फोरेंसिक टीम ,डॉग यूनिट के साथ पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे

जनपद बांदा के शहर कोतवाली अंतर्गत महोखर गांव से एक दर्दनाक घटना सामने आई है जहां पर प्रेम प्रसंग के चलते नाराज प्रेमी ने प्रेमिका की चाकू से गोदकर हत्या कर दी बता दे की महोखर गांव की रहने वाली मंजू 24 वर्ष की शादी जून माह की 22 तारीख को अतर्रा के रहने वाले अरविंद से हुई थी शादी के बाद वह पहली बार अपने मायके आई हुई थी आज सुबह जब वह शौच के लिए खेतों पर जा रही थी तभी उसका प्रेमी प्रमोद आ गया और दोनों में कहासुनी होने लगी जिसके बाद प्रेमी ने धारदार हथियार से प्रेमिका की हत्या की घटना को अंजाम दिया गांव के लोगों द्वारा मृतिका के परिजनों को खबर मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस के आला अधिकारी फॉरेंसिक टीम यूनिट के साथ मौके पर पहुंच कर आरोपी युवक की तलाश शुरू कर दी कड़ी मेहनत के बाद पुलिस टीम को कामयाबी मिली जिससे घटना के कुछ ही घंटों के बाद आरोपी युवक को घेरा बंदी कर गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तार करने में आरोपी युवक की तरफ से फायरिंग की गई जवाबी फायरिंग में आरोपी युवक के पैर में गोली लग गई जिससे वह घायल हो गया और उससे गिरफ्तार कर अस्पताल में इलाज के बाद आरोपी युवक के खिलाफ आगे की कार्यवाही की जाए वहीं घटना के बाद से मृतिका के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है

मृतका के पिता रामअवतार ने बताया कि उसकी बेटी मंजू शादी के बाद 4 जुलाई को ससुराल से आई हुई थी और आज ससुराल के लोग अपनी बहू को लेने आ रहे थे पर उन्हें क्या मालूम उनकी बहू अब इस दुनिया में नहीं है आज सुबह शौच के लिए गई हुई थी तभी प्रमोद ने अचानक आकर मंजू के ऊपर चाकू से हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया

वही पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने बताया हत्या की घटना की सूचना मिलने पर आला अधिकारियों के साथ फॉरेंसिक टीम यूनिट डॉग स्क्वायड ने मौके में पहुंच कर तफ्तीश शुरू कर दी प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग का लग रहा है मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी युवक की तलाश में टीम यूनिट जुट गई कड़ी मशक्कत के बाद घटना के कुछ घंटों बाद आरोपी युवक को घेर कर पकड़ लिया गया है गिरफ्तारी के दौरान युवक ने अपने को चारों तरफ से गिरा हुआ देख पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी जिसमें जवाबी फायरिंग में युवक के पैर में गोली लगी है जिसका इलाज अस्पताल में कराया जा रहा है उसके बाद आरोपी युवक पर कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी

22 may 2022:Layout 1 7/16/2022 1:42 AM Page 6



# मत्स्य पालन शिविर में आवेदकों को आवंटित हुआ पट्टा

*विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की दी गई जानकारी*

**समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी**

गौरीगंज/अमेठी तहसील परिक्षेत्र में रोजगार को बढ़ावा देने के मकसद से प्रशासन के निर्देश पर मत्स्य पालन शिविर का आयोजन करके आवेदको को तालाब का पट्टा दिया गया। जिससे लाखों रुपया प्रति वर्ष सरकारी राजस्व को फायदा होगा। विदित हो कि उपजिलाधिकारी राकेश कुमार के निर्देश पर तहसीलदार दिग्विजय सिंह की देखरेख में नायब तहसीलदार आशुतोष



पाण्डेय के नेतृत्व मत्स्य पालन नीलामी शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 70 आवेदको ने आवेदन किया। पात्रता के आधार पर 27 आवेदकों को 15 हेक्टेयर में मत्स्य पालन हेतु तालाब के पट्टे का आवंटन किया गया। पट्टा दस वर्ष की अंतरिम अवधि के शर्तो के अन्तर्गत तक पात्रों को आवंटित किया जाता है। जिससे प्रशासन को दस वर्ष तक साढ़े तीन लाख रुपए का प्रतिवर्ष राजस्व लाभ मिलता रहेगा। मत्स्य निरीक्षक अनुरुद्ध वर्मा ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजना तथा उन्नतिशील किस्म के बीजों व पैदावार की बढ़ोत्तरी के बारे में विधिवत बताया गया। इस मौके पर रजिस्ट्रार कानूनगो अमरनाथ दुबे, त्रिभुवन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# मिड डे मील में गड़बड़ी के चलते हेडमास्टर निलम्बित

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़

वैसे तो मिड डे मील पूरी तरह से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी हैं हेडमास्टर और प्रधान की इस घिनौनी रस्साकसी के शिकार बेचारे छोटे छोटे बच्चे हुआ करते हैं शुक्ल मनाइए योगी जी का जिनके फरमान अधिकारियों को जांच के लिए मजबूर कर दिया है जानते सारे अधिकारी हैं क्यों कि प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से इनकी भु भागीदारी होती ही है हुआ यह कि सांगीपुर के प्राथमिक विद्यालय डभियार में मेनू में दाल रोटी थी लेकिन सब्जी रोटी बनाती गती थी बेसिक शिक्षा अधिकारी मेनू के खिलाफ भोजन देख कर हेडमास्टर पर उबल पड़े ,फिर गुणवत्ता पर ध्यान गया तो उसमें भी खामी पारी गती रसोई घर में भोजन सामग्री के रख रखाव की व्यवस्था भी ठीक। नहीं दिखाई दी स्पोरट के सामान तो खरीदें ग्रे लेकिन अध्यापक महोदय बाउचर नहीं दे सके

बि यस ए भूपेंद्र सिंह ने गुरुवार को लालगंज व सांगी पुर के नौ विद्यालयों का निरीक्षण किया कहीं शैक्षिक गुणवत्ता में कमी, कहीं रजिस्टर अधूरे , कहीं व्य का हिसाब गड़बड़े विद्यालय में बैठने के फर्नीचर होने के बावजूद बच्चों को जमीन में बैठाया गया था गड़बड़ी के चलते कइयो का वेतन भी रोक दिया गया निरीक्षण पहले भी होते थे लेकिन कार्यवाही नहीं होती थी परिणाम हुआ कि कुएं में भांग घुलती गयो और सभी रहना के स्वाद में लग गेल

## छात्र ने लगाई आग, हालत गंभीर'

समाज जागरण अरुण शुक्ल लालगंज प्रतापगढ़ सांगीपुर बाजार के राकेश कुमार मोदनवाल का लड़का अनुराग मोदनवाल 14 वर्ष निवासी गौरीगंज अमेठी ने शुक्रवार की दोपहर लगभग दो बजे घर पर अकेला होने से किसी बात से नाराज होकर घर के पीछे अपने को एक बोरा मे बन्द कर आग लगा लिया ' चीख पुकार सुनकर पडोसियो ने भाग कर बोरा से बाहर निकाला और आग बुझाया तब तक छात्र गम्भीर रुप से घायल हो गया था ' सूचना पर एम्बुलेंस से सी एच सी सांगीपुर ले गये जहाँ डाक्टरो ने गम्भीर हालत देख जिले के प्रताप बहादुर अस्पताल रिफर कर दिया ' वहां से स्वजनो ने प्रयागराज अस्पताल लेकर चले गये ' खबर लिखे जाने तक छात्र की हालत गंभीर बनी हुई है ' छात्र के पिता दो वर्ष पूर्व सांगीपुर बाजार मे किराये के कमरे मे चाय, समोसा, मीठा आदि की दुकान चलाता है '

छात्र निर्मला देवी शि, सन्थान सुकुलपुर सांगीपुर मे सात का छात्र है ,छात्र देहरादून शहर मे अपने रिस्तेदार के यहाँ रहकर पढाई करने की जिद कर रहा था ' पिता व माँ स्कूल उसी की फीस जमा करने गये थे '

# गौरीगंज पुलिस द्वारा दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में वांछित ङ्ग1 अभियुक्त गिरफ्तार

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

अमेठी जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलये जा रहे अभियान के क्रम आज उ0नि0 राजेश कुमार प्रथम थाना गौरीगंज मय हमराह द्वारा तलाश वांछित व देखभाल क्षेत्र के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु॰ अ॰ सं॰ 240 / 2022



धारा363,366,504,506,376 भादवि एवं ङ व 7/8 पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त कैलाश पुत्र राधेश्याम निवासी ग्राम जगमलपुर मजरे सेम्भुई थाना गौरीगंज जनपद अमेठी को काजीपट्टी रेलवे स्टेशन फटक के पास से समय करीब 8:00 बजे गिरफ्तार किया गया थाना गौरीगंज द्वारा विधिक कार्रवाही की जा रही है।

# मालगाड़ी की चपेट मे आने से युवती की मौत

**समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी**

अमेठी रायबरेली रेलवे लाईन फुरसतगंज क्रासिंग के पास एक २०वर्षीय युवती की मालगाड़ी की चपेट मे आने से दर्दनाक मौत हो गई मामला फुरसतगंज स्टेशन से दो सौ मीटर दूर पूर्वी फाटक है जहां से मालगाड़ी अपने समय (5:58 )से गुजर रही थी तभी अचानक एक युवती उसके चपेट में आ गई जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।वहीं युवती की पहचान नहीं हो पाई है वहीं युवती के बदन पर लाल रंग की कमीज तथा नीले रंग का सलवार तथा धानी रंग का दुपट्टा बदन पे था वहीं हाथ में रक्षा सूत्र भी बंधा हुआ था। सूचना पर पहुंची फुरसतगंज पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया वहीं एस आई वीरेंद्र पांडेय ने कहा कि शव की शिनाख्त कराई जा रही है आगे विधिक कार्यवाही की जायेगी

# आजादी के अमृत महोत्सव पर कोविड-19 वेक्शीनेशन बूस्टर डोज टीकाकरण शुरू

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बलाघात।भारत सरकार द्वारा आजादी के 75 वें वर्ष पर मनाए जा रहे अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य पर 18 वर्ष से 59 वर्ष के व्यक्तियों को बूस्टर डोज कोविड टीका निःशुल्क लगाए जाने का निर्णय लिया गया है। विदित हो कि इससे पूर्व 18 वर्ष से 59 वर्ष के सभी व्यक्तियों को बूस्टर डोज कोविड-19 टीकाकरण सिर्फ निजी चिकित्सालय अथवा केंद्रों में भुगतान उपरांत लगाया जा रहा था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज पाण्डेय ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में अमृत महोत्सव के इस अवसर पर दिनांक 15 जुलाई से 18 वर्ष से 59 वर्ष के सभी व्यक्तियों को कोविड-19 बूस्टर डोज निःशुल्क लगाए जाने का निर्णय लिया गया है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ परेश उपलप ने बताया कि बालाघाट जिले मे जिला सीएसडबलूएम छात्रावास, सभी सिविल अस्पताल, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, जैसे महत्वपूर्ण स्थानों में 15 जुलाई से 18 वर्ष से 59 वर्ष के सभी व्यक्तियों को जिन्होंने कोविड-19 टीकाकरण की दूसरी डोज 6 माह पूर्व लगवाई है उन्हें निःशुल्क बूस्टर डोज कोविड-19 वैक्सीन का दिया जाएगा।

जिले के 18 से 59 वर्ष आयु वर्ग के लोगों से अपील की गई है कि वे अपने निकटवर्ती टीकाकरण केन्द्र पर जाकर कोविड-19 निरोधक बूस्टर डोज टीका अवश्य लगवायें।

# अमेठी शुकुल बाजार लकड़ी का कटान जोरों पर

समाज जागरण संवाददाता मोहम्मद तारिक

शुकुल बाजार अमेठी एक और जहां प्रदेश सरकार दैवीय आपदाओं एवं विभीषिकाओं से बचाने के लिए वनों का संरक्षण तथा पेड़-पौधे लगाने के लिए प्रयास कर रही हैं लेकिन पेड़ों की कटाई को रोकना बड़ा मुश्किल है। क्षेत्र में पुलिस की मिलीभगत से हरे पेड़ों की कटाई का क्रम जारी है। ट्रैक्टर-ट्राली पर लादकर लकड़ी को आरा मशीनों पर पहुंचाया जा रहा है। ऐसा नहीं है पुलिस विभाग अनजान है। आरोप है कि लकड़ी माफिया पुलिस एवं विभागीय कर्मचारी मिल-जुलकर हरे पेड़ की कटाई के खेल में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। अगर यही हालात रही तो क्षेत्र पेड़ों से खाली हो जाएगा।



पर्यावरण को संतुलित रखने के लिये पेड़-पौधों का होना आवश्यक है। उसके लिये सरकार द्वारा बड़े-बड़े स्लोगन लिखवाए जाते हैं, प्रचार-प्रसार किया जाता है। पौधे लगाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे है। पर सच यह है कि पेड़ तो कम लगते हैं अलबत्ता उनकी कटाई जोरों पर हो जाती है। हरे पेड़-पौधों की कटाई से अवैध कमाई तो लकड़ी माफियाओं के साथ साथ पुलिस एवं विभाग को होती है। सूत्र बताते है कि पुलिस लकड़ी माफियाओं से प्रति पेड़ मोटी रकम वसूलती है। जिस तरह से क्षेत्र में हरे पेड़ों की कटाई हो रही है, इसके भयावह परिणाम से आम आदमी की जिंदगी को भारी खतरा है। पेड़ों की कटाई के कारण अवर्षण, बाढ़ जैसी आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है। वहीं किसान सूखे की चपेट में आकर कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं।

# छात्रवृत्ति हेतु कक्षा 9-10 के छात्र 07 अक्टूबर तक एवं कक्षा 11-12 एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाओं के छात्र 07 नवम्बर तक करें आवेदन

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़। जिला समाज कल्याण अधिकारी राजीव कुमार ने बताया है कि शैक्षिक सत्र वर्ष 2022-23 में पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना (कक्षा 9-10) एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत (कक्षा 11-12) एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाओं से सम्बन्धित पाठ्यक्रमों का मास्टर डाटाबेस तैयार करने, सत्यापन, लॉक करने एवं छात्र/छात्राओं के छात्रवृत्ति आवेदन से वितरण हेतु समय सारिणी जारी कर दी गयी है। उन्होने बताया है कि पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत दिनांक 20 जुलाई से 16 अगस्त तक प्रदेश में स्थित मान्यता प्राप्त विद्यालय द्वारा मास्टर डाटाबेस में सम्मिलित होने के लिये आनलाइन आवेदन करने की कार्यवाही की जायेगी। जिला विद्यालय निरीक्षक के समक्ष समस्त प्रपत्र प्रस्तुत करना, तदोपरान्त जिला समाज कल्याण अधिकारी से पासवर्ड प्राप्त करना (नवीन संस्थायें) एवं मास्टर डाटा में सम्पूर्ण सूचनायें भरकर/अपलोड करके प्रमाणित किया जायेगा। उन्होनें बताया है कि माह जुलाई से 07 अक्टूबर तक छात्रवृत्ति हेतु छात्र/छात्राओं द्वारा आनलाईन आवेदन किया जायेगा। आनलाईन आवेदक पत्र की हार्डकापी छात्र/छात्राओं द्वारा वांछित संलग्नकों सहित विद्यालय में 14 अक्टूबर तक जमा किया जायेगा। दिनांक 20 नवम्बर तक जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा विद्यालय की मान्यता वास्तविक छात्र संख्या आदि की प्रमाणिकता को आनलाईन सत्यापित किया जायेगा। इसी प्रकार दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत माह जुलाई से 22 अगस्त तक प्रदेश में स्थित मान्यता प्राप्त विद्यालय द्वारा मास्टर डाटाबेस में सम्मिलित होने के लिये आवेदन करने की कार्यवाही शिक्षा विभाग/विश्वविद्यालय/एफिलियेटिंग एजेन्सी के माध्यम से की जायेगी, तदोपरान्त जिला समाज कल्याण अधिकारी से पासवर्ड प्राप्त करना (नवीन संस्थायें) एवं मास्टर डाटा में सम्पूर्ण सूचनायें भरकर/अपलोड करके डिजिटल हस्ताक्षर से प्रमाणित किया जायेगा। उन्होनें बताया है कि माह जुलाई से 07 नवम्बर तक छात्रवृत्ति हेतु छात्र/छात्राओं द्वारा आनलाईन आवेदन किया जायेगा। आनलाईन आवेदक पत्र की हार्डकापी छात्र/छात्राओं द्वारा वांछित संलग्नकों सहित शिक्षण संस्था में 10 नवम्बर तक जमा किया जायेगा। दिनांक 10 दिसम्बर तक जिला विद्यालय निरीक्षक (कक्षा 11-12) एवं सम्बन्धित विश्वविद्यालय एवं एफिलियेटिंग एजेन्सी द्वारा संस्था की मान्यता, पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम का वर्ष एवं अध्ययनरत वर्गवार वास्तविक छात्र संख्या की प्रमाणिकता को डिजिटल हस्ताक्षर से आनलाईन सत्यापित किया जायेगा। अपात्र छात्रों, पाठ्यक्रमों, संस्थाओं को ब्लॉक किया जायेगा।

# युवक ने पेड़ पर फांसी लगाकर किया आत्महत्या

समाज जागरण प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ़:- बाघराय थाना क्षेत्र के बूढेपुर गांव निवासी शिवशंकर सिंह का छोटा बेटा मनोज सिंह उम्र 23 वर्ष जो कि वह काफी समय से मानसिक रूप से अस्वस्थ्य चल रहा था। जिसका उसका इलाज भी चल रहा था। शुक्रवार को भोर में वह घर से शौच के लिए कह कर निकला तो घर से करीब 400 मीटर दूर पर एक आम के पेड़ में रस्सी के सहारे फांसी लगा आत्महत्या कर लिया था। जब सुबह नित्यक्रिया को गांव के लोग गए तो उसकी यह हालत देख सन्न रह गए। इस मामले की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे तो हड़कंप मच गया। मृतक के दादा हरिशंकर सिंह ने एत्तफाकिया तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिएभेजा। युवक की मौत को लेकर परिजनों में कोहराम मचा रहा।

# पूर्व प्रधान पर जानलेवा हमला, पांच पर केस

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने पूर्व प्रधान के साथ हुई मारपीट व फायरिंग की घटना में तीन नामजद व दो अज्ञात समेत पांच लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कराया है। लालगंज कोतवाली के मिश्राइनपुर गांव निवासी पूर्वप्रधान पारसनाथ शुक्ल पुत्र स्व. रामदेव शुक्ल ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती चौदह जुलाई की दोपहर साढे बारह बजे वह टैज्क्टर लेकर खेत से अपने घर लौट रहे थे। रास्ते मे कोतवाली क्षेत्र के खानापटटी गांव के इरफान खान व फैजान पुत्रगण रिजवान तथा एजाज पुत्र असगर अपने दो अज्ञात साथियों के साथ पीछे से पहुंचे। आरोपीगण पूर्व प्रधान को रोककर गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियो ने जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया लेकिन जमीन पर बैठ जाने से पूर्व प्रधान की जान बच सकी। शोर मचाने पर आरोपीगण जान से मारने की धमकी देते चले गये। मामले मे पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ गालीगलौज व जानलेवा धमकी तथा फायरिंग व हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल कमलेश पाल का कहना है कि मुकदमा दर्ज किया गया है, मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# प्रमोद के जन्मदिन पर रामपुर खास पहुंचे विधायक वीरेन्द्र चौधरी का हुआ गर्मजोशी से स्वागत

लालगंज, प्रतापगढ़। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी के जन्मदिन को लेकर सदभावना सभा में शामिल होने रामपुर खास आये विधायक वीरेन्द्र चौधरी का यहां शुक्रवार को जोरदार स्वागत दिखा। अगई सीमा से लेकर लालगंज नगर तक जगह जगह कार्यकताओं ने प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना के समर्थन में नारेबाजी करते हुए कांग्रेस विधायक को फूल व मालाओं से लाद दिया। कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर विधायक वीरेन्द्र चौधरी पर मगन कार्यकर्ता फूलों की पंखुड़ियो से भी स्वागत के हर्षोल्लास मे दिखे। विधायक वीरेन्द्र चौधरी ने नगर के चौक पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन भी अर्पित किये। स्वागत करने वालों मे पूर्व प्रमुख ददन सिंह, उर्मिला शुक्ला, राकेश शुक्ला, राजू यादव, रिंकू शुक्ला, धीरेन्द्र पाण्डेय, प्रदीप सिंह, विजयशंकर मिश्र, प्रवीण मिश्र, श्याम मौर्या, इंद्रसेन सिंह, दिलीप कुमार मिश्र, मनीष सिंह, पवन कुमार मिश्र, अंजनी मिश्र, सोनू तिवारी, रूपनाथ पटेल, शिव बहादुर यादव, नागेश जायसवाल, मक्खन लाल साहू, बृजेश पटेल, गुडडू द्विवेदी, मोहित यादव, दिग्विजय सिंह, रामआसरे पाण्डेय, धीरेन्द्र कुमार, जगदीश नारायण तिवारी बब्लू, बृजेन्द्र शुक्ल मुन्ना आदि प्रमुख रहे।

# प्राथमिक शाला हीरापुर में कानूनी साक्षरता शिविर एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो बालाघाट।म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष दिनेश चन्द्र थपलियाल के मार्गदर्शन में ख्खपंच-योजनाख्ख के अधीन शास.प्राथमिक शाला हीरापुर, बालाघाट में 14 जुलाई को प्रातः 11 बजे कानूनी साक्षरता शिविर एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में जिला न्यायाधीश/सचिव श्री आसिफ अब्दुल्लाह द्वारा बच्चों को रोजमर्रा की जिन्दगी में आने वाली किसी भी प्रकार की समस्या के लिए निःशुल्क कानूनी सलाह एवं सहायता के लिए कार्यलय में सम्पर्क करने की जानकारी दी गयी। बच्चों से 01 से 10 तक पहाड़ा पूछा गया जो लगभग सभी बच्चों के द्वारा बता दिया गया । इसके अतिरिक्त बच्चों से अन्य चर्चा भी की गयी। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश/सचिव श्री आसिफ अब्दुल्लाह तथा जिला विधिक सहायता अधिकारी सोमनाथ राय द्वारा अशोक, आंवला, पुत्राजीवा, सिन्दूर, मुनगा, प्रजाति के पौधे रोपे गये। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता सुश्री



कमर सुल्ताना, सुरेश कुमार बिजेवार, शिक्षिका संध्या कुथे, श्रीमती लक्ष्मी मड़ावी, श्रीमती दिव्या भूते, अमिन शेख, अनिल डोंगरें, मोहनलाल बिजेवार आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में योजनाओं के पम्पलेट्स वितरित

# 30 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ ,तीन गिरफ़्तार!

(संवाददाता) विवेक कुमार ! नगराम /लखनऊ ! एसीपी मोहनलालगंज धर्मेंद्र सिंह रघुवंशी के निर्देशन पर कमिश्नरेट की नगराम पुलिस ने बृहस्पतिवार की देर शाम दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर 30 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ तीन को गिरफ्तार किया । नगराम थाना प्रभारी शमीम खान ने बताया कि थाना पुलिस की दो टीमें अलग-अलग गठित की गई थी , जिसमें हेड कां॰ ललित सिंह, कां॰ अंकित सरोज , गजराम सहित मकसूद खान ने हुसैनाबाद निवासी अवध राम को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया । दूसरे अभियुक्त संतोष कुमार निवासी जमालपुर ददूरी को गांव स्थित पुल के पास से 10 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया । वही उपनिरीक्षक देवकरन , हमराही अमित कुमार व सतेंद्र कुमार के साथ शाह मोहम्मद पुर अपैया गांव में छापेमारी कर अक्षय कुमार को गांव के समीप से 10 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया । पकड़े गए तीनों अभियुक्तों पर नगराम थाने पर धारा 60 अधिनियम के तहत मामले दर्ज हैं । शुक्रवार को मामला दर्ज किया गया है ।

# पत्नी और भाई की हत्या के बाद खुद को भी मारी गोली, पुलिस के सामने किया बड़ा खुलासा

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी

अमेठी सुबेहा थाना क्षेत्र के शुक्लपुर गांव में शुक्रवार दोपहर एक युवक ने अपनी पत्नी व बड़े भाई की हत्या कर दी। पिता को भी धारदार हथियार से घायल कर दिया। इतना सब करने के बाद छत पर चढ़कर उसने खुद को भी गोली मार ली। युवक और उसके पिता को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया है। प्रथम दृष्टया अवैध संबंधों की बात सामने आ रही है।

शुक्रवार को करीब 11:30 बजे सुबेहा पुलिस को सूचना मिली कि शुकुलपुर गांव का युवक विजय कुमार (35) अपनी छत पर तमंचे के साथ मौजूद है। पुलिस मौके पहुंची तो वहां ग्रामीणों की भीड़ लगी थी। युवक तमंचा लहरा रहा था। पुलिस व गांव के लोगों ने युवक से नीचे उतरने को कहा तो उसने एक बड़ा खुलासा किया। उसने बताया कि उसने अपनी पत्नी अंजलि (34) की दो दिन पहले हत्या कर दी है और उसका शव घर में मौजूद है। उसने यह भी बताया कि पत्नी से संबंध होने के कारण उसने अपने बड़े भाई विजय को भी मार डाला है। युवक ने बताया कि उसने अपने पिता राज नारायण (65) को भी घायल कर दिया है। पुलिस कुछ कर पाती तब तक युवक ने अपनी गर्दन के पास गोली मार ली। हड़कंप के बीच छत के ऊपर पहुंची पुलिस ने युवक को नीचे उतारा और जब घर की तलाशी ली तो दंग रह गई। अंदर उसकी पत्नी अंजलि का शव मिला। भाई विजय की भी धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। युवक का पिता राज नारायण भी घायल मिला। पुलिस ने आनन-फानन युवक विजय और उसके पिता राजनारायण को अस्पताल भेजा है।

एसपी अनुराग वत्स ने बताया कि, युवक ने अपने भाई व पत्नी की हत्या की धारदार हथियार से हत्या करने के अलावा पिता को भी घायल किया और खुद को भी गोली मार ली है। एसपी ने बताया कि प्रथम दृष्टया पत्नी का भाई के साथ अवैध संबंध होने के कारण युवक ने यह कदम उठाया। मामले की विस्तृत जांच के बाद ही सारा सच सामने आएगा। ग्रामीण इस मामले में भूमि विवाद होने के बाद ही कह रहे हैं। उधर, इस घटना से जहां पुलिस अधिकारियों में हड़कंप मचा है वहीं क्षेत्र में सनसनी का माहौल है।

# बताइए साहब ! गठित कमेटी ने आज तक क्यों नहीं शुरू की कानपुर के स्टाफ नर्स उत्पीड़न मामले की जांच ?

## *डिप्टी सीएम विभागीय मंत्री से की कानपुर के स्टाफ नर्स उत्पीड़न मामले में जांच और निदेशक कार्डियोलॉजी के तबादले की मांग*

- डिप्टी सीएम बृजेश पाठक की कर्तव्य निष्ठा पर पूर्व विभागीय मंत्री के सहयोग से भारी पड़ी निदेशक कार्डियोलॉजी की तिकड़म
- शासन के निर्देश पर कानपुर के कमिश्नर द्वारा गठित तीन सदस्यीय कमेटी ने अभी तक नहीं शुरू की जांच और ना ही किया गया आरोपी निदेशक कार्डियोलॉजी का तबादला
- स्टाफ नर्स के सरकारी आवास को प्राइवेट वार्ड बताकर उनकी गैरमौजूदगी खाली करने के नाम पर तहस-नहस करने के साथ ही लूटा गया था लाखों का माल और कराए गए थे जबरन हस्ताक्षर

सुनील बाजपेई कानपुर। यहां के बहुचर्चित नर्स बिन्दू यादव उत्पीड़न मामले में कमिश्नर राजशेखर ने शासन की निर्देश पर 3 सदस्यीय कमेटी तो बहुत पहले गठित कर चुके हैं लेकिन इस कमेटी ने आज तक अपनी जांच शुरू नहीं की ,जिसकी वजह आरोपी कार्डियोलॉजी निदेशक द्वारा अपने पैसे और पहुंच बल पर एक पूर्व विभागीय मंत्री के सहयोग से जांच को ठंडे बस्ते में जलवा देना बताया जा रहा है

स्टाफ नर्स मामले में न्याय के लिए लगातार संघर्ष कर रहे संतोष यादव के मुताबिक इस मामले में भारी आर्थिक लाभ प्राप्त के फलस्वरूप इस पूर्व विभागीय मंत्री ने जिस तरह से भ्रष्टाचार और सरकारी बजट में भारी कमीशन खोरी के आरोपी कार्डियोलॉजी निदेशक की सहायता की है । उसी के फलस्वरूप आज तक ना तो गठित कमेटी द्वारा इस मामले की जांच शुरू की गई है और ना ही कार्डियोलॉजी निदेशक का तबादला किया गया है

पीड़ित पक्ष के पैरोकार पत्रकार संतोष यादव ने बताया कि वह इस बारे में शासन को अनेक पत्र भेजकर निदेशक कार्डियोलॉजी डॉक्टर विनय कृष्ण समेत सभी चारों आरोपी डाक्टरों को उनके पद से हटाने के साथ ही कानपुर से तबादला किए जाने की भी मांग कई बार कर चुके हैं और आज भी कर रहे हैं ताकि शासन के निर्देश पर कानपुर के कमिश्नर राजशेखर द्वारा गठित 3 सदस्य कमेटी द्वारा मामले की जांच को निष्पक्ष तरीके से किया जा सके लेकिन उनकी इस मांग पर निदेशक कार्डियोलॉजी का पैसा और पहुंच जिस तरह से भारी पड़ा और उसी के फलस्वरूप उनके चहेते पूर्व विभागीय मंत्री ने जिस तरह से उनका सहयोग कर रहे हैं । उसी के फलस्वरूप आज तक ना तो इस मामले की जांच शुरू की गई और ना ही कानपुर के निदेशक कार्डियोलॉजी डॉक्टर विनय कृष्ण और उनके आरोपी चारों साथी डाक्टरों को उनके पद से हटाकर उनका कानपुर से बाहर तबादला किया गया।

संतोष यादव ने कहा कि उन्हें पूरा यकीन था कि उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम और विभागीय मंत्री बृजेश पाठक अमानवीय उत्पीड़न की शिकार स्टाफ नर्स को न्याय अवश्य दिलायेंगे क और जांच निष्पक्ष हो सके। पैसा और ऊंची पहुंच इसे प्रभावित ना कर सके। इसके लिए आरोपी निदेशक कार्डियोलॉजी समेत सभी आरोपी डाक्टरों का कानपुर से बाहर तबादला भी करायेंगे कलेकिन आज तक ऐसा कुछ भी नहीं किया गया । मतलब ना तो कार्डियोलॉजी निदेशक समेत अन्य आरोपी डाक्टरों का आजतक तबादला किया गया और ना ही मामले की आज तक जांच शुरू कराई गई फिलहाल पीड़ित पक्ष ने इसके लिए एक बार फिर गुहार लगाई है, ताकि शायद यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनके डिप्टी सीएम विभागीय मंत्री बृजेश पाठक की कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी कार्डियोलॉजी निदेशक के भ्रष्टाचार और स्टाफ नर्स के साथ किए गए अमानवीय उत्पीड़न के खिलाफ न्याय के मामले में भारी पड़ सके लेकिन हाल फिलहाल इसके विपरीत निदेशक कार्डियोलॉजी का पैसा और पहुंच ही भारी पड़ता साफ नजर आ रहा है

पीड़ित पक्ष के पैरोकार और वरिष्ठ पत्रकार संतोष यादव ने कहा कि इन हालातों में अब कोर्ट की शरण लेने के अलावा और कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा है।

# "हर घर तिरंगा" अभियान में घर-घर लहराएगा तिरंगा 11 से 17 अगस्त तक चलेगा अभियान

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो बालाघाट।आजादी के अमृत महोत्सव' में केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय के "हर घर तिरंगा" अभियान में जिले की जनता को हर घर में स्वेच्छा से राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया जाएगा। यह अभियान 11 से 17 अगस्त तक चलेगा। इस अभियान के प्रति जनजागरूकता के एवं कार्ययोजना तैयार करने के लिए 15 जुलाई को कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में अधिकारियों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं एवं गणमान्य नागरिकों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार एवं अपर कलेक्टर शिवगोविंद मरकाम भी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में 11 अगस्त से 17 अगस्त तक चलने वाले अभियान का मुख्य उद्देश्य देशवासियों में राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता लाकर देशभक्ति की भावना जागृत करना और अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को स्वयं क्रय कर फहराने के लिए प्रेरित करना है। इस अभियान के अंतर्गत भारतीय ध्वज संहिता का पालन करते हुए सभी को



अपने घर, दुकानों, कार्यालयों, शैक्षिक संस्थानों आदि पर स्वेच्छा से तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा। इसमें जिले में कार्यरत विभिन्न संगठनों, स्वयं सेवी संस्थाओं एवं अशासकीय संगठनों को भी अपना योगदान देना होगा। शासकीय विभागों द्वारा इस अभियान के अंतर्गत जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। शिक्षा विभाग की ओर से स्कूलों में क्विज, प्रश्नोत्तरी, निबंध, रंगोली आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन कर जनजागरूकता के लिए काम किया जायेगा।

बैठक में बताया गया कि हर घर तिरंगा अभियान में झंडा संहिता का पालन करते हुए घरों में 11 से 17 अगस्त तक तिरंगा झंडा लगाना है। झंडा की लंबाई और चौड़ाई में 3:2 का अनुपात होना चाहिए। झंडे में सबसे ऊपर केसरिया, बीच में सफेद वं नीचे हरा रंग होना चाहिए। सफेद रंग की पट्टी में नीले रंग का अशोक चक्र होना चाहिए जिसमें 24 तिलियां होना चाहिए। झंडे में तीनों रंग की पट्टियां समान चौड़ाई की होना चाहिए और तिरंगा झंडा कपड़े का बना होना चाहिए। झंडे का उपयोग व्यवसायिक प्रयोजन के लिए नहीं होना चाहिए। हर घर तिरंगा अभियान में आम जन को झंडा स्वयं लेकर लगाना है। जिले में घरों पर लगाये जाने वाले झंडे एक से आकार के हों इसके लिए वेंडर्स से झंडे क्रय किये जायेंगें। जिले में 04 लाख झंडों की जरूरत होगी। अपने घर पर तिरंगा झंडा लगाने के लिए आम जन उचित मूल्य दुकान, सहकारी बैंक एवं उनकी समितियों, ग्राम पंचायत से झंडा क्रय कर सकेगें। इन स्थानों पर निश्चित आकार के तिरंगे झंडे विक्रय के लिए उपलब्ध रहेंगें। बैठक में स्वयं सेवी संगठनों, संस्थाओं, जन अभियान परिषद, नेहरू युवा केन्द्र, तैराकी संघ, बालाघाट चेंबर आफ कामर्स, सराफा एसोसियेशन, हम फांउडेशन, सब्जी व्यापारी संगठन, ट्रांसपोर्ट एसोसियेशन एवं अन्य संगठनों की ओर से इस अभियान में झंडे एवं नगद राशि देने की सहमति दी गई। इन संगठनों के कार्यकर्त्ता एवं सदस्य तिरंगा वालिंटियर्स के रूप में अपनी सेवायें देंगें। बैठक में तय किया गया कि सभी संगठन जिले के ग्रामों एवं नगरीय क्षेत्रों में घर-घर जाकर हर घर तिरंगा अभियान के प्रति आम जनता में जागरूकता के लिए कार्य करेंगें और उन्हें राष्ट्रीय ध्वज का महत्व बतायेंगें। इस अभियान से सभी देशवासी को राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान के प्रति प्रतिबद्धता और जज्बे को दिखाने का अवसर मिलेगा और अपने घर में तिरंगा फहराने से राष्ट्र के प्रति निजी जुड़ाव उत्पन्न होगा। भारतीय राष्ट्रीय ध्वज पूरे राष्ट्र के लिए राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार कराते हुए अधिक से अधिक संख्या में राष्ट्रीय ध्वज क्रय करने के लिए सभी नागरिकों को प्रेरित किया जाएगा।

## दर बदर भटकने पर मजबूर हुई एक मां छिन गया उसका इकलौता बेटा

संवाददाता विवेक कुमार शासन प्रशासन आंखों में पट्टी बांधकर बना मूकदर्शक आपको बताते चलें कि यह मामला सुशांत गोल्फ सिटी थाने का है जहां पर एक मां के पुत्र की हत्या कर दी जाती है हत्या का कारण उसकी ही प्रेमिका है उसका काम ही है की पैसे वाले लड़के को अपने प्रेम जाल में फसा कर पैसा ऐंठना उसका काम ही है भोले भाले लड़को को अपने प्रेम जाल में फसाने का और प्यार के जाल में फसा कर लड़की प्रभात वर्मा को काफी टाइम से ब्लैकमेल करते करते एक लगभग ड्ड1000000 तक वसूल चुकी हैं लड़की व उसके भाई भाभी सब लोगों ने मिलकर लड़के को जान से मारने की धमकी तक दी कि अगर और पैसा नहीं दिया तो तुम को जान से मार देंगे जब प्रभात पैसा देने में असमर्थ हो गया तो उसने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली उसने एक सुसाइड नोट भी लिखा जिसमें उसने लड़की व उसके परिवार वालों का नाम भी दशार्या है इतना सब जानने के बाद भी योगी सरकार की पुलिस आंखों में पट्टी बांधकर तमाशा देख रही है आइए सुनते हैं पीड़िता की जबानी

## चिकित्सा पदाधिकारी ने फीता काट कर नए 102 एम्बुलेंस का किया शुभारंभ।

**दैनिक समाज जागरण सत्येंद्र कुमार/बिहटा**

पटना/बिहटाः- बिहटा स्थित रेफरल अस्पताल में नए अत्याधुनिक 102 एम्बुलेंस को पूरे विधि विधान एव पूजा करने के बाद प्रखण्ड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कृष्ण कुमार फीता काटकर शुभारंभ किया।प्रखण्ड चिकित्सा



पदाधिकारी डॉ कृष्ण कुमार ने बताया कि बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग के तरफ से प्रखण्ड में एक नए अत्याधुनिक 102 एम्बुलेंस दिया जिसका आज पूरे विधि विधान एव पूजा करने के बाद प्रखण्ड क्षेत्र में सेवा के लिए शुभारंभ किया गया।साथ ही उन्होंने कहा कि नए 102 एम्बुलेंस में एक मिनी आईसीयू की सुविधा हैं जिससे कम से कम लोगो की मौत होगी।हर वक़्त आपातकाल में ये सुविधा पूरे प्रखण्ड क्षेत्र के लोगो मिलेगा।माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूरे प्रदेश में कुल 501 102एम्बुलेंस को भेजा गया जिसमें एक एम्बुलेंस बिहटा प्रखण्ड को दिया हैं जो अब से सेवा के लिए तैयार होगया है।

## हथियार के बल पर अपराधियों ने लूटा

**दैनिक समाज जागरण समस्तीपुर,संजय कुमार सिंह**

समस्तीपुर-जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत माधवपुर कब्रिस्तान के




समीप बाइक सवार अपराधियों ने कल्याणपुर गांव निवासी योगेन्द्र ठाकुर के पुत्र सह पुष्कर सेवा सहयोग समिति कर्मी प्रभात कुमार से हथियार के बल पर गुरुवार को 40 हजार रुपए लूट लिया। वहीं स्थानीय पुलिस अपराधियों का सुराग पाने के लिए घटनास्थल के आसपास व अन्य स्थलों पर सीसीटीवी फुटेज को खंगालने में जुटी हुई है। थाना अध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि अपराधियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## मारवाड़ी युवा मंच संकल्प शाखा ने लगाया दो दिवसीय एग्जिबिशन का उद्घाटन

**दैनिक समाज जागरण देवघर, संवाददाता रामा कान्त मालवीय**

मारवाड़ी युवा मंच संकल्प शाखा द्वारा आज से दो दिवसीय एग्जिबिशन का उद्घाटन हुआ इसका उद्घाटन सुमन धींगरा मैम के द्वारा किया गया।इस




प्रोग्राम में गेस्ट ऑफ ऑनर में रीता चौरसिया मैम और ममता गुप्ता मैम के द्वारा भी सहयोग दिया गया ।इस प्रोग्राम में सारी संस्थाएं जैसे इनरव्हील, जीवा, मारवाड़ी ब्राह्मण संघ ,मारवाड़ी महिला समिति ,महेश्वरी समाज, तथा हमारे संकल्प शाखा के फाउंडर मेंबर और अन्य मेंबर्स आदि ने कंधे से कंधा मिलाकर हमको सहयोग दिया, साथ ही मारवाड़ी प्रांतीय उपाध्यक्ष आलोक अग्रवाल भैया ने भी बहुत सहयोग दिया हमारी अध्यक्ष आरती शर्मा ने बताया कि यह एग्जिबिशन वूमेन एंपावरमेंट के अंतर्गत स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए लगाया गया है जिससे महिलाओं को एक प्लेटफार्म मिल सके इस प्रोग्राम की कन्वेंनर प्रियंका गुप्ता, नीतू बजाज, निधी टिबड़ेबाल, मधु लाठ, नीतू भलोटिया आदि है।

## आज उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सिमराडीह में सभी जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आंगनवाड़ी सेविका का चयन हुआ।

**दैनिक समाज जागरण देवीपुर देवघर (अरविंद यादव)**

उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सिमराडीह के प्रांगण में आंगनवाड़ी सेविका चयन हेतु पांच आवेदिका ने आवेदन दिया। जिसमे से दो आवेदिका के पास



नौकरी पाया गया। जो बी ए प्लस आइए किया था। एक मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट था। जिसमें से राखी कुमारी उच्च योग्यताधारी को चयन समितियों एवं ग्रामीणों द्वारा सर्व समिति से चयन किया गया। इसमें किसी भी प्रकार का कोई बाधा नहीं था। जिसमें प्रमुख प्रमिला देवी प्रति नीलम यादव , उप प्रमुख मिथिलेश यादव, जिला परिषद लक्ष्मी देवी पति मुकेश प्रसाद यादव, पंचायत समिति मीना देवी पति जितेंद्र दास, मुखिया सभी प्रतिनिधि सिता पाण्डेय पति विकास पाण्डेय, उपस्थित थे साथ में विद्यालय के प्रधानाध्यापक अर्जुन मंडल भी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय

**दैनिक समाज जागरण झारखण्ड**

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में रांची जिला के नए वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्री किशोर कौशल ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।



## नौवीं कक्षा में नामांकन को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान।

**दैनिक समाज जागरण सत्येंद्र कुमार/बिहटा**

पटना/बिहटा-शुक्रवार को बिहटा प्रखंड के बिंदौल गांव में यूनिसेफ की सहयोगी संस्था प्रथम के सहयोग से उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय बिन्दौल में नौवीं कक्षा में नामांकन कराने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें प्रथम के लवकुश कुमार द्वारा बताया गया कि प्रवेश उत्सव अभियान के तहत नामांकन पखवारा चल रहा है जिसमें बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन के लिए अभियान चल रहा है।बच्चे राष्ट्र के सबसे बड़ी पूंजी तथा राष्ट्र के सामाजिक आर्थिक विकास का महत्वपूर्ण सूचक है सही उम्र में शिक्षा अनुसंधान एवं बच्चों के बौद्धिक क्षमता के विकास के लिए आवश्यक है जागरूकता अभियान में आठवीं उत्तीर्ण अपने साथियों को नौवीं कक्षा में नामांकन कराने के लिए बच्चे, प्रधानाध्यापक दीनबंधु झा, शिक्षक




शशि भूषण प्रसाद, सूर्यकुमार ,कौशल्या कुमारी ,पूनम कुमारी, ज्योति कुमारी एव सविंदर शर्मा उपस्थित हुए इनकी उपस्थिति में छात्रों के द्वारा पूरे गांव का प्रभात फेरी किया गया तथा विभिन्न स्लोगन भी बच्चों के द्वारा बोला गया जैसे कि अब करो नहीं भूल बच्चों को भेजें स्कूल, शिक्षा का अलख जगाना है बच्चों को नवमी क्लास में नामांकन कराना है।बाल श्रम नहीं कराना है बच्चों को स्कूल तक पहुंचाना है

## एनजीटी लागू होने के बावजूद भी नहीं थम रहा बालू का कारोबार वन क्षेत्र के बीचो-बीच रास्ता बना कर किया जा रहा है कार्य

**दैनिक समाज जागरण शिकारीपाड़ा/दुमका**

झारखंड की उपराजधानी दुमका जिला के अंतर्गत शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के पलासी पंचायत के आसना तीलनदी, हीरापुर नदी , चित्राकुड़ी नदी(दरका नदी) से नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल नियमों का अनदेखी कर अवैध बालू का कारोबार चल रहा है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आसना तीलनदी से आसना जंगल के बीचो-बीच रास्ता बना कर दिन के उजाले में ट्रैक्टर से अवैध बालू का उठाव किया जा रहा है बता दें कि आसना जंगल तीलनदी से सटा हुआ है जहां से अवैध बालू का उठाव हो रहा है वह जमीन वन क्षेत्र के अंतर्गत आता है जहां से एनजीटी लागू होने के बावजूद भी अवैध बालू का कारोबार किया जा रहा है, सूत्रों से मिली जानकारी के



अनुसार 10 जून से 15 अक्टूबर तक एनजीटी लागू है इसके बावजूद भी यहां दिन दहाड़े आसनबनी से हरिपुर मुख्य सड़क पर अवैध बालू लदा दर्जनों ट्रैक्टर दौड़ती नजर आ रहे हैं, यही नही शिकारीपाड़ा अंचल क्षेत्र के ब्राह्मणी नदी से भी प्रत्येक दिन ट्रैक्टरों बटवारा बालू का उठाव किया जा रहा है इस पर प्रशासन मौन साधे हुए हैं

## श्री शिरडी साई मन्दिर दुमका से गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर साई की भव्य पवित्र पालकी यात्रा निकाली गयीं ।यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व साई पालकी की भक्तों ने आरती की।

**दैनिक समाज जागरण दुमका (सुधांशु शेखर)**

साई मन्दिर से पालकी यात्रा पहले ननकुकुरुआ के बजरंगबली के मंदिर गयी।फिर कुरुआ के शिव मंदिर कुरुआ चौक होते हुए बेहरबांक के बजरंगबली मन्दिर तक गयी।

वहां से पुनः साई मन्दिर लौटी।शाम 6 बजे मन्दिर में साई की धूप आरती हुई।तदुपरांत उपस्थित सैंकड़ों साई भक्तों के बीच भंडारा के शाही खीर का महाभोग वितरित किया गया।

मन्दिर को अन्य वर्षों की तरह गुलों और रंग बिरंगे बल्बों से सजाया गया थस।दुमका शहर आसन्सोल धधकिया रसम्पुर आदि गांवों से बड़ी संख्या में साई भक्त आये थे।

कसर्यक्रम को सफल बनाने में सांसद श्री सुनील सोरेन सांसद प्रतिनिधि अमरेन्द्र सिंह उपाध्यक्ष सह नगर परिषद के उपाध्यक्ष विनोद कुंजर लाल उपाध्यक्ष गोपाल पंजियारा सचिव सह एस के एम यू के कुल सचिव डॉ संजय कुंजर सिन्हा छबिकान्त दुबे नंदा स्वामी नवीन कुमार सिंह रंजन कुमार सिन्हा आदि



कोषाध्यक्ष पवन केशरी हरिनंदन चौधरी उज्ज्वल कुमार अनुज कुमार सिंह पतिम अम्बष्ठ उत्तम कुमार गुड्डू मनोज कुमार घोष अजय कुमार गुप्ता रमेश चौधरी सुनील खैरा नलिन झा रामप्रवेश साह टुनटुन अजय राजा का प्रमुख योगदान रहा।

धार्मिक अनुष्ठान पंडित प्रभाकर और पंडित दिवाकर ने सम्पसन्न किया। मन्दिर के केसर टेकर बजरंग खैरा और पवन खैरा ने मन्दिर अंदर प्रबंधन का कार्य पूरा किया।

## मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के निजी सहायक श्री अशोक कुमार सिन्हा का निधन

**दैनिक समाज जागरण झारखण्ड**

मुख्यमंत्री ने शोक व्यक्त करते हुए श्री सिन्हा के निधन को अपूरणीय क्षति बताया, परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने अपने निजी सहायक (पीए) श्री अशोक कुमार सिन्हा के असामयिक निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि श्री सिन्हा का निधन मेरे और मेरे परिवार के लिए व्यक्तिगत और अपूरणीय क्षति है। श्री सिन्हा जी के आकस्मिक निधन की खबर से मन व्यथित है। मुझे लम्बे समय से उनका साथ मिला। श्री सिन्हा एक सुलझे हुए कुशल व्यक्तित्व के दक्ष कर्मी थे। उनके निधन से हमसभी लोग काफी दुःखी हैं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें तथा शोक संतप्त परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। मौके पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने दिवंगत श्री सिन्हा के न्यू एरिया मोरहाबादी स्थित आवास पहुंचकर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा नमन किया। मौके पर मुख्यमंत्री ने दिवंगत श्री सिन्हा के परिजनों को ढांढ़स बंधाया तथा गहरी संवेदना प्रकट की।



मालूम हो कि मुख्यमंत्री के निजी सहायक श्री अशोक कुमार सिन्हा का आज रिम्स में इलाज के दौरान निधन हो गया। श्री सिन्हा पिछले एक सप्ताह से ब्रेन स्ट्रोक से संबंधित बीमारी से ग्रसित थे और रिम्स में विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में इलाजरत थे। वर्तमान में दिवंगत श्री सिन्हा मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मुख्यमंत्री के निजी सहायक (पीए) के पद पर कार्यरत थे। मौके पर मुख्यमंत्री के मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार श्री अभिषेक प्रसाद एवं वरीय आप्त सचिव श्री सुनील कुमार श्रीवास्तव ने दिवंगत श्री सिन्हा के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय के सभी पदाधिकारी तथा कर्मियों ने भी शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत श्री सिन्हा को श्रद्धांजलि दी तथा परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की हैं।

## छात्र छात्राओं के बीच पोषाहार राशि का किया वितरण

**दैनिक समाज जागरण गिरिडीह (नीतीश पांडे)**

जिले के गांडेय प्रखंड के विभिन्न उत्क्रमित मध्य विद्यालय में शुक्रवार को छात्र छात्राओं के बीच पोषाहार राशि वितरण किया गया। इस दौरान मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र मंडल ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की ओर से बच्चों को हर संभव मदद कर रही है जो निशुल्क शिक्षा छात्रवृत्ति कॉपी, किताब दी जाती है। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक को विशेष रूप से बच्चे की उपस्थिति पर ध्यान देने की बात कही। आगे उन्होंने कहा कि शिक्षकों की मेहनत से बच्चे का भविष्य समझते हैं ।इस बीच प्रधानाध्यापक उमा देव वर्मा सदस्य




कार्यकर्ता अरुण कुमार पांडे ग्राम शिक्षा समिति अध्यक्ष पूरन सिंह सोहन पांडे सुखदेव पांडे उमेश कुमार शर्मा सहित कई उपस्थित थे।

## खेग्रामस एवं किसान महासभा का सदस्यता अभियान तेज

**दैनिक समाज जागरण समस्तीपुर,संजय कुमार सिंह**

समस्तीपुर- बढ़ती महंगाई से मुकाबला करने को दिनभर खेत-खलिहानों में व्यस्त रहने वाले लोगों के ईलाके में खेग्रामस एवं किसान महासभा ने रात्रि बैठक सह सदस्यता अभियान शुरू किया है। जिसमें गुरूवार की रात्रि मोतीपुर दक्षिणबाड़ी टोला स्थित एक निजी कोचिंग सेंटर पर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता स्थानीय किसान अनिल सिंह ने किया। वहीं संचालन किसान महासभा के प्रखण्ड अध्यक्ष ब्रहमदेव प्रसाद सिंह ने किया। बतौर अतिथि भाकपा माले प्रखण्ड सचिव सुरेन्द्र प्रसाद सिंह उपस्थित रहे। बैठक में अरविंद सिंह, मुकेश कुमार सिंह, अमरेश प्रसाद सिंह, चंदेश्वर सिंह,पंकज कुमार सिंह,दीपन कुमार सिंह,ब्रहमदेव सिंह, संजीव कुमार सिंह, भोला सिंह,राजदेव कुमार सिंह,मंजय कुमार सिंह,संजय कुमार सिंह, मुकेश कुमार सिंह, राजकिशोर सिंह समेत अन्य लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया। मौके पर 50 से अधिक लोगों को खेग्रामस एवं किसान महासभा का सदस्य बनाया गया। बैठक को संबोधित करते हुए अपने अध्यक्षीय



संबोधन में किसान महासभा के प्रखण्ड अध्यक्ष ब्रहमदेव प्रसाद सिंह ने कहा कि किसान किंकर्तव्यविमूढ़ हैं। वर्षों से पोखर के भींडे एवं सरकारी जमीन पर बसे भूमिहीन को सरकार के आदेश पर उजाड़ने की कोशिश हो रही है। बेतहाशा महंगाई ने गरीबों के मुंह से निबाला छीन रही है।

ऐसी स्थिति में सरकार क्षेत्र को सुखाग्रस्त घोषित कर राहत पैकेज देने, केसीसी लोन माफ करने, अगली फसल के लिए निः शुल्क बिजली,पानी, खाद,बीज,कृषि यंत्र आदि देने,भंग बाजार समिति को बहाल करने को लेकर 6 अगस्त को ताजपुर प्रखण्ड पर आहूत प्रदर्शन को बड़ी भागीदारी दिलाकर सफल बनाने की अपील उपस्थित किसानों से की गई।

## मीडिया सेंटर और प्रदर्शनी शिविर का उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त ने किया उदघाटन

### श्रावणी मेला के दौरान पूरे एक माह तक मीडिया सेंटर 247 रहेगा कार्यरत प्रदर्शनी शिविर के माध्यम से श्रद्धालुओं को संथाल परगना के पर्यटन स्थल के बारे में मिलेगी जानकारी

**दैनिक समाज जागरण दुमका (सुधांशु शेखर)**

उपायुक्त तथा उप विकास आयुक्त ने मीडिया सेंटर तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के प्रदर्शनी शिविर का फीता काटकर उदघाटन किया। राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव 2022 के दौरान देश ही नहीं विदेशों से भी श्रद्धालु बासुकीनाथ धाम पहुँचते हैं।इसे ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाएं की गयी है,ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं हो।

इस दौरान 247 महत्वपूर्ण सूचनाओं का सम्प्रेषण महत्वपूर्ण हो जाता है ताकि श्रद्धलुओं को मेला से संबंधित जानकारियां मिलती रहे।इस हेतु बासुकीनाथ धाम में मीडिया सेन्टर का निर्माण किया गया है,जो पूरे एक माह तक 247 कार्यरत रहेगा।मीडिया सेंटर प्रतिदिन मेला क्षेत्र में हो रहे गतिविधियों के साथ साथ महत्वपूर्ण जानकारियां भी आमजनों तक पहुचाने का कार्य करेगा।



इसके अलावे सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा बनाये गए प्रदर्शनी शिविर के माध्यम से संथाल परगना के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल की जानकारियां बासुकीनाथ धाम आने वाले श्रद्धालुओं को दी जाएगी,ताकि बासुकीनाथ धाम में पूजा अर्चना करने के बाद श्रद्धालु इन पर्यटन स्थल को भी देखने जा सकें।

## मां मौलाक्षी मंदिर प्रांगण में दुमका उपायुक्त ने प्रदर्शनी शिविर का किया उद्घाटन

**दैनिक समाज जागरण शिकारीपाड़ा/दुमका**

देवघर में लगने वाले श्रावण मास में राजकीय श्रावणी मेला के शुभ अवसर पर आज शुक्रवार को शिकारीपाड़ा के मलूटी ग्राम में माँ मौलाक्षी मंदिर परिसर में मुख्य प्रदर्शनी शिविर का उद्घाटन किया गया शिविर का उद्घाटन दुमका जिला के उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया इसके उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए जिले के उपायुक्त ने कहा कि श्रावणी मेला के शुभ अवसर पर शिविर का आयोजन किया गया है शिविर में कला मंच का आयोजन होगा इसके माध्यम से प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा एवं जो भी शिव भक्त कांवड़ यात्रा के दौरान बाबा बैजनाथ धाम, बाबा बासुकीनाथ धाम से पूजा अर्चना कर मां मौलाक्षी मंदिर प्रांगण में मां का आशीर्वाद लेने आते हैं उन कावड़ यात्री को सुविधा मिल सके इसी उद्देश्य से शिविर का शुभारंभ किया गया है उद्घाटन समारोह में जिले के उपायुक्त के अलावे शिकारीपाड़ा अंचलाधिकारी राजू कमल, शिकारीपाड़ा प्रखंड विकास



पदाधिकारी संतोष कुमार चौधरी एवं मलूटी ग्राम के बबलू चटर्जी, उत्पल चौधरी, पिंटू घोष काफी संख्या में गणमान्य व्यक्ति एवं ग्रामीण मौजूद थे,

श्रावणी मेला के अवसर पर शिव भक्त सुल्तानगंज से जल लेकर चलते हैं और बाबा बैजनाथ धाम मे जल चढ़ा कर पूजा करते हैं इसके उपरांत बाबा बासुकीनाथ की पूजा अर्चना करने के बाद शिव भक्त माँ तारा एवं मां मौलाक्षी की पूजा अर्चना करने आते हैं

यहां बताते चले की मलूटी ग्राम में पहले 108 शिव मंदिर हुआ करते थे लेकिन रखरखाव के अभाव में अभी 80 के आसपास ही शेष रह गए हैं, इसलिए इस ग्राम को मंदिरों का गांव कहा जाता है,

## जिम खुलवाने को लेकर छात्र नेता कुंदन शर्मा ने किया पूर्व मंत्री से मुलाकात नगर आयुक्त ने दिया आश्वासन

**दैनिक समाज जागरण देवघर,, झारखण्ड**

देवघरः कॉलेज परिसर में जिम खुलवाने के उद्देश्य से युवा छात्र संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष कुंदन शर्मा ने पूर्व मंत्री और राजद नेता सुरेश पासवान से मुलाकात किया।इस दौरान चर्चा के बाद श्री पासवान नें मामले की गंभीरता को देखते हुए इस बावत देवघर नगर निगम के आयुक्त शैलेन्द्र लाल से टेलीफोन पर बात किया और जल्द इस ओर एक्शन लेनें की बात कही।वहीं नगर आयुक्त ने भी आश्वासन देते हुए कहा कि बहुत जल्दी इसका खाका तैयार कर कॉलेज परिसर में जिम की व्यवस्था की जाएगी।इस विषय पर कुंदन शर्मा ने कहा कि आज के युवा अपने स्वास्थ्य को लेकर काफी गम्भीर हैं और बहुत से युवा सेना,पुलिस आदि की बहाली के लिए फॉर्म भी भरते हैं,इन सभी जगहों पर आवेदन के लिए स्वस्थ शरीर का होना जरूरी है।वहीं श्री शर्मा को उम्मीद है युवाओं को कॉलेज परिसर में जिम का तौफा जल्द मिलेगा।बताते चलें इस सम्बंध में युवा छात्र संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष कुंदन शर्मा ने सूबे के खेल मंत्री हफीजुल हसन से भी मुलाकात किया था और मंत्री ने भी आश्वासन दिया है।वहीं पूर्व मंत्री से मुलाकात करनें वालों में छात्र राजद जिला अध्यक्ष सुरेश यादव,युवा नेता पिंटु यादव भी शामिल हैं।



## विष्णुगढ़ प्रखंड के गैड़ा पंचायत के पूर्व पंचायत समिति सदस्य एवं जनवितरण प्रणाली

**दैनिक समाज जागरण हजारीबाग/ झारखण्ड**

विष्णुगढ़ प्रखंड के गैड़ा पंचायत के पूर्व पंचायत समिति सदस्य एवं जनवितरण प्रणाली के विक्रेता, चकचुको निवासी गोपीचंद प्रसाद महतो की विष्णुगढ़ से लौटने के क्रम में बसरिया में गोली मारकर हत्या कर दी गई है।



# आपसी समझौते का एक सशक्त माध्यम है मध्यस्थता: सचिव

**दैनिक समाज जागरण**
**केशव कुमार सिंह,औरंगाबाद**

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव, प्रणव शंकर द्वारा आज जिला विधिक सेवा प्राधिकार में प्रतिनियुक्त मध्यस्थतो के साथ अपने प्रकोष्ठ में एक बैठक की तथा अबतक किये जा रहे मध्यस्थता के मामलों का अद्यतन स्थिति प्राप्त किया तथा कई जरूरी दिशा-निर्देश दिया। सचिव ने बताया कि इधर कुछ दिनों में मध्यस्थता के प्रति लोगो का रूझान बढ़ा है तथा मध्यस्थता के प्रति न्यायालय भी सजग हुआ है। इस स्थिति में मध्यस्थतो को लोगो और न्यायालय के प्रति बढ़े रूचि को देखते हुए मेहनत करने की जरूरत है ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके। सचिव ने बताया कि पिछले कई सालो की तुलना में पिछले महीने काफी संख्या में मामले मध्यस्थता केन्द्र में आये तथा परिणाम लगभग 20 प्रतिशत सफलता के साथ रहा है। उन मामलों में लोगो का वाद मध्यस्थता के आधार पर समाप्त भी हुआ जो यह दिखाता है कि वादों को सहज रूप से निपटारे में मध्यस्थता की क्या भूमिका है। सचिव द्वारा कहा गया कि मध्यस्थता को प्रारम्भिक स्तर पर ही वाद का निस्तारण करने का एक सशक्त माध्यम है। और इसके लिए लोगों में मध्यस्थता के प्रति जागरूकता आवष्यक है। बहुत से मामले ऐसे हैं जिसका प्रारम्भिक स्तर पर ही निदान संभव है और इसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार अन्तर्गत





मध्यस्थता केन्द्र संचालित है जिसमें न्यायालय से सम्बन्धित बहुत से ऐसे मामले जो भरण-पोषण एव दहेज अधिनियम तथा अन्य मामले जो न्यायालय में लम्बित रहता है उसे सम्बन्धित न्यायालय द्वारा मध्यस्थता केन्द्र में भेजा जा रहा है, सचिव द्वारा यह भी बताया गया कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा भी कई मामले को मध्यस्थता के माध्यम से कराने हेतु आदेष पारित किया जाता है और उसका निस्तारण भी मध्यस्थता केन्द्र द्वारा किया जाता है। इसी से प्रेरित होकर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार का यह सुझाव है कि लोग अपने वाद को प्रारम्भिक स्तर पर ही मध्यस्थता केन्द्र के माध्यम से सुलझाने का प्रयास करें, जिससे कि उन्हें लम्बी कानूनी लड़ाई से मुक्ति मिल सके और परस्परा वार्ता तथा सहमति एवं मध्यस्थता के माध्यम से अपने वादों का राजी-खुशी पूर्वक समझौता कराते हुए न्यायालय से राहत पा सके। सचिव द्वारा यह भी बताया गया मध्यस्थता का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार होता है तो मध्यस्थता के माध्यम से अपने वादों को सुलझाने के लिए काफी मामला आयेगा जिसका निस्तारण हेतु मध्यस्थता केन्द्र भूमिका बड़ी होने वाली है। सचिव ने मीडिया से भी यह अपील की है कि वे मध्यस्थता के विषय में लोगों को यथा संभव जानकारी उपलब्ध करायें ताकि लोगों को मध्यस्थता के फायदे मिल सके और वे मध्यस्थता के माध्यम से अपने न्यायालय में लम्बित वादों का निष्पादन सौहाद्रपूर्ण वातावरण में करायें, साथ ही लोग अपने वाद लाने से पहले भी कुछ मामलों में मध्यस्थता का फायदा उठाकर अपने वाद लाने से पहले ही अपने समस्याओं का समाधान करा सकते हैं।

# सुरक्षाबलों ने सर्च अभियान के दौरान सात टिफिन बम किया बरामद

**समाज जागरण लखीसराय**

जिले में इन दिनों लखीसराय पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार के कुशल नेतृत्व में नक्सलियों के ऊपर लगातार कार्रवाई से नक्सल प्रभावित क्षेत्र में नक्सलियों की गतिविधि इन दिनों बेहद सक्रिय है जबकि लखीसराय पुलिस प्रशासन नक्सलियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई से नक्सलियों में भी खौफ नजर आ रहा है बीते दिनों नक्सल प्रभावित क्षेत्र में नक्सलियों के जमावड़े की सूचना पर लखीसराय पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार के निर्देश पर लखीसराय अपर पुलिस अधीक्षक अभियान एएसपी मोतीलाल के कुशल नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर छापेमारी अभियान चलाया गया था जिसमें भी लखीसराय पुलिस प्रशासन को बड़ी कामयाबी मिली थी छापेमारी के दौरान काफी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ के साथ अन्य सामग्री बरामद की गई थी एवं नक्सलियों के ऊपर कार्यवाही को लेकर मिली सफलता से जिला प्रशासन के खास सुरक्षा बलों के द्वारा लखीसराय जिले के पीरी बाजार थाना क्षेत्र के नक्सल प्रभावित क्षेत्र अमरासनी, लठियाकोल के जंगली पहाड़ी क्षेत्रों में नक्सली द्वारा विस्फोटक आईडी लगाकर सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की फिराक की सूचना मिली। सूचना प्राप्त ही पुलिस अधीक्षक



लखीसराय के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) मोतीलाल लखीसराय के द्वारा नक्सलियों के खिलाफ संयुक्त रूप से 215 बटालियन सीआरपीएफ, 207 बटालियन कोबरा, बीडीडीएस टीम 207 बटालियन कोबरा तथा जिला पुलिस बल का एक विशेष टीम बनाकर शुक्रवार को अलग-अलग क्षेत्रों में छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी अभियान करते हुए टीम जब ,अमरासनी, लठिया कोल के जंगली क्षेत्रों में पहुंची तो छापामारी टीम को कुछ आपत्तिजनक सामान दिखाई दिया जो छुपा कर रखा हुआ था। उस स्थान को जहां पर सामान छुपा कर रखा हुआ था सुरक्षाबलों के द्वारा सावधानी पूर्वक सर्च किया गया। सर्च के दौरान छापामारी टीम ने सात टिफिन बम जिनमे प्रत्येक का वजन लगभग 2 किलोग्राम, लोहे के छोटे-छोटे टुकड़े लगभग 20 किलोग्राम बरामद किए गए। 207 बटालियन कोबरा के टीम के द्वारा सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बरामद टिफिन बम को उसी स्थान पर सावधानी पूर्वक बर्बाद कर दिया गया। इस दरमियान इस अभियान में 215 बटालियन सीआरपीएफ, 207 बटालियन कोबरा, बी बी डी एस टीम 207 बटालियन कोबरा,जिला पुलिस बल लखीसराय आदि शामिल थे। इस दौरान किसी की गिरफ्तारी की कोई जानकारी नहीं हुई।

# सुलतानगंज स्टेशन का निरक्षण करने पहुंचे एडीआरएम सुजीत कुमार।

**भागलपुर /सुल्तानगंज समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी।**

कांवरियों को मिलेगी समुचित व्यवस्था :एडीआरएम

भागलपुर ।सुल्तानगंज में इस बार आयोजित विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला में रेल मार्ग से आने वाले कांवरियों को स्टेशन परिसर सहित ट्रेनों में मूलभूत सुविधाएं एवं मुक्कमल सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराने रेलवे की ओर से पूर्व की भांति इस बार भी पूरी तत्परता से मुक्कमल तैयारी की गई है ।जिसका स्थलीय निरीक्षण करने मालदा डिविजन के एडीआरएम सुजीत कुमार सुलतानगंज स्टेशन पहुचकर स्थल निरक्षण कर जायजा लिये। इस दौरान एडीआरएम सुजीत कुमार ने मिडिया को बताया कि वर्ष 2019 में जिस तरह की व्यवस्था रेलवे द्वारा की गई थी,उसी अनुरुप इस बार भी कार्य किए गए हैं। सम्पूर्ण स्टेशन परिसर में 40 सीसीटीवी कैमरों के साथ-साथ आरपीएफ जीआरपीएफ की अतिरिक्त सुरक्षा बलों को लगाया गया है। अस्थाई स्वास्थ्य सुविधा से लेकर



बिजली, पानी, शौचालय आदि की मुक्कमल व्यवस्था की गई है। इस बार कांवरियों को रेलवे की ओर से बेहतर सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है ।इस दौरान रेलवे स्टेशन प्रबंधक दीपक कुमार सिंह सहित आरपीएफ व जीआरपीएफ के पदाधिकारी मौजुद थे।

## समाहरणालय परिसर के इर्द-गिर्द नौकरी देने वाले ठगों का चलता है सरगना , जिलाधिकारी कार्यालय में फोर्थ ग्रेड की दी जा रही नौकरी मात्र चार लाख रुपए में।

**भागलपुर समाज जागरण निभाष मोदी ।**

ठग को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए भेजा थाने

भागलपुर समाहरणालय परिसर में ठगी का शिकार होते बिहपुर मिल्की के रहने वाले नीरज कुमार ठगी का शिकार होते होते बच गए। वहीं उन्होंने ठग अनुज कुमार कर दौड़ कर पकड़ लिया और उसे लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच गए। जहां पर जिलाधिकारी कार्यालय के कर्मचारियों ने जोगसर थाने को बुलाकर ठग को पुलिस के हवाले कर दिया। ठगी का शिकार होने से बचे व्यक्ति ने बताया कि उसे जिलाधिकारी कार्यालय में फोर्थ ग्रेड में नौकरी दिलाने के नाम पर चार



लाख रुपए का डिमांड किया गया था और आज ठग के द्वारा एक लाख रुपया मांगा गया था। जिस पर ठगी का शिकार होने से बचे व्यक्ति ने जिलाधिकारी कार्यालय में ठग के बारे में जानकारी ली तो पता चला कि वह यहां कोई काम नहीं करता हैं। जिसके बाद ठग वहां से भागने लगा जिसे दौड़ कर लोगों ने पकड़ा और जिलाधिकारी कार्यालय में लाकर रखा। वहीं पुलिस ठग को हिरासत में लेकर थाने ले गई है। वही उससे पिछले दिनों हुई कई ठगी की घटना के बारे में भी पूछताछ कर रही है।

# ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने वालों का लाइसेंस होगा रद्द - यातायात डीएसपी प्रकाश कुमार।

**भागलपुर समाज जागरण /निभाष मोदी ।**

भागलपुर। भागलपुर को यातायात का सचमुच प्रयोगशाला कहा जाता कहीं से गलत नहीं है। भागलपुर को स्मार्ट सिटी का टैग तो मिल गया परंतु यहां की यातायात व्यवस्था काफी लचर है। चाहे वह आम जनता की ओर से हो या फिर प्रशासन की ओर से। आज भागलपुर शहर में मोटर वाहन के लिए यातायात नियमों के तहत विशेष अभियान चलाई गई । चाहे वनवे के नियमों का पालन हो, चार चक्का वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग ना करने की बात हो,मोटरसाइकिल में हेलमेट का प्रयोग ना करने वाली बात हो या फिर ट्रिपल लोडिंग की बात हो ।जो भी इसका उल्लंघन करते दिख रहे थे उनसे आर्थिक दंड बसूला जा रहा था, हालांकि यह अभियान लगातार जारी रहता है फिर भी लोग सचेत नहीं होते। वहीं यातायात डीएसपी प्रकाश कुमार ने बताया कि यातायात के नियमों का पालन करें तभी हमारा भागलपुर शहर स्मार्ट हो पाएगा और दुर्घटनाएं कम होंगी, साथ ही लोगों को दुर्घटना, जाम की समस्याओं




से निजात मिलेगा। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि अगर लोग यातायात नियमों का पालन नहीं करेंगे तो उनका लाइसेंस भी रद्द हो सकता है। साथ ही शहरवासियों से अपील की है कि ट्रैफिक नियमों का पालन अवश्य करें।

# सीआरपीएफ 131 बटालियन छत्तीसगढ के गोरेलाल कुमार की बीमारी से पटना अस्पताल में मृत्यु।

**समाज जागरण चानन सुजीत कुमार**

प्रखंड क्षेत्र के मननपुर के इटौन में मृतक गोरेलाल कुमार (29) पिता स्व महेश्वर राय की मौत की खबर आते ही मातम छा गया। गोरेलाल राय लिवर जौंडिस से ग्रसित थे। 2017 में सीआरपीएफ में ये बहाल हुए थे। इस दौरान देश के विभिन्न राज्यों में अपनी सेवाएं देते हुए वर्तमान में छत्तीसगढ़ के 131 बटालियन में कार्यरत था। जैसे ही उनकी मौत की खबर परिजनों को लगा तो घरों में कोहराम मच गया। आवाज सुनकर आस पास पड़ोस के लोग जमा हो गए। आसपास के गांवों के लोगों ने खबर सुनकर सैकड़ों की संख्या में उनके घर पर पहुंच एक झलक देखने के लिए व्याकुल हो गए। इसकी मौत की खबर सुनकर 215 बटालियन सीआरपीएफ जमुई के द्वितीय कमांडेट अधिकारी मनोज कुमार अपने दल बल के साथ मृतक गोरेलाल के घर पहुंचे और फूल माला चढ़ाकर उनके द्वारा कबीर अंत्येष्टि के लिए ड्ढ50000 का नगद राशि उनके परिजनों को दिया गया और अपनी गाड़ी में पार्थिक शरीर को रख कर नगर दार क्यूल नदी घाट पर ले गए जहां उसकी दाह संस्कार किया गया। बताते चलें कि गोरेलाल राय की शादी 2019 में जमुई जिला अंतर्गत निवासी संजय मंडल की पुत्री प्रियंका कुमारी के साथ हुई थी। इस दौरान प्रियंका कुमारी दो बार मां बनी लेकिन एक बार भी बच्चा नहीं बच सका। इनके शव यात्रा में हजारों की संख्या में लोग



शामिल हुए और भारत माता की जय का नारा लगाते हुए क्यूल नदी घाट पर पहुंचे जहां गोरेलाल राय की अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर सीआरपीएफ के इस्पेक्टर अभिषेक कुमार, सब इंस्पेक्टर बाबूराम हेंब्रम, सुमन कुमार सौरभ अभिषेक कुमार, जिला पार्षद प्रतिनिधि मदन मंडल, श्रवण मंडल, संजय मोदी, एसआई राजकुमार राम, बाल्मीकि शर्मा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## स्कूली बच्चों को खाना बनाने वाली महिला को वर्षों से वेतन का नहीं हुआ भुगतान

**समाज जागरण चानन**

प्राथमिक विद्यालय नवका मुशहरी टोला में खाना बनाने वाली महिलाओं को उनके ही हक के पैसे नहीं मिल पा रहा है। विद्यालय में कई सालो से काम कर रही बसवा देवी पति शंकर मांझी ने बताई की उन्हे इस विद्यालय में पांच सालो से ज्यादा हो गया है पर अभी दो सालो से पैसा नही मिल रहा है। जिसको लेकर इन्होंने किसी से शिकायत नहीं की। ये इस संबंध में ना तो यहां के शिक्षक, ना किसी अधिकारी और ना ही मिड डे मील वर्कर्स यूनियन के जिला नेता दीपक कुमार के पास ही अपनी बात रखी है। इन्होंने कहा की हमारे पति भी हमे बराबर पैसे मांगने को कहते है पर किसी से कहने की हिम्मत नही हो पाती हैं। दुसरी ओर सुनीता देवी पति कुशी मंडल ने बताई की जब से स्कूल का नीव पड़ा तब से ही मैं खाना बनाने का काम कर रही हूं। हमे पहले हाथो में पैसा मिल रहा था पर जब से पैसा खाता में आने का काम हुआ तब से पैसा मिल ही नहीं रहा। सरकार विद्यालय में बच्चो के पठन पाठन पर लाखो करोड़ों रुपए खर्च कर रही है पर उसी विद्यालय से जुड़े लोगो को काम के बाद पैसे के लिए सोचना पड़े ये काफी सरमिंदगी की बात होती है। इससे काम करने वाले का मनोबल कही ना कही काम के प्रति कम जाता है ।मिड डे मील वर्कर्स यूनियन के जिला नेता दीपक कुमार ने बताया कि 20 जुलाई को मिड डे मील से जुड़ी समस्या को लेकर जिला समाहरणालय परिसर में धरना प्रदर्शन किया जाएगा और जल्द निदान की बात रखी जाएगी।

# पोर्टल पर 26 जुलाई तक सभी शिक्षकों एवं कर्मियों को अपना विवरणी करना है अपलोड- डॉ. मिहिर कुमार ठाकुर।

**समाज जागरण मधेपुरा ।**

शिक्षा विभाग, बिहार सरकार, पटना के विभागीय संकल्प के आलोक में इंड टू इंड सॉल्यूशन सॉफ्टवेयर के माध्यम से विश्वविद्यालय कर्मियों के वेतन सत्यापन हेतु संसूचित निर्णय के आलोक में बीएनएमयू क्षेत्राधीन अंगीभूत महाविद्यालयों के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के वेतन सत्यापन के कार्यों के निष्पादन हेतु एक कोषांग का गठन किया गया है। इसमें निम्नलिखित एस.एन.एस.आर. के. एस. कॉलेज, सहरसा के मनोविज्ञान विभाग में वरीय व्याख्याता सह अधिषद् सदस्य डॉ. कमलेश प्रसाद सिंह, बजट-



सह-लेखा पदाधिकारी डॉ. सुभाष कुमार पोद्दार, शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष त्रिभुवन प्रसाद सिंह तथा वित्त विभाग के सहायक द्वय अवनीत कुमार एवं श्री वैभव कुमार और स्थापना शाखा के सहायक अमित कुमार को सदस्य बनाया गया है।

कुलसचिव डॉ. मिहिर कुमार ठाकुर ने बताया कि विश्वविद्यालय के शिक्षक / शिक्षकेत्तर कर्मियों का वेतन सत्यापन प्रारम्भ है। विश्वविद्यालय/ महाविद्यालय के सभी शिक्षकों एवं कर्मियों को 26 जुलाई तक अपना विवरणी पोर्टल पर अपलोड करना है। ऐसा नहीं किए जाने पर संबंधित शिक्षक एवं कर्मी का माह जुलाई 2022 का वेतन निकासी नहीं की जा सकेगी।

# एक्सीडेंट में घायल मरीज की मौत पर क्लीनिक में हंगामा।

**भागलपुर समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी ।**

भागलपुर ।जोगसर थाना क्षेत्र के आदमपुर स्थित श्री नागेश्वर ऑर्थो एंड ट्रामा सेंटर में मरीज की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया और डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया है। वही क्लीनिक से डॉक्टर और कर्मचारी हंगामा को देखते हुए फरार हो गए। वही कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंचकर मामला को शांत कराया। दीप नगर के रहने वाले रविंद्र गुप्ता का एक्सीडेंट 27 तारीख को शाहकुंड में हुआ था। जिसके बाद परिजनों ने उन्हें तिलकामांझी स्थित एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया था। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा अस्पताल में रेफर कर दिया गया था। जहां एक दिन इलाज कराने के बाद डॉक्टरों से परिजनों ने सलाह ली और इलाज के लिए डॉ कन्हैया लाल गुप्ता के क्लीनिक लेकर मरीज को पहुंचे और यहां इलाज करा रहे थे। मरीज का कल ही पैर का ऑपरेशन हुआ था। जिसके बाद लगातार उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और देर रात मरीज की मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया। जिसको देखकर डॉक्टर और कर्मचारी वहां से फरार हो गए। वही मौके पर पहुंची पुलिस से परिजनों ने डॉक्टर की गिरफ्तारी की मांग की है। वही पुलिस के काफी समझाने बुझाने के बाद परिजन डॉक्टर के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्यवाही की मांग कर रहे हैं।

## विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण जिला पंचायत कार्यालय के सामने ट्रांसफार्मर में सटने से गई एक महिला की जान

**भागलपुर समाज जागरण निभाष मोदी ।**

भागलपुर के जिला पंचायत कार्यालय के सामने विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण कचरा चुनने वाली शीला देवी की मौत ट्रांसफार्मर में आ रहे करंट के कारण हो गई। मृतिका के पुत्र का कहना है कि सुबह कूड़ा चुनने के दौरान उसकी मां को प्यास लगा और वह जिला परिषद के सामने लगे ट्रांसफार्मर के नीचे पानी के नल में पानी लेने जा रही थी। इसी क्रम में महिला का साड़ी ट्रांसफार्मर के हैंडल में सट गया जिसमें करंट प्रवाहित हो रही थी। जिसके कारण शीला देवी की मौत हो गई। वहीं घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## 2009 लोकसभा चुनाव के दौरान पीरपैती क्षेत्र में प्राइवेट जगह पर होर्डिंग लगाने को लेकर हुआ था विधायक अजीत शर्मा पर आचार संहिता उल्लंघन मामले में केस, आज हुई दो मामले में गवाही।

**भागलपुर समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी।**

भागलपुर ।कांग्रेस विधायक दल के नेता अजीत शर्मा आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन मामले में एसीजीएम एक प्रवाल दत्ता के कोर्ट में हाजिर हुए और आदर्श आचार संहिता के चल रहे दो मामलों में उनकी गवाही हुई। 2009 लोकसभा चुनाव के दौरान पीरपैंती क्षेत्र में प्राइवेट जगह पर होडिंग लगाने को लेकर मामला दर्ज किया गया था। जिसमें आज विधायक की गवाही हुई। विधायक का कहना था कि चुनाव के समय अधिकारी झूठे मामले में राजनेताओं को फसाते हैं और इस तरह के अधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

# विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर आज गवर्मेंट आईटीआई बरारी भागलपुर के द्वारा निकाली गई प्रभात फेरी

**भागलपुर समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी।**

प्रभात फेरी में सैकड़ों छात्र-छात्राएं थे मौजूद,लोगों को किया गया जागरूक

भागलपुर ।15 जुलाई को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा विश्व युवा कौशल दिवस घोषित किया गया है। इस महत्वपूर्ण कदम ने युवाओं को रोजगार ,अच्छे काम और उधमिता के लिए कौशल से लैस करने के राजनीतिक महत्व का जश्न मनाने के कारणों को चिन्हित किया है। इसी बाबत आज विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर गवर्नमेंट आईटीआई बरारी भागलपुर से प्रभात फेरी निकाला गया ।यह प्रभात फेरी कॉलेज परिसर से निकलकर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी बरारी के साथ-साथ कई चौक चौराहे होते हुए मधु चौक बरारी तक लाया गया। प्रभात फेरी के द्वारा लोगों के बीच यह संदेश दिया गया कि आज का समय कौशल विकास का समय है। देश के युवा अधिक से अधिक कौशल विकास प्राप्त कर देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें एवं स्वरोजगार के द्वारा प्राप्त हुनर का उपयोग करते हुए लोगों को






रोजगार भी उपलब्ध कराएं ।प्रभात फेरी में संस्थान के छात्र-छात्राएं, एनसीसी कैडेट एवं अनुदेशक गण शामिल थे ।प्रभात फेरी का नेतृत्व मेजर विनय कुमार प्रभारी प्राचार्य गवर्नमेंट आईटीआई भागलपुर कर रहे थे। आईटीआई भागलपुर के प्रभारी प्राचार्य ने कहा कि विश्व युवा कौशल दिवस विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा आयोजित कौशल विकास कार्यक्रमों में भाग लेकर युवाओं को अपने कौशल को चमकाने का अवसर प्रदान करता है। यह युवाओं और तकनीकी और व्यवसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थानों नियोक्ताओं और श्रमिक संगठनों और विकास भागीदारी और नीति निमार्ताओं के बीच एक मार्ग प्रदान करता है।

# ग्रामीण विकास मंत्री ने किया स्थल का निरीक्षण

**केशव कुमार सिंहदैनिक समाज जागरण औरंगाबाद**

शुक्रवार को मंत्री ग्रामीण विकास विभाग श्रवण कुमार द्वारा औरंगाबाद जिले का भ्रमण कर मदनपुर प्रखंड में लघु सिंचाई विभाग द्वारा क्रियान्वित योजना उमगा तालाब एवं दशवत खाप आहर जीर्णोद्धार कार्य तथा ग्रामीण विकास विभाग द्वारा क्रियान्वित ननौखर तालाब, उत्तरी उमगा का स्थलीय निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक दिशानिदेश दिए गए।



इस अवसर जिला पदाधिकारी सौरभ जोरवाल, उप विकास आयुक्त अभ्येंद्र मोहन सिंह, निदेशक डीआरडीए बालमुकुंद प्रसाद, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई विभाग, कनीय अभियंता लघु सिंचाई विभाग, डीपीओ विजय सिंह एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## एक वारंटी गिरफ्तार

**समाज जागरण सूर्यगढ़ा**

स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है तथा इस संदर्भ में मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार सूर्यगढ़ा थाना क्षेत्र के नया टोला से पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किए गए अभियुक्त सतनारायण साव पेशर जामुन साव बताया जा रहा है जिसके ऊपर वर्ष 2007 में ही एक मामला दर्ज था एवं उक्त मामले में न्यायालय में हाजिर नहीं होने पर वारंट जारी किया गया था जिसके आलोक में सूर्यगढ़ा पुलिस ने गिरफ्तार कर व्यक्ति को जेल भेज दिया है

## स्कूली बच्चों को किया गया जागरूक

**समाज जागरण लखीसराय**

जिले के प्राथमिक विद्यालय बरियासन बलुआही में पीरी बाजार थाने में कार्यरत अग्निशमन कर्मी अखिलेश कुमार एवं उनके सहयोगी के द्वारा विद्यालय के प्रधानाचार्य पवन कुमार के अनुरोध पर विद्यालय के सारे स्कूली बच्चे और शिक्षकों की मौजूदगी में आग से संबंधित बचाव और सावधानी को लेकर मॉकड्रिल के माध्यम से



जागरूक करने का कार्य किया गया एवं साथ ही स्कूली बच्चों को अग्निशमन कर्मी अखिलेश कुमार के द्वारा मौखिक रूप से भी विस्तृत पूर्वक आग से बचाव एवं सावधानी को लेकर जानकारी दी गई मौके पर विद्यालय के सारे शिक्षक एवं सारे स्कूली बच्चे मौजूद रहे

## 21 लीटर शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार

**समाज जागरण सूर्यगढ़ा**

स्थानीय पुलिस ने अवैध शराब कारोबार किए जाने की सूचना पर थाना क्षेत्र अंतर्गत नीरपुर गांव में छापेमारी की गई तथा छापेमारी के दौरान मीरपुर गांव से एक युवक को 21 लीटर देसी महुआ शराब के साथ सूर्यगढ़ा पुलिस ने गिरफ्तार किया है तथा गिरफ्तार किए गए अभियुक्त मुन्ना कुमार पेसर राजाराम बताया जा रहा है जिसे सूर्यगढ़ा पुलिस ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया है एवं उक्त छापेमारी सूर्यगढ़ा थाना विंध्याचल प्रसाद के द्वारा ही की गई थी

## एक दिवसीय रोजगार मेला का किया गया आयोजन

**समाज जागरण सूर्यगढ़ा**

प्रखंड मुख्यालय परिसर के पीछे मैदान में जीविका दीदी के द्वारा एक दिवसीय रोजगार से मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया गया तथा रोजगार मेले का उद्घाटन सूर्यगढ़ा प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ अखिलेश कुमार के द्वारा किया गया तथा रोजगार मेले में जीविका दीदी के द्वारा कई स्टॉल भी लगाए



गए एवं रोजगार मेला शासन मेले के आयोजन को लेकर सूर्यगढ़ा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सभी जीविका दीदी के द्वारा आए हुए ग्रामीणों को जानकारी दी जा रही है एवं आयोजन को लेकर भव्य पंडाल बनाया गया है

रोजगार मेला में निशिकांत पटेल जीविकोपार्जन विशेषज्ञ बीपीएम नवीन कुमार मैनेजर पंकज कुमार गैर कृषि प्रबंधक सुमित कुमार जीविकोपार्जन प्रबंधक गुरुदेव स्वास्थ्य एवं पोषण प्रबंधक मुर्तजा अली एवं जीविका दीदी राधा कुमारी लवली कुमारी शीतल कुमारी पूर्णिमा राय वसुंधरा कुमारी प्रियंका कुमारी एवं कोऑर्डिनेटर टुनटुन प्रसाद शामिल रहे

# प्रथम प्रयास में ही हर्ष कुमार ने दरोगा की परीक्षा में पाई सफलता

**समाज जागरण सूर्यगढ़ा**

सूर्यग्रहण नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत जगदीशपुर निवासी नंदकिशोर सिंह के पुत्र हर्ष कुमार ने पहली ही बार में दरोगा की परीक्षा में सफलता हासिल कर ली है जिससे उनके परिजन एवं उनके रिश्तेदार एवं आसपास के ग्रामीण काफी खुश नजर आ रहे हैं जबकि इस संदर्भ में हर्ष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया गया कि मैट्रिक की परीक्षा सूर्यगढ़ा एवं इंटर और बीए की परीक्षा अपने परिजन के यहां रह कर



पटना जिले के मोकामा में रहकर परीक्षा पास की है जबकि दरोगा की परीक्षा को लेकर कड़ी मेहनत एक लक्ष्य और रखकर पढ़ाई की जिसके बदौलत पहली ही बार में सफलता मिली है तथा परीक्षा में सफलता को लेकर हर्ष कुमार ने अपने माता पिता एवं दोस्तों के बदौलत है प्रथम प्रयास में ही मुझे सफलता मिली है जबकि हर्ष कुमार के माता पिता एवं उनके चाचा जी दरोगा की परीक्षा के पास किए जाने को लेकर उन्हें अपना आशीर्वाद देते हुए बताया कि हर्ष कुमार के द्वारा कड़ी मेहनत और लगन के बदौलत ही उसे सफलता मिली है सफलता को लेकर हर्ष कुमार के घर पर बधाई देने वाले लोगों का तांता लगा हुआ है

## भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पहुंचे सूर्यगढ़ा

**समाज जागरण सूर्यगढ़ा**

शुक्रवार को भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता डॉ राम सागर सिंह पहुंचे सूर्यगढ़ा जहां भाजपा के प्रखंड अध्यक्ष संजीत कुमार एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा उनके गले में माला और शॉल देकर उन्हें सम्मानित किया गया एवं उक्त मौके पर उन्होंने बताया कि मोकामा से लखीसराय अशोक धाम मंदिर परिसर में पूजा



अर्चना कर पार्टी कार्यकताओं से मिलकर उनका हालचाल जाना एवं साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि लखीसराय जिले का पूर्व में जिला प्रभारी रह चुका हूं एवं फिलहाल परबत्ता विधानसभा जा रहा हूं लखीसराय जिले के सभी भाजपा कार्यकताओं से मेरा खास लगाव रहा है जिसको लेकर सूर्यगढ़ा बाजार में मेरा आना हुआ

## जयनगर में आधार सेवा केंद्र का हुआ उद्घाटने

**दैनिक समाज जागरण जयनगर नित्यानंद झा राजू**

मधुबनी जिले के जयनगर में नगर पंचायत कार्यालय के समीप आधार ऑनलाइन सुधार सेवा केंद्र का उद्घाटन नगर पंचायत के अध्यक्ष कैलाश



पासवान ने फीता काटकर किया। नपं मुख्य पार्षदे कैलाश पासवान ने आधार सेवा केंद्र के संचालक को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोगों को अब आधार कार्ड में नाम सुधार, एड्रेस सुधार, जन्म तिथि सुधार आदि बनाने में लोगों को काफी सुविधा इस सेंटर के माध्यम से मिलेगी।आधार कार्ड सेंटर के संचालक मनोज कुमार यादव ने बताया कि आधार कार्ड सेंटर में आधार कार्ड में नाम सुधार, एड्रेस सुधार, जन्म तिथि सुधार आदि कार्य किये जाएंगे। सेंटर में अन्य तमाम सेवाएं दी जाएंगी जो दी जाती हैं।यह सेंटर सुबह 10 बजे से लेकर 4 बजे तक प्रतिदीन चलेगा।यह काम प्रतिदिन चलेगा।यह आधार सेंटर खुलने से लोगों में काफी उत्साह है।इस मौके पर कई लोग मौजूद थे ।बता दे कि लगभग 1 वर्ष से आधार कार्ड बनाने की सुविधा यहां बंद कर दी गई थी।। इस कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। लोगों को आधार कार्ड को अपडेट कराने, आधार कार्ड की गलतियों को सुधरवाने के लिए लोगों को काफी असुविधा होती थी।आधार कार्ड सुविधा केंद्र बनने से लोगों की फिजूल खर्ची नहीं होगी।

## बीएड की परीक्षा में भारी धांधली, कॉलेज में उद्ट-रउद्ट ने कई अधिकारियों के साथ की छापेमारी, कई छात्र गिरफ्तारङ्गगेस पेपर और फोन जब्त

**दैनिक समाज जागरण आरा. अख्तर शफी निक्की**

खबर बिहार के आरा से है। जहां जैन कॉलेज में हो रही बीएड की परीक्षा



में भोजपुर जिलाधिकारी राज कुमार, एसडीएम आरा सहित कई अधिकारियों ने एक साथ छापा मारा है। इस दौरान अधिकारियों ने धावा बोलते हुए कई छात्रों को चोरी और सांठ-गांठ करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस ने परीक्षा सेंटर से गेस पेपर, मोबाइल भी जब्त किया है।

## टीएनबी कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग में दो दिवसीय तनाव प्रबंधन शिविर का हुआ आयोजन।

**भागलपुर समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी ।**

भागलपुर। तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय अंतर्गत टीएनबी कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग में दो दिवसीय तनाव प्रबंधन व परामर्श शिविर लगाया गया है। यह दो दिवसीय शिविर 15 जुलाई एवं 16 जुलाई को आयोजित की गई है।शिविर अनिल सामाजिक विकास और अनुसंधान परिषद विभाग



के सहयोग से लगाया गया है। शिविर का उद्घाटन कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ संजय कुमार चौधरी ने किया ।कार्यक्रम में आम लोगों के साथ कॉलेज के शिक्षकों ,कर्मचारियों और छात्रों को तनाव प्रबंधन को लेकर मुफ्त सलाह दी गई। यह कार्यक्रम मनोविज्ञान विभाग की ओर से चलाया जा रहा है। जिसमें सर्टिफिकेट कोर्स साइकोलॉजिकल फर्स्ट एड के तहत किया भी जा रहा है ।प्रधानाचार्य ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से लोगों को लाभ होता है, ऐसा कार्यक्रम लगातार होना चाहिए, वही कार्यक्रम के बारे में विभाग के हेड डॉ राजेश कुमार तिवारी ने कहा कि वर्तमान समय की मांग के अनुसार इस प्रकार का कार्यक्रम और जागरूकता अभियान आयोजित किया जा रहा है। सभी लोग इस में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं यह बहुत खुशी की बात है।

## तीन दिवसीय खेलकूद कैंप का आयोजन,खिलाड़ी कर रहे तैयारी

**दैनिक समाज जागरण हाजीपुर, बैशाली**

हाजीपुर(वैशाली)जिले के जन्दाहा प्रखंड के लोमा गांव निवासी मशहूर धावक मोहम्मद परवेज आलम उर्फ टाइगर के सौजन्य से संचालित टाइगर स्पोर्ट्स क्लब ने आगामी बिहार राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए टाइगर तीन दिवसीय खेलकूद कैंप का आयोजन किया गया।यह कैंप दिनांक



14 जुलाई से 16 जुलाई तक बेदौलिया स्थित फिजिकल ग्राउंड पर आयोजित किया गया है।जहां लगभग 100 खिलाड़ी जमकर पसीना बहा रहे है और तैयारी में जुटे हैं।टाइगर परवेज ने कहा कि दिनांक 29 जुलाई से 31 जुलाई तक पटना में होने वाले राज्य स्तरीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए तीन दिवसीय खेलकूद कैंप का आयोजन किया गया है ताकि वैशाली जिला के खिलाड़ी भी अपना नाम रोशन कर सके।कैंप में नेहा कुमारी पिता विश्वर सिंह,सोनाली कुमारी पिता अशोक झा,अनिमेष,जूही,मंजेश, वियोग विशाल,प्रियांशी,प्रतिया, अभिषेक,अमित भास्कर,इरफान, सभी ने नए वैशाली जिला बनाने का संकल्प लिया।इस मौके पर मोहम्मद परवेज उर्फ टाइगर,भोला,पवन गगन आदि कैंप में उपस्थित थे।

## तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय में बिहार इतिहास परिषद का दसवां अधिवेशन 15 व 16 सितंबर 2022 को होना हुआ तय।

**भागलपुर समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी।**

भागलपुर। बिहार के इतिहास के वैज्ञानिक वस्तुनिष्ठ तथा धर्मनिरपेक्ष अध्ययन को व्यवस्थित एवं प्रोत्साहित करने हेतु निर्मित बिहार इतिहास परिषद का दशम अधिवेशन इतिहास विभाग टीएनबी कॉलेज तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय भागलपुर में 15-16 सितंबर 2022 को होना सुनिश्चित हुआ है।इस अधिवेशन के सफल संचालन हेतु निर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष ,सचिव, कोषाध्यक्ष, संयुक्त सचिव एवं संरक्षक, प्रभागाध्यक्ष तथा कार्यकारी सदस्यों की सूची तैयार कर ली गई है ।अध्यक्ष के पद पर नागेंद्र प्रसाद वर्मा, उपाध्यक्ष सीपीएन सिन्हा एवम युवराज देव प्रसाद, सचिव दयानंद राय, कोषाध्यक्ष अमरकांत सिंह, संयुक्त सचिव मनीष कुमार एवम पंकज कुमार राय, प्रभागाध्यक्ष प्राचीन काल के सुरेंद्र कुमार पटना



विश्वविद्यालय, मध्य काल के हसन इमाम एएमयू किशनगंज, आधुनिक काल के धर्मेंद्र कुमार दरभंगा एवं समकालीन इतिहास के मोहम्मद शहजाद अलीगढ़ को तय किया गया है। वहीं संरक्षक के रूप में विवेकानंद शुक्ल और स्थाई कार्यकारिणी प्रभारी डॉ अजीत कुमार है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए टी एन बी कॉलेज मे विशेष बैठक रखी गई और उसमें तय किया गया यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित हो ।बैठक की अध्यक्षता टीएनबी कॉलेज के प्राचार्य संजय कुमार सिन्हा कर रहे थे ।टीएनबी कॉलेज के प्राचार्य संजय सिन्हा ने बताया कि इस दो दिवसीय अधिवेशन में बिहार के इतिहास पर प्रकाश डाला जाएगा, चाहे वह बिहार के वक्ता हो या फिर बाहर विश्वविद्यालय के वक्ता हो, उन्हें इस विषय पर ध्यान रखना है।

## आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 47 पर सघन दस्त पखवारा के तहत ओआरएस एवं जिंक टेबलेट के वितरण का सुभ आरभ किया गया।

**दैनिक समाज जागरण/ संवाददाता मो0जियाउद्दीन।**

किशनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित थरभीट्टा गांव के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 47 पर सघन दस्त पखवारा के तहत ओआरएस एवं जिंक टेबलेट के वितरण का शुभारंभ सिविल सर्जन मिहिर कुमार वर्मा के द्वारा किया गया। जहां आयोजित कार्यक्रम के शुभारंभ के बाद सीएस श्री वर्मा ने बताया कि सघन दस्त पखवारा के तहत 15 से 30 जुलाई तक शून्य से पांच वर्ष के बच्चों के बीच ओआरएस एवं जिंक टेबलेट का बंटवारा किया जाएगा। जहां दस्त होने पर 06 माह के बच्चों को आधा जिंक का गोली एवं ओआरएस का घोल पिलाया जाना है। वहीं उससे ऊपर के बच्चों को एक टेबलेट खिलाने के साथ ओआरएस का घोल पिलाया जाना है। जिसे लगातार 14



दिन तक टेबलेट देने के साथ एक लीटर पानी में एक ओआरएस घोलकर जितना पी सके पिलाना है। बताया कि जिस बच्चे को दिन में तीन बार से अधिक पैखाना हो उसे ओआरएस के साथ साथ जिंक टेबलेट खिलाना है। ताकि होने वाले दस्त से बचाया जा सके। मौके पर डीआईओ डॉ सीके प्रसाद, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अभिषेक कुमार सिन्हा, डीपीसी बाल कृष्ण चौधरी, एसएमसी अनुपमा चौधरी, स्वास्थ प्रबंधक सुजीत कुमार पंकज, बीसीएम श्रीलाल दास, बीएमसी हिमांशु शेखर मिश्र, लेखा पाल सुशील कुमार, सत्यदेव चौधरी, सेविका, सहायिका सहित अन्य मौजूद थे।

## पंचायतीराज संस्थानों में कार्यरत शिक्षकों को सरकार द्वारा स्थानांतरण का लाभ नहीं देना चाहती है।

**दैनिक समाज जागरण सत्येंद्र कुमार /बिहटा**

इन सम्बन्ध में प्रारम्भिक शिक्षक कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष शशि रंजन सुमन एवं प्रदेश महासचिव आनंद कुमार मिश्रा ने सरकार पर टाल मटोल करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि सरकार दिव्यांग शिक्षक व महिला शिक्षिकाओं को जानबूझ कर परेशान कर रही है ।

जब बिहार पंचायत प्रारंभिक विधालय सेवा नियमावली 2020 के कंडिका 15 के तहत दिव्यांग शिक्षक व महिला शिक्षिकाओं का ऐच्छिक स्थानांतरण की सुविधा प्रदान की गयी है । जिसके आलोक में विभागीय संकल्प संख्या 1247 दिनांक 22 सितम्बर 2020 को एक समिति का गठन भी किया गया था । जिसके आलोक में कमिटी द्वारा 12 जनवरी 2021 को ही किये गए अनुसंशा को विभाग को समर्पित कर दिया गया है परन्तु एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद अब तक कोई पहल नहीं होने से शिक्षकों में मायूसी व्याप्त है।

स्थानांतरण को लेकर सरकार कि मंशा पिछले बिधान सभा के वजट सत्र में दिए गए जबाब से भी स्पस्ट परिलक्षित होती है । माननीय सदस्य मुकेश कुमार यादव के तारांकित प्रश्न



संख्या शिक्षा- 89 के जबाब में विभाग द्वारा आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया ऑनलाइन करने हेतु सॉफ्टवेयर तैयार करने की जानकारी सदन की दी गयी थी । उसी सत्र में माननीय सदस्य संदीप सौरव के तारांकित प्रश्न संख्या शिक्षा- 381 के जबाब में विभाग द्वारा छठे चरण के नियोजन के पश्चात स्थानांतरण की कार्रवाई करने की जानकारी सदन को दी गयी थी । वही मानसून सत्र में माननीय सदस्य डॉ सी एन गुप्ता के अल्पसूचित प्रश्न संख्या 10 के जबाब में वर्तमान नियोजन प्रक्रिया पूर्ण होने अर्थात सातवे चरण की नियोजन की प्रक्रिया के पश्चात स्थानांतरण हेतु अनुवर्ती करवाई की जानकारी सदन को दी गयी थी । जिससे स्पस्ट होता है कि सरकार स्थानांतरण को लेकर गम्भीर नहीं है।

जबकि घर से दूर रहने वाले शिक्षकों व शिक्षिकाओं को स्थानांतरण की सुविधा नहीं मिलने के कारण कई शिक्षकों की मृत्यु सड़क दुर्घटना में आये दिन होती रहती है । तथा कई गम्भीर रूप से जख्मी होते रहते है । जिसकी सूचना समाचार पत्रों के माध्यम जे प्राप्त होती है । वैसे शिक्षकों की सरकार द्वारा कोई आर्थिक सहयोग भी नहीं दिया जाता है । ऐसे में स्थानांतरण की सुविधा देने से शिक्षकों के जीवन को बचाया जा सकता है ।

## कुर्ता-पायजामा भारतीय व महापुरुषों का परिधान है : नवनीत

### शिक्षकों को कुर्ता-पायजामा,जिंस-टी शर्ट न पहनने के आदेश पत्र की प्रति जलाकर संघ ने जताया आक्रोश,संघ के स्थापना दिवस पर किया वृक्षारोपण

**दैनिक समाज जागरण मोहम्मद शाहनवाज अता**

हाजीपुर(वैशाली)परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ जिला इकाई, वैशाली संघ के 17वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिला शिक्षा भवन, वैशाली के परिसर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम किया साथ ही जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा परिधान से संबंधित निर्गत पत्र की प्रति जलाकर विरोध किया।कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार पासवान ने किया।उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ 17 वर्षों से शिक्षकों के हक की लड़ाई के लिए संघर्ष करते आ रही है। जो मील का पत्थर साबित होता है। आगे भी संघ परिवार शिक्षा और शिक्षको के हित के लिए लड़ाई लड़ते रहेगी।इसी कड़ी में शिक्षकों के लिए निर्गत पत्र जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली द्वारा पोशाक पायजामा,कुर्ता, जींस,टी-शर्ट आदि परिधान पर रोक लगाने वाले आदेश पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार सरकार या शिक्षा विभाग द्वारा कोई भी ड्रेस कोड जारी नहीं किया गया है और कोई भी भत्ता देय नहीं है।ऐसी स्थिति में मात्र एक जिला वैशाली द्वारा पत्र निकालने का



कोई औचित्य नहीं है।जिला कोषाध्यक्ष इंद्रदेव महतो एवं वरीय सचिव नवनीत कुमार ने कहा कि कुर्ता,पायजामा हमारा भारतीय पारंपरिक सौम्य एवं सभ्य परिधान है। शिक्षा के क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान देने वाले महापुरुषों में आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी,स्वामी विवेकानंद,डॉक्टर अबुल कलाम, आचार्य कृपलानी,रामधारी सिंह दिनकर,जानकी बल्लभ शास्त्री,डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन आदि अनेकों उदाहरण है जो हमारी सभ्यता एवं संस्कृति को दशार्ता है। इसके अलावा सभा को अरविंद कुमार,राजू रंजन चौधरी,विकास रौशन,अरविंद कुमार केजरीवाल, राजीव कुमार,अमरेंद्र झा,प्रतिमा कुमारी,नागमणि, विमल किशोर राय, अजय कुमार,रत्नेश कुमार,अहमद हुसैन आजाद,अब्दुल कादिर आदि ने संबोधित किया सभी सदस्यों ने शिष्टमंडल के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी वैशाली से मिलकर वार्ता किया जिसमें जिला शिक्षा पदाधिकारी महोदय ने परिधान से संबंधित पत्र को रद्द करते हुए वापस लिया।

## पुलिस ने एक शराब कारोबारी को किया गिरफ्तार।

**दैनिक समाज जागरण सत्येंद्र कुमार/बिहटा**

बिहटा-बिहटा पुलिस ने एक देशी शराब के साथ एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया हैं। गिरफ्तार कारोबारी की पहचान बिक्रम थानाक्षेत्र के आजादनगर निवासी संतोष कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि



श्रीरामपुर रोड़ में एक शराब कारोबारी देखा गया जिसके बाद गश्ती की टीम मौके पर पहुंची और बाइक सवार शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर थाने ले आई जांच के क्रम में बाइक पर रखा 25 लीटर देसी शराब बरामद हुआ युवक जेल भेजा गया है।

## श्रावणी मेला महोत्सव का एसडीएम , डीएसपी ने किया उद्घाटन

### आस्था श्रद्धा पूर्वक आपसी सौहार्द शान्तिपूवर्क पर्व त्योहार मनाने विधिव्यवस्था बनाये रखने सहयोग की अपील हजारों लाखो की संख्या जलाभिषेक को लेकर जाते है कंविया विधिव्यवस्था भंग करने वालों पर चिन्हित कर होगी करवाई :- एसडीएम ,डीएसपी

**दैनिक समाज जागरण जयनगर,,शिव कुमार / मधुबनी**

मधुबनी जिला के सीमांचल क्षेत्र स्थित जयनगर कमला नदी के कमला पुल के समीप स्थित पर्ण कुटी मन्दिर परिसर में बोल बम सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित श्रावणी मेला महोत्सव का पंडित चंद्रशेखर झा के द्वारा विधिवत पूजा पाठ मंत्रोच्चारण से शुभारंभ किया गया। सावन के एक माह तक चलने वाले श्रावणी मेला महोत्सव के उद्घटकर्ता मुख्य अतिथि एसडीएम बेबी कुमारी एवं डीएसपी विप्लव कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। पर्ण कुटी मन्दिर परिसर में आयोजित उद्घाटन समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता बेलही दक्षिण पंचयात के पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि उमेश यादव ने किया। समिति के सदस्यों के द्वारा अतिथि एसडीएम बेबी कुमारी एवं डीएसपी विप्लव कुमार को पाग दोपट्टा से स्वागत कर सम्मानित किया गया। मंचासीन अतिथि एसडीएम ,डीएसपी , मुख्य पार्षद कैलाश पासवान, बेलही पंचयात के मुखिया राम दास हाजरा, बेलही दक्षिण पंचयात की मुखिया सुविता देवी, पूर्व उप मुख्य पार्षद अशोक पासवान, संयोजक महंत बाबा बालक दास एवं जदयू के प्रखण्ड अध्यक्ष राज कुमार सिंह, जिलानी आजाद ने समारोह कार्यक्रम को सम्बोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि कोविड के कारण दो वर्षों तक श्रावणी मेला और जलाभिषेक को लेकर समारोह कार्यक्रम आयोजित नहीं हो सकी थी। लेकिन ईस वर्ष मेला महोत्सव, जलाभिषेक पूजा पाठ का आयोजन हो रहा है इंडो नेपाल बॉर्डर क्षेत्र होने को लेकर नेपाल और आसपास क्षेत्र से हजारों लाखो की संख्या में श्रद्धालु भक्त कंविया कांवर यात्रा को लेकर विभिन्न शिवालयो में जलाभिषेक पूजा पाठ को लेकर कमला नदी से जल बोझकर मंदिरों के लिए जाते



है। जिससे इस वर्ष काफी भीड़ होने की संभावना है। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य लोग समिती के सदस्यों के द्वारा अधिकारियों और पुलिस प्रशासन से सहयोग की अपील की गई।बनदी , कमला पुल , मेला परिसर , आसपास क्षेत्रों और मंदिरों एवं शिवालयों और कांवर पथ पर पुलिस प्रशासन की तैनाती गस्ती दल , मेडिकल टीम , नाव बोर्ट, गोताखोरों की मांग की गई। वही एसडीएम एवं डीएसपी के द्वारा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा किविधिव्यवस्था बनाये रखने और कांवरियों श्रद्धालुओं एवं समिति के सहयोग को लेकर नदी के आसपास क्षेत्रों मेला परिसर मन्दिरों एवं शिवालयों में मजिस्ट्रेट और महिला पुरूष पुलिस प्रशासन की तैनाती की जाएगी। सादे लिवास में भी प्रशासन की टीम भर्मण करते रहेंगे। कमला पुल के समीप मेला परिसर में मेडिकल टीम भी मौजूद रहेंगे। कंविया पथ पर और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस प्रशासन की गस्ती टीम गस्त लगाते रहेंगे। जिला से ज्यादा संख्या में पुलिस बल , गोताखोरों और बोर्ट की मांग की गई है। समितियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हर परिसर सीसीटीवी लगाने , नदी परिसर में स्नान और जलाभिषेक पूजा पाठ को लेकर जल लेने को लेकर ब्रेकेटिंग करवाने समेत कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विधिव्यवस्था बनाये रखने को लेकर अफवाह पर ध्यान नहीं देने, असमाजिक तत्वों और सोशल मीडिया पर पैनी नजर रहेगी, सोशल मोडिया पर आपत्ति जनक पोस्ट करने, विधिव्यवस्था भंग करने वालों पर चिन्हित कर करवाई की जाएगी। विधिव्यवस्था बनाये रखने में सभी सहयोग की अपील करते हुए आस्था के साथ श्रद्धा पूर्वक आपसी सौहार्द माहौल में शान्तिपूवर्क पर्व त्योहार मनाने की अपील की गई। मौके सरंक्षक उमेश यादव, मदन यादव, अध्यक्ष शशि शेखर हाजरा , सचिव अनुराग कुमार पंकज, अजय कापड़, रौशन चौधरी, रंजीत राय, कोषाध्यक्ष राम सेवक साह, उप कोषाध्यक्ष अजय चौधरी, सह सचिव सिकन्दर मुखिया, संयुक्त सचिव संतोष राय, मीडिया प्रभारी सुधांशु कुमार व पप्पू पूर्वे, रौशन कुमार, ललन मंडल, रोजिन मुखिया समेत कई गणमान्य लोग और समिति के सदस्य गण उपस्थित थे।

## विधायक ने लंगोट अर्पण कर मांगी सूबे में खुशहाली की दुआ।

### अगले साल से बाबा मणिराम अखाड़ा परिषर में किया जाएगा कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन अखाड़ा न्यास समिति की मांग पर जदयू विधायक ने दिया आश्वासन।

**दैनिक समाज जागरण नालंदा, बिहार**

अस्थावां के विधायक डॉक्टर जितेंद्र कुमार ने शुक्रवार को पार्टी नेताओं व कार्यकताओं के साथ बाबा मणिराम की समाधि पर लंगोट चढ़ाकर अमन-चैन की दुआ मांगी। कार्यकताओं के साथ वह माथे पर पूजा की थाल लेकर बाबा की समाधि पर पहुंचे। पूजा-अर्चना कर समाधि पर लंगोट चढ़ाया। इस मौके पर उन्होने कहा कि ऐसे महान संतों का ही प्रभाव है कि पूरे बिहार में लोग अमन-चैन और भाईचारगी के साथ रह रहे हैं। मणिराम बाबा सद्भावना, प्रेम, भाईचारा, मोहब्बत के प्रतीक थे। वही अस्थावां विधायक डॉ जितेंद्र कुमार ने पार्टी और अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए बाबा से प्रार्थना की। बाबा मणिराम के दरबार का आशीर्वाद हमेशा हमारे और हमारे पार्टी के ऊपर रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार लगातार विकास की ओर अग्रसर है क्योंकि बिहार के सीएम नीतीश कुमार के अगुआई में निरंतर काम करने का मौका मिला है। वही अखाड़ा न्यास समिति के उपाध्यक्ष अमरकांत भारती ने अस्थावां विधायक डॉ जितेंद्र कुमार से 7 दिवसीय लगोंट मेला के आयोजन के मौके पर कुश्ती प्रतियोगिता करवाने की मांग किया क्योंकि अस्थावां विधानसभा क्षेत्र इलाके में विधायक डॉ जितेंद्र कुमार और बिजेपी नेता चीकू सिंह के द्वारा हर साल कुश्ती दंगल प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन बड़े पैमाने पर करवाया जाता है जिसमे बिहार राज्य और दूसरे राज्यो के पहलवान शिरकत करते है।इन्ही सभी चीजों को देखते हुए अखाड़ा न्यास समिति ने विधायक के समक्ष अपनी मांग को रखने का काम किया है ।अस्थावां विधायक डॉ जितेंद्र कुमार ने भी अगले साल इस अखाड़ा परिषर में



कुश्ती दंगल प्रतियोगिता करवाने का आश्वासन दिया है ।उन्होंने कहा कि कुश्ती या दंगल हमारे जीवन का एक हिस्सा है। एक स्वास्थ्य मानसिकता का परिचायक भी है ।स्वास्थय शरीर के लिए खेल, अखाड़ा भी जरूरी है क्योंकि आज युवा वर्ग के लोग शारीरिक कार्य को छोड़ मोबाइल और टीवी में लग चुके है ।इस मौके पर चंदन नेता चिक्कू सिंह संजय सिंह उपाध्याय जी शुक्ला जी बबलू कुमार समेत कई गण्यमान लोग मौजूद रहे।

## पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ज्योति सोनी ने बिहटा कांवरिया संघ के रथ को हरि झंडी दिखा कर रवाना किया।

**दैनिक समाज जागरण सत्येंद्र कुमार/बिहटा**

श्रावण मास में शिव जी पर जल चढाने के लिए कांवरियां दूर दूर से विभिन्न शिवालयों में आते हैं। शिव जी के प्रति अपनी अटुट श्रद्धा दिखाते हुए बेलपत्र, फूल, एवं गंगा जल शिव जी को अर्पण करते हैं।

ऐसे में बिहटा के बाबा बिटेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण से कांवरियों के एक जत्थे को पटना के पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ज्योति सोनी ने विधिवत पूजन, नारियल फोड़ कर एवं हरि झंडी दिखा कर रवाना किया।

मौके पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ज्योति सोनी ने बताया कि यह आस्था एवं विश्वास का प्रतिक है। मैं श्रावण मास के पवित्र महिने में बाबा भोलेनाथ से अपने क्षेत्र के खुशहाली, सुख, शांति, एवं प्रगती की कामना करता हुं। बाबा भोलेनाथ सभी को निःरोग काया प्रदान करें।

साथ ही साथ बिहटा कांवरिया संघ



के यात्रा को मंगलमय होने की कामना की।

वहीं बिहटा कांवरिया संघ से गौरव ने बताया कि यह रथ, गुप्तेश्वर नाथ, तुतला भवानी मंदिर, मुण्डेश्वरी धाम, ताराचण्डी धाम को जाएगा। इस जत्थे में 16 (सोलह) श्रद्धालु भक्तगण जाएंगे ।

मौके पर मंदिर के महंथ जमुना दास जी, विवेक, निखिल, धन्नजय, बिक्की, डिक्की, एवं बिहटा के विभिन्न समाजसेवी, श्रद्धालु भक्तगण उपस्थित रहे ।

## पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ज्योति सोनी ने बिहटा कांवरिया संघ के रथ को हरि झंडी दिखा कर रवाना किया।

**दैनिक समाज जागरण सत्येंद्र कुमार/बिहटा**

श्रावण मास में शिव जी पर जल चढाने के लिए कांवरियां दूर दूर से विभिन्न शिवालयों में आते हैं। शिव जी के प्रति अपनी अटुट श्रद्धा दिखाते हुए बेलपत्र, फूल, एवं गंगा जल शिव जी को अर्पण करते हैं।

ऐसे में बिहटा के बाबा बिटेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण से कांवरियों के एक जत्थे को पटना के पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ज्योति सोनी ने विधिवत पूजन, नारियल फोड़ कर एवं हरि झंडी दिखा कर रवाना किया।

मौके पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ज्योति सोनी ने बताया कि यह आस्था एवं विश्वास का प्रतिक है। मैं श्रावण



मास के पवित्र महिने में बाबा भोलेनाथ से अपने क्षेत्र के खुशहाली, सुख, शांति, एवं प्रगती की कामना करता हुं। बाबा भोलेनाथ सभी को निःरोग काया प्रदान करें।

साथ ही साथ बिहटा कांवरिया संघ के यात्रा को मंगलमय होने की कामना की।

वहीं बिहटा कांवरिया संघ से गौरव ने बताया कि यह रथ, गुप्तेश्वर नाथ, तुतला भवानी मंदिर, मुण्डेश्वरी धाम, ताराचण्डी धाम को जाएगा। इस जत्थे में 16 (सोलह) श्रद्धालु भक्तगण जाएंगे ।

मौके पर मंदिर के महंथ जमुना दास जी, विवेक, निखिल, धन्नजय, बिक्की, डिक्की, एवं बिहटा के विभिन्न समाजसेवी, श्रद्धालु भक्तगण उपस्थित रहे ।

22 may 2022:Layout 1 7/16/2022 1:42 AM Page 12



## जिले में सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा शुरू

### डीआईओ ने बच्चों के बीच दवा वितरित कर किया अभियान का उद्घाटन

**समाज जागरण**

जिले में सघन दस्त पखवाड़ा का संचालन शुक्रवार से शुरू हो गया । इसे लेकर सभी चिकित्सा संस्थानों में विशेष आयोजन किये गये। विशेषज्ञ चिकित्सक व स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा लोगों को डायरिया के लक्षण व उपचार संबंधी समुचित जानकारी दी गयी। उन्हें ओआरएस घोल के निर्माण सहित ओआरएस व जिंक



दवा के सेवन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गयी। चिकित्सा संस्थान के प्रभारी पदाधिकारी ने अभियान की अगुआई करते हुए कर्मियों को 15 दिनों तक चलने वाले सघन दस्त पखवाड़ा अभियान के सफल संचालन को लेकर आवश्यक निर्देश दिये। इसी कड़ी में अररिया पीएचसी में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए अभियान के नोडल अधिकारी सह डीआईओ डॉ मोईज ने इसका विधिवत उद्घाटन किया। मौके पर पीएचसी प्रभारी डॉ जावेद, पिरामल स्वास्थ्य के डीएल संजीव कुमार, डीटीएल संजय कुमार झा, यूनिसेफ के एसएमसी आदित्य कुमार सिंह, बीएमएनई सरवर आलम, अबू सुफियान सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## वेतन की मांग को लेकर 3 अगस्त को कुलाधिपति के आगमन पर दीक्षांत समारोह का बहिष्कार।

**समाज जागरण मधेपुरा।**

बी एन मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा में आहुत चतुर्थ दीक्षांत समारोह 3 अगस्त 2022 को राज्य के महामहिम राज्यपाल सह कुलाधिपति के आगमन पर वित्त रहित शिक्षा कर्मी अनुदान नहीं वेतन की मांग को लेकर दीक्षांत समारोह का बहिष्कार कर भूख हड़ताल पर रहेंगे बीएन मंडल विश्वविद्यालय वित्त रहित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष प्रोफेसर



मनोज भटनागर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भूपेंद्र नारायण मंडल की समाजवादी धरती से अब वित्त रहित शिक्षकों की आर पार की लड़ाई शुरू होगी उन्होंने कहा कि बिहार के दामन पर काला धब्बा है वित्त रहित शिक्षा नीति तकरीबन 36 वर्षों से शिक्षण संस्थानों में शिक्षक भूखे पेट राज्य के उच्च शिक्षा की तकदीर लिख रहे हैं वेतन की आस में जवानी बर्बाद हो गई इनके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है राज्य सरकार किसी भी देश का उज्जवल भविष्य बेहतर शिक्षा पर निर्भर करता है छात्र अगर अच्छी शिक्षा प्राप्त करते हैं उन्हें नैतिकता का पाठ पढ़ाया जाता है तो समाज व देश अपना परचम लहराने में कभी पीछा नहीं रह सकता है दुखद पहलू यह है कि जिस वित्त रहित शिक्षा संस्थानों में भूखे पेट शिक्षा दान कर रहे उनके ही छात्र छात्राओं को महामहिम के हाथों उपाधि दी जाएगी जहां एक तरफ खुशी होती है वहीं वित्त रहित शिक्षा कर्मियों खेद प्रकट करते हैं।

## डीआईओ ने बच्चों के बीच दवा वितरित कर किया अभियान का उद्घाटन

**समाज जागरण अररिया।**

जिले में सघन दस्त पखवाड़ा का संचालन शुक्रवार से शुरू हो गया । इसे लेकर सभी चिकित्सा संस्थानों में विशेष आयोजन किये गये। विशेषज्ञ चिकित्सक व स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा लोगों को डायरिया के लक्षण व उपचार संबंधी समुचित जानकारी दी गयी। उन्हें ओआरएस घोल के निर्माण सहित ओआरएस व जिंक



दवा के सेवन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गयी। चिकित्सा संस्थान के प्रभारी पदाधिकारी ने अभियान की अगुआई करते हुए कर्मियों को 15 दिनों तक चलने वाले सघन दस्त पखवाड़ा अभियान के सफल संचालन को लेकर आवश्यक निर्देश दिये। इसी कड़ी में अररिया पीएचसी में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए अभियान के नोडल अधिकारी सह डीआईओ डॉ मोईज ने इसका विधिवत उद्घाटन किया। मौके पर पीएचसी प्रभारी डॉ जावेद, पिरामल स्वास्थ्य के डीएल संजीव कुमार, डीटीएल संजय कुमार झा, यूनिसेफ के एसएमसी आदित्य कुमार सिंह, बीएमएनई सरवर आलम, अबू सुफियान सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## नव नियुक्त प्रधानाचार्य का सम्मान समारोह स्थगित

**समाज जागरण मधेपुरा।**

ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में शनिवार को होने वाला नवनियुक्त प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) कैलाश प्रसाद यादव का सम्मान समारोह तत्काल स्थगित कर दिया गया है। यह जानकारी एनएसएस पदाधिकारी डॉ सुधांशु शेखर एवं पदाधिकारी ले. गुड्डु कुमार ने संयुक्त रूप से दी। पदाधिकारी द्वय ने बताया कि यह समारोह महाविद्यालय में चल रहे मूल्यांकन कार्यों की समाप्ति के बाद सभी शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों की सहभागिता में संयुक्त रूप से आयोजित होगा।

## कई ई-रिक्शा हुआ जप्त, कारण बना माइनर वाहन चालक और बिना निबंधन के वाहन चलाना

**समाज जागरण बिहार शरीफ (ए. स.)**

नालंदा: नालंदा के जिला पदाधिकारी के निदेशानुसार जिला परिवहन पदाधिकारी रवि कुमार द्वारा आज लहेरी थाना क्षेत्र में ई-रिक्शा का जांच किया गया। जांच उपरांत कुल 15 वाहनों को जप्त कर थाना को सुपुर्द किया गया।इस जांच अभियान का मुख्य उद्देश सभी ई-रिक्शा चालकों द्वारा ट्रैफिक नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाना, माइनर के द्वारा वाहन नहीं चलाना तथा बिना



निबंधित वाहनों का परिचालन नहीं करना है। इसी क्रम में जांच अभियान चलाया गया आगे भी यह जांच अभियान लगातार चलता रहेगा।

## पति को हुआ दूसरी लड़की से प्यार!

### पति ने पत्नी को गला दबाकर उतारा मौत के घाट

**समाज जागरण बगहा (नीरज मिश्रा)**

प्रेम और विश्वास के अटूट रिश्ते पर पोता कालिख.

बगहा, नगर थाना क्षेत्र के रहमान नगर में लड़की के चक्कर में एक पति ने अपनी ही पत्नी की गला दबा कर हत्या करने का मामल सामने आया हैं लड़की के फूफा ऐतराज अंसारी से मिली जानकारी अनुसार एक लड़की के प्रेम के चक्कर में पड़कर पति ने गला दबा कर हत्या कर दिया हैं साथ ही उन्होंने बताया कि शादी के दिन लड़के के कुछ दोस्तों को नाश्ता नहीं मिलने मिला पाया था इसी बात को लेकर बार बार मृतका को प्रताड़ित किया जाता था। इतना ही नहीं लड़के का किसी दूसरे लड़की से चक्कर चल रहा हैं, इसी को लेकर हत्या किया गया था। मृत युवती का नाम सानिया प्रवीन पिता मंसफ मिया हैं, सानिया प्रवीन की शादी 23 मार्च 2022 जूबैर अंसारी पिता सफूर्दीन अंसारी से हुईं थी, शादी के महज 3 महीने सानिया को मौत के घाट उतार दिया गया!

## बी एन एम यू मधेपुरा के चतुर्थ दीक्षांत समारोह के सफल संचालन हेतु समीक्षा बैठक संपन्न

### बैठक में गठित सभी समितियों के संयोजकों एवं सचिवों ने अपना-अपना प्रतिवेदन किया प्रस्तुत

**मधेपुरा/ डॉ.रूद्र किंकर वर्मा । समाज जागरण**

आगामी तीन अगस्त को निर्धारित भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के चतुर्थ दीक्षांत समारोह की तैयारियों की समीक्षा हेतु कुलपति डॉ. आर. के. पी. रमण की अध्यक्षता में शुक्रवार को एक बैठक आयोजित हुई।

बैठक में दीक्षांत समारोह के निमित्त गठित सभी समितियों के संयोजकों एवं सचिवों ने अपना-अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कुलपति ने सबों को यह निदेशित किया कि समारोह को यादगार एवं शानदार बनाया जाए और इसमें कोई कमी नहीं रहने दिया जाए।

निकलेगी शोभायात्रा

बैठक में बताया गया कि दीक्षांत समारोह की विद्वत शोभा यात्रा में राज्यपाल सह कुलाधिपति सहित अन्य गणमान्य अतिथि एवं प्रतिभागी विशेष दीक्षांत परिधान में शामिल होंगे। इसमें कुलसचिव, संकायाध्यक्ष, परीक्षा नियंत्रक, प्रति कुलपति एवं कुलपति राज्यपाल सह कुलाधिपति की अगुवानी करेंगे। अतिथियों एवं सभी प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय द्वारा पीला मालविया पगड़ी, लाल बॉडर वाला विश्वविद्यालय के मोनोग्राम अंकित पीला अंगवस्त्रम् उपलब्ध कराया जाएगा। छात्रों को खादी कपड़े में सफेद (उजला) कुर्ता एवं पजामा या उजली धोती एवं उजला कुर्ता स्वयं बनाना है। छात्राओं के लिए खादी सलवार (उजला) लेमन येलो कुर्ता या खादी की साड़ी लाल बॉडर के साथ, लाल ब्लॉज स्वयं बनवाना है।

साफ-सफाई एवं सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान

समारोह के निमित्त साफ- सफाई एवं सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया




जा रहा है और पूरे परिसर को दुल्हन की तरह सजाने की योजना है। विश्वविद्यालय अतिथिगृह सहित सभी प्रमुख भवनों के रंग-रोगन का कार्य जारी है। मुख्य द्वार पर लाइट लगाने का प्रस्ताव है। दीक्षा मंच पर मधुबनी पेंटिंग लगाने और मंच को खुशबूदार फूलों से सजाने का निर्णय लिया गया है।

दिया जाएगा गार्ड आफ आनर

राज्यपाल सह कुलाधिपति के सम्मान में स्वागत एवं सम्मान में जगह-जगह तोरणद्वार लगाया जाएगा। उन्हें हेलीपैड एवं विश्वविद्यालय परिसर में गार्ड आफ आनर दिया जाएगा। मंच पर कुलपति उन्हें अंगवस्त्रम्, पुष्पगुच्छ एवं स्मृतिचिह्न देकर सम्मानित करेंगे।

मिलेगा स्वर्ण पदक

सभी विषयों के सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को स्वर्ण पदक दिया जाएगा। लेकिन यह पदक तभी दिया जाएगा, जब विद्यार्थियों को कम-से-कम साठ प्रतिशत अंक प्राप्त होगा। पूर्व में यह निर्णय लिया गया था कि जिस विषय में दस से कम विद्यार्थी होंगे, उस विषय में स्वर्ण पदक नहीं दिया जाएगा। पूर्व के इस निर्णय को बदलते हुए सभी विषयों में स्वर्ण पदक देने का निर्णय लिया गया। इससे संस्कृत, मैथिली, उर्दू, दर्शनशास्त्र आदि विषयों के विद्यार्थियों को काफी लाभ मिलेगा। मालूम हो कि असिस्टेंट प्रोफेसर (दर्शनशास्त्र ) डॉ. सुधांशु शेखर ने इस निर्णय को बदलने का अनुरोध किया था।

इस अवसर पर प्रति कुलपति डॉ. आभा सिंह, मानविकी संकायाध्यक्ष डॉ. उषा सिन्हा, डीएसडब्ल्यू प्रो. (डॉ.) पवन कुमार, कुलानुशासक डॉ. विश्वनाथ विवेका, सीसीडीसी डॉ. इम्तियाज अंजुम, कुलसचिव सह सदस्य-सचिव प्रो. (डॉ.) मिहिर कुमार ठाकुर, डॉ. ललन प्रसाद अद्री, डॉ. एम. आई. रहमान, परीक्षा नियंत्रक प्रो. आर. पी. राजेश, परिसंपदा पदाधिकारी डॉ. गजेन्द्र कुमार, महाविद्यालय निरीक्षक विज्ञान डॉ. भूपेंद्र प्रसाद सिंह, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. अभय कुमार, शशिभूषण, डॉ. अशोक कुमार सिंह, डॉ. मो. अबुल फजल, डॉ. शंकर कुमार मिश्र, उपकुलसचिव (शै.) डॉ. सुधांशु शेखर, डॉ. विनोद कुमार यादव, पृथ्वीराज यदुवंशी, बिमल किशोर बिमल आदि उपस्थित थे।

## विद्यालय में बच्चों के साथ मारपीट को लेकर सड़क जाम।

### सड़क जाम से घंटो आवागमन ठप पुलिस प्रशासन की पहल से हटीं जाम।

**समाज जागरण मोहम्मद आजाद**

गौनाहा / शुक्रवार को गौनाहा थाना क्षेत्र के: राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय नया टोला विशौली बेलवा बाजार में बच्चों के आपसी विवाद को लेकर बच्चों के साथ मारपीट को लेकर छात्र अभिभावक व ग्रामीणों द्वारा गौनाहा मुख्य सड़क को जाम कर प्रदर्शन किया गया। जिसके कारण 2 घंटे तक सड़क पूर्ण रूप से बाधित रहा ।वही समाजसेवी सोनू सिंह, विक्रमा चौधरी,रानू मिश्रा गौनाहा थानाध्यक्ष राजीव नंदन सिन्हा की पहल से सड़क जाम खत्म करते हुए आवागमन शुरू किया गया। विदित हो कि राजकीय प्राथमिक विद्यालय नया टोला बिसौली को उत्क्रमित मध्य विद्यालय में शिफ्ट किया गया है। जिसमें बच्चे आपस में झगड़ा किए थे जिसको लेकर पकड़ी बिसौली निवासी मनीर मियां ने विद्यालय में घुसकर बच्चों की पीटाई कर दी । आक्रोशित अभिभावक सोनम देवी, सोनमती देवी, लालमुनी देवी, तारकेश्वर कुमार, अंगद कुमार ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि अगर शिक्षक समय से विद्यालय आते तो ऐसी घटना नहीं होती। आक्रोश व्यक्त करते हुए ग्रामीणों ने कहा कि अगर पकड़ी बिसौली गांव में विद्यालय बन गया रहता तो 2 किलोमीटर से



बच्चों को नहीं आना पड़ता। घटना के बारे में पीड़ित बच्चे सुजीत कुमार, अपर्णा कुमारी, चितरंजन कुमार बताते हैं कि विद्यालय में लगभग 9: 15 में हम लोग पहुंच गए थे। सातवीं कक्षा की छात्रा सुफिना के पिता मुनीर मियां के द्वारा हम सब की पिटाई की गई है। चिढ़ाने को लेकर विवाद हुआ था । इसी बात को लेकर वह अपने पिता को बुला कर लायी। पिता ने फिर बच्चों को मारना शुरू किया। करीब एक किलोमीटर दौड़ा दौड़ा के बच्चों को पीटा गया। विदित हो कि नीलम कुमारी नितम कुमारी, अनुष्का कुमारी की हालत काफी गंभीर बताथी जाती है। वहीं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अरविंद भारती को विद्यालय में पहुंचने पर शिक्षकों की शिकायत अभिभावकों ने की। अभिभावकों का कहना था कि अगर समय से शिक्षक विद्यालय आगये होते तो इतनी बड़ी घटना नहीं होती। इस संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि दोनों विद्यालयों के प्रधानाध्यापक के द्वारा आवेदन दे दिया गया है। निश्चित रूप से उनके ऊपर कार्रवाई की जाएगी। इधर बच्चों व शिक्षकों के द्वारा दिए गए आवेदन में कहना है कि पकड़ी बिसौली निवासी मनीर मिया के द्वारा विद्यालय में घुस कर बच्चों के साथ गाली गलौज किया गया है मारपीट की गई है। इस मामले में थानाध्यक्ष राजीव नंदन सिन्हा ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर पर कार्रवाई की जा रही है।

## गौनाहा बाल विकास परियोजना द्वारा टीएचआर वितरण में धांधली।

### आंगनबाड़ी केंद्र मे टीएचआर वितरण के समय दिखे कई आवारा कुत्ते।

**समाज जागरण मोहम्मद आजाद**

गौनाहा / 15 जुलाई को प्रखंड बाल विकास परियोजना द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में मासिक टीएचआर वितरण में धांधली करने का मामला प्रकाश में आया है। विदित हो कि प्रखंड के कुल 235 आंगनबाड़ी केंद्र में 225 केंद्र ही संचालित है। जिस केंद्रों में मासिक टीएचआर के तहत प्रत्येक केंद्र पर 8 धात्री महिला 8 गर्भावती 40 कुपोषित कुल 56 लाभुकों को इस स्कीम के तहत लाभ देना होता है। जिसमें धात्री और गर्भावती 16 महिलाओ को 3 किलो चावल 1 किलो 500 ग्राम दाल 450 ग्राम सोयाबीन जबकि 40 कुपोषित लाभुकों को 2 किलो 500 ग्राम चावल 1 किलो 250 ग्राम दाल तथा 500 ग्राम सोयाबीन देना है। जबकि प्रखंड के अधिकांश केंद्रों पर सभी लाभुकों को 1 किलो 250 ग्राम चावल, 300 ग्राम दाल तथा 250 ग्राम सोयाबीन दिया गया है। उदाहरण के तौर पर मटियरिया पंचायत के केंद्र संख्या 73 पर टीएचआर के धात्री लाभुक इंदु देवी, रूपा देवी, संजना देवी, कुपोषित लाभुक गीतांजलि देवी, द्वारा बताया गया कि हम लोगों




को सेविका माधुरी देवी के द्वारा 1 किलो 250 ग्राम चावल 300 ग्राम दाल और 250 ग्राम सोयाबीन दिया गया है। जबकि उसी गांव के दूसरा केंद्र संख्या 71 पर साफ सफाई की धज्जि उड़ाते केंद्र के भीतर दिखे आवारा कुत्ते। उक्त केंद्र के लाभुक अस्मिता कुमारी के अभिभावक सोनम देवी ने बताया कि सेविका ईशा देवी के द्वारा भी टीएचआर लाभ में केंद्र संख्या 73 के अनुपात में ही टीएचआर वितरण किया गया है। वही इस समस्या को लेकर प्रखंड बाल विकास परियोजना के प्रधान सहायक आनंद कुमार से जानकारी ली गई तो उनके द्वारा बताया गया कि टीएचआर वितरण के लिए विभाग द्वारा नया मापदंड निर्धारित किया गया है जिसकी पूर्ण रूप से जानकारी अधिकांश सेविकाओं के पास नहीं है एक-दो दिन में स्पष्ट रूप से सभी तक इसकी जानकारी पहुंचा दी जाएगी। वहीं उक्त पंचायत के पर्यवेक्षिका सुनीता कुमारी के द्वारा बताया गया की विभाग द्वारा जारी नया वितरण मापदंड की अस्पष्ट जानकारी हमारे पास उपलब्ध नहीं है जिसके कारण अधिकांश केंद्रों पर यह समस्या उत्पन्न हुई है।

## के एच पी टी द्वारा शेयरिंग सर्किल का आयोजन

**समाज जागरण बगहा से नीरज मिश्रा**

परसौनी एच डब्लू सी एवम बडगांव एच एस सी पर एफ एल डब्लू के द्वारा शेयरिंग सर्किल किया गया जिसमे सी एच ओ दोरथी शर्मा ने बताया कि (सहारा) हेल्प एक ऐसा शब्द है जो मानव को पूर्ण रूप से मनुष्य बनाता है। मनुष्य वही है जो दूसरे को मदद करे, सहारा बने। वही पी सी आई युनुस अंसारी ने बताया कि समाज में टीबी बीमारी को लोग कलंक मानते हैं लेकिन टीबी बीमारी कलंक नही है। इसका ईलाज संभव है। सही जानकारी नहीं होने के



कारण समाज में गलत मान्यताएं लोगो के मन में बैठ चुकी हैं। टीबी का मरीज नियमित छह महीने दवा सेवन से टीबी को हरा सकता है। नियमित 10 से 15 दिन दवा सेवन के उपरान्त मरीज संक्रामक नही रहता है। इस दौरान के एच पी टी कॉर्डिनेटर विकाश कुमार ठाकुर, देवेंद्र पांडेय, फेस्सिलिटेटर प्रेमशीला देवी, लालसा देवी और तीस आशा उपस्थित थी।

## नालंदा डीएम ने जिले में अल्प वृष्टि से उतापन्न स्थिति को लेकर विडियो कांफ्रेसिंग केमाध्यम से बैठक की।

**समाज जागरण बिहार शरीफ (ए. स.)**

नालंदा:जिले में कम बारिश की वजह से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा को लेकर आज जिलाधिकारी श्री शशांक शुभंकर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की।कार्यपालक अभियंता पीएचईडी द्वारा बताया कि अल्प वृष्टि के कारण भू-जल स्तर में गिरावट दर्ज की गई है।

उन्हें चापाकलों की मरम्मती हेतु प्रत्येक प्रखंड के लिए कम से कम दो-दो मरम्मती दल (बड़े प्रखंडों में 2 से अधिक दल) सोमवार से कार्यरत करने को कहा गया। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को मरम्मती योग्य चापाकलों की सूची पंचायतवार प्राथमिकता के क्रम में 24 घंटे के अंदर तैयार करते हुए मरम्मती हेतु रोस्टर निर्धारित करने का निदेश दिया गया। निर्धारित रोस्टर के अनुरूप मरम्मती दल द्वारा चापाकलों की मरम्मती उच्च प्राथमिकता से सुनिश्चित की जाएगी। जहां भी आवश्यक हो वहां कारण सहित नए चापाकल लगाने हेतु प्राथमिकता के आधार पर स्थल की सूची 24 घंटे के अंदर उपलब्ध कराने का निर्देश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। पीएचईडी के माध्यम से आवश्यकतानुसार प्राथमिकता के अनुरूप चिन्हित स्थानों पर नए चापाकल का अधिष्ठापन कराया जाएगा।

कृषि कार्य हेतु जिला में लगभग 3500 डेडीकेटेड ट्रांसफॉर्मर अधिष्ठापन कराया गया है। कुछ ट्रांसफार्मर ओवरलोड एवं अन्य



कारणों से खराब हुए हैं। उन्हें बदलने के लिए विद्युत विभाग के अभियंता को तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इस संबंध में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को खराब ट्रांसफार्मरों की सूची अविलंब उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।जहां भी टैंकर की तत्काल आवश्यकता हो, तुरंत सूचित करने को कहा गया। आवश्यकतानुसार निर्धारित स्थल पर पेयजल के लिए तत्काल टैंकर की उपलब्धता संबंधित नगर निकाय/पीएचईडी के माध्यम से सुनिश्चित किया जाएगा।

वर्तमान स्थिति को देखते हुए जिला स्तरीय आपदा नियंत्रण कक्ष दूरभाष संख्या 06112-233168 पर 24 . 7 कार्यरत है। कोई भी व्यक्ति नल जल, चापाकल एवं कृषि कार्य हेतु विद्युत फीडर के माध्यम से विद्युत आपूर्ति से संबंधित समस्या के बारे में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।नियंत्रण कक्ष में प्राप्त शिकायतों को विधिवत पंजी में संधारित करने को कहा गया। अपर समाहर्ता को स्वयं इसकी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा गया।

बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला आपदा शाखा प्रभारी, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी, कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति सहित अन्य पदाधिकारी तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी तथा पीएचईडी के अभियंतागण जुड़े थे।

## जहानाबाद बदिव्य दृष्टि क्लासेज के छात्रों ने बिहार दारोगा परीक्षा में लहराया परचम।

**दैनिक समाज जागरण जहानाबाद से (बरुण कुमार)**

जहानाबाद जिले में संचालित दिव्य दृष्टि क्लासेज के छात्रों ने बिहार दारोगा में भी अपना परचम लहराया। दारोगा के परिणाम आते ही वहां खुशी का माहौल छा गया। आज सुबह एक विद्यार्थी सूर्यजीत कुमार जब अपने शिक्षण संस्थान दिव्यदृष्टि क्लासेज में मिठाई लेकर पहुंचा और अपनी सफलता का श्रेय दिव्य दृष्टि क्लासेज के संचालक नरोत्तम मिश्रा, रविकांत कुमार, राहुल कुमार एवं समस्त शिक्षको के प्रति अपना आभार प्रकट करते हुए भाव विभोर हो गया। ज्ञात हो कि सूर्यजीत कुमार जिले के अईरा गांव का रहने वाला एक साधारण कृषक कमलेश शर्मा का पुत्र है। वह बचपन से ही लगनशील और कर्मठ छात्र रहा है।



आज उसे बिहार दारोगा में अंतिम रूप चयन होने की खुशी शिक्षण संस्थान में तो है ही अपने गांव में भी है। निश्चय ही इसने अपने मेहनत के बल पर घर परिवार, समाज के साथ साथ गुरुजनों का भी नाम रौशन किया है। दिव्य दृष्टि क्लासेज के संचालक नरोत्तम मिश्रा ने उसे धन्यवाद देते हुए कहा कि सूर्यजीत जैसे छात्र विरले ही होते हैं। और हमारा संस्थान मेहनती और लगनशील छात्रों की सफलता के लिए सदैव तत्पर भी रहता है। यहां से हर वर्ष सैकड़ों छात्र छात्राएं सीटेट की परीक्षा में भी सफलता प्राप्त कर रहे हैं। सूर्यजीत कुमार ने भी अपनी सफलता का श्रेय दिव्य दृष्टि क्लासेज एवं इसके संचालक नरोत्तम मिश्रा को दिया।

## गौनाहा सहारा इंडिया शाखा प्रबंधक के निधन से सहारा परिवार को भारी क्षति सहारा परिवार में छाई शोक की लहार।

**समाज जागरण मोहम्मद आजाद**

गौनाहा / प्रखंड के सहारा इंडिया परिवार के फ्रेंचाइजी प्रबंधक एमडी अख्तर के निधन से सहारा इंडिया परिवार को भारी क्षति पहुंचा है। उनके परिजनों द्वारा बताया गया की इनका शुगर लेवल काफी दिनों से बड़ा हुआ था जिसका इलाज चल रहा था इसी दौरान अचानक से शुगर लेवल हाई हो गया जिसके कारण ऑक्सीजन लेवल घट गया जिससे गुरुवार शाम करीब 4:00 बजे के उनकी मृत्यु हो गई । वही सहारा इंडिया परिवार के पश्चिमी चंपारण रीजनल प्रबंधक श्रीनिवास प्रसाद गुप्ता, सेक्टर प्रबंधक शंकर प्रसाद सिंह, कुरैश अंसारी, एफसी प्रबंधक रूपेश कुमार चिरैया शाखा प्रबंधक




अकबर खान इजहार हुसैन आदि कार्यकताओं ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनकी मृत्यु को सहारा परिवार के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया है। इनकी मृत्यु से प्रखंड सहित उनकी पैतृक गांव माधवपुर में मैं मातमी सन्नाटा छाई हुई है। उनकी जनाजा की नमाज गांव के कब्रिस्तान में बाद नमाज जुम्मा अदा की गई हजारों की संख्या में उनके चाहने वालों ने उनके जनाजे में शामिल होकर उनकी मगफिरत के लिए दुआ मांगी। बाद नमाजे जनाजा उन को रुखसत करते हुए नम आंखों से उन्हें सुपुर्द ए खाक किया गया ।

## कुमार फाउंडेशन टीम के द्वारा संचालित शिक्षा संस्थान निशुल्क शिक्षा के नए केंद्र बेतिया भेडीयारी टोला एवम जगदंबापुर मैं पौष्टिक आहार का वितरण किया गया।

**समाज जागरण बगहा से नीरज मिश्रा**

कुमार फाउंडेशन टीम द्वारा संचालित शिक्षा से सुधार निशुल्क शिक्षा के नए केंद्र बेतिया भेडीयारी टोला एवम जगदंबापुर में कुमार फाउंडेशन टीम के संस्थापक ने न्यूट्रीमिक्स पौष्टिक आहार का वितरण किया,साथ ही बच्चों को शिक्षा के महत्व को समझते हुए क्लास भी लिया, संस्था अध्यक्ष आकाश कुमार का कहना हैं की दो रोटी कम खाइए लेकिन बच्चों को शिक्षित बनाइए ताकि भविष्य में वो सही और गलत के फर्क को समझ सके,लोगो में सहयोग की भावना होनी चाहिए आपसी प्रेम को बढ़ाने की आवश्यक्ता हैं प्रतिस्पर्धा कार्यों में होनी चाहिए ना की व्यक्तित्व में.समाज बेहतर तभी होगा जब सभी में सहयोग की भावना जागृत हो और यह तभी संभव है जब सभी शिक्षित हो.यह एक प्रयास है समाज को



बेहतर और सुदृढ़ बनाने के लिए.मौके पर अरविंद कुमार,पूजा कुमारी,संजय एवम तमाम बच्चे उपस्थित रहे.

## ज्ञानवती मामले में टिप्पणी करने वाले एबीवीपी के कुणाल पांडे को मिली प्रशासन की ओर से कड़ी सुरक्षा।

**भागलपुर समाज जागरण /राजीव पाण्डेय /निभाष मोदी।**

कुणाल पांडे ने कहा धमकी भरे पत्र भेजने वालों पर जल्द से जल्द कार्रवाई हो और मुझे प्रधानमंत्री राष्ट्रपति के पास जाना भी पड़ेगा तो मैं तैयार हूं जल्द कार्रवाई करने की मांग को लेकर पहुंचे एसएसपी कार्यालय

भागलपुर ।कुछ दिन पहले ज्ञानवादी मामले में टिप्पणी करने पर एबीवीपी के भागलपुर एवं बांका विभाग संयोजक कुणाल पांडे को जान से मारने की धमकी मिली थी ,धमकी भरे पत्र में साफ तौर पर लिखा था कि जिस तरह दर्जी कन्हैया लाल की मौत हुई है उसी तरह तुम्हें भी अल्लाह के पास भेज दिया जाएगा ।यह मामला भागलपुर में आग की तरह तूल पकड़ता जा रहा है ।बताते चलें कि यह पत्र बैजानी का रहने बाला कुणाल पांडे को उनके घर के पते पर भेजा गया था ।उसके बाद



वह सिटी एसपी स्वर्ण प्रभात से मिले थे तभी कुणाल पांडे को उनके घर पर दो गार्ड सरकारी तौर पर बहाल की गई थी फिर 14 जुलाई को दोनों गार्ड को हटाकर एक बॉडीगार्ड उनके साथ दे दिया गया । आज एबीवीपी के नेता कुणाल पांडे वरीय पुलिस अधीक्षक बाबूराम के कार्यालय पहुंचकर आवेदन सौंपने गए थे तभी मीडिया से बात करते हुए उन्होंने बताया कि यह बॉडीगार्ड कुछ दिनों के लिए है मेरे साथ, परंतु जब गार्ड हट जाएंगे तो मैं फिर से अकेला हो जाऊंगा । उन्होंने कहा मैं वरीय पुलिस अधीक्षक से अनुरोध करने आया हूं कि जो भी धमकी भरा पत्र मुझे भेजे हैं उसे जल्द से जल्द पकड़ा जाए और उन्हे सख्त से सख्त सजा दी जाए ।इसके लिए हमें प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति तक भी जाना होगा तो मैं जाने के लिए तैयार हूं।